किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 2 अंक: 76 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 30 दिसम्बर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

हिमाचल-उत्तराखंड में भारी बर्फबारी,

पंजाब-हरियाणा-दिल्ली में आज रात से ठिठुरन का सितम

नई दिल्ली. नए साल की दस्तक में अब केवल दो दिन का ही वक्त बचा है. हर कोई न्यू ईयर इव पर अपनी पार्टी प्लान करने में लगा होगा. कुछ लोग ऐसे भी होंगे जो पहाड़ों में जाकर न्यू ईयर पार्टी करना चाहते होंगे. इन तमाम लोगों के लिए मौसम विभाग का यह ताजा अपडेट जानना बेहद जरूरी है. मौसम विभाग ने यह दावा किया है कि आज रात से दिल्ली-एनसीआर सहित पूरे उत्तर भारत में शीत लहर शुरू होने वाली है. पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश के लोगों को ठिठुरन भरी सर्दी का सामना करना पड़ सकता है. हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के आंतरिक इलाकों में बर्फबारी का दौर शुरू हो चुका है.

IMD की तरफ से बताया गया कि हिमाचल, उत्तरखंड और जम्मू-कश्मीर के बेहद ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी जारी है. जिसके चलते मैदानी क्षेत्रों में ठंड बढ़ना तय है. 30 दिसंबर से वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के चलते उत्तर भारत में बारिश का दौर

भी शुरू होगा, जिससे ठंड बढ़ेगी. बताया गया कि बारिश के चलते लोगों को घने कोहरे से निजात भी मिलेगा. बीते एक सप्ताह से राजधानी दिल्ली स्थित पंजाब, हरियाणा, उत्तर-पदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश के क्षेत्रों में घने कोहरे के चलते लगातार सड़क हादसों की घटनाएं सामने आ रही हैं. बारिश के बाद इससे मुक्ति मिलेगी.

कितना घना रहेगा कोहरा?

मौसम विभाग की तरफ से कोल्ड डे अलर्ट के नाम से कई एक्स (पहले ट्विटर) पोस्ट डाले गए हैं. पंजाब के लिए कहा गया कि 29, 30 और 31 दिसंबर को कड़ाके की डंठ पड़ने वाली है. इस दौरान कोहरा अलग-अलग स्थानों पर 50 मीटर से 500 मीटर के बीच रहेगा. उत्तर प्रदेश सहित हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के लिए कहा गया कि यहां भी 29, 30 और 31 दिसंबर के लिए कोल्ड डे अलर्ट जारी किया जाता है.

कब मिलेगी ठंड से राहत?

मौसम विभाग का कहना है कि कम से कम 11 जनवरी तक उत्तर भारत के लोगों को ठंड से कोई राहत मिलने की संभावना नहीं है. तकनीकी टर्म में समझाते हुए क्टऊ की तरफ से बताया गया कि फिलहाल पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में 31 जनवरी से कोल्ड डे यानी बेहद सर्द भरे दिन रिपोर्ट किए जाएंगे लेकिन 5 जनवरी के बाद इन क्षेत्रों में शीतलहर चलेगी जो कम से कम 11 जनवरी तक जारी रहेगी.

पीएम मोदी आज करेंगे अयोध्या एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन का उद्घाटन

नई दिल्ली. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज अयोध्या का दौरा करेंगे. इस दौरान वो नवनिर्मित महर्षि वाल्मिकी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, अयोध्या धाम और रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करेंगे. 22 जनवरी को भगवान राम की

जन्मभूमिक राम मंदिर का उद्घाटन होना है, जिसे लेकर तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं. एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन की इंसाइड तस्वीरें सामने आ गई हैं. भगवान राम की जन्म भूमि से जुड़े इस पवित्र स्थल के लिए बने एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन को रामायण की थीम पर ही बनाया गया है. भगवान राम, लक्ष्मण, सीता माता, हनुमान व रामायण से जुड़े अन्य पात्र इन तस्वीरों में नजर आ रहे हैं

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि हवाई अड्डे का नाम महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, अयोध्या धाम रखा जाएगा. महर्षि वाल्मीकि ने रामायण की रचना की थी. उनके बहुत सारे अनुयायी हैं जिनमें विशेष रूप से दलित समुदाय के हैं.

राम मंदिर में होगी विशेष आरती,शामिल होना चाहते हैं तो ऑनलाइन कराएं बुकिंग

समाज जागरण
वाराणसी मंडल ब्यूरो

अयोध्या।भव्य राम मंदिर में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी।प्राण प्रतिष्ठा से पहले राम मंदिर में रामलला की विशेष आरती होगी।आरती के लिए बु-किंग शुरू हो गई है।राम जन्मभूमि मंदिर के पोर्टल से ऑनलाइन पास बन रहे हैं। ऑनलाइन आवेदन के बाद पास अयोध्या में काउंटर से मिलेंगे।आरती में शामिल होने के लिए हो रही बुकिंग के लिए पहचान पत्र के तौर पर आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र,ड्राइ-विंग लाइसेंस और पासपोर्ट में से कोई एक प्रूफ देना होगा।

आरती में अधिकतम शामिल हो सकेंगे 30 लोग

मिली जानकारी के अनुसार रामलला के प्राण प्रतिष्ठा से पहले भव्य राम मंदिर में दिन में तीन बार विशेष आरती होगी।पहली आरती सुबह 6.30 बजे, दूसरी आरती

दोपहर 12 बजे होगी और तीसरी आरती शाम 7.30 बजे होगी। सुबह श्रृंगार आरती, दोपहर में भोग आरती और शाम में संध्या आरती होगी। हर आरती में अधिकतम 30 लोग शामिल हो सकेंगे।

बता दें कि 22 जनवरी को होने वाले रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले रामनगरी अयोध्या की एक प्रमुख सड़क को सूरज की थीम वाले सूर्य स्तंभों से सजाया जा रहा है।तीस फीट ऊंचे प्रत्येक स्तंभ में एक सजावटी गोला है, जो रात में लाइट जलने पर सूर्य जैसा दिखता है।ऐसे 40 स्तंभ धर्म पथ मार्ग पर लगाए जाएंगे, जो नया घाट के पास लता मंगेशकर चौक को अयोध्या बाईपास से जोड़ता है।प्राण प्रतिष्ठा से पहले इन सूर्य स्तंभों को स्थापित किया जा रहा है। इनमें से लता मंगेशकर चौक के पास सड़क के दोनों ओर 10-10 स्तंभ लगाए जाएंगे। प्रत्येक स्तंभ पर एक विशेष फाइबर से बना सजावटी आवरण है, जिसमें जय श्री राम का नारा, भगवान हनुमान की गदा और अन्य सज-ावटी चीजें प्रदर्शित की गई हैं।

अमित शाह की उपस्थिति में केंद्र सरकार,असम सरकार और यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट आफ असाम के प्रतिनिधियों के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

असम में अब तक 8200, कैडर ने सरेंडर किया ,असम के लिए शांति के नए युग की शुरूआत : अमित शाह

रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण

नई दिल्ली,29 दिसम्बर : केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह की उपस्थिति में, भारत सरकार, असम सरकार और यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा) के प्रतिनिधियों के बीच आज नई दिल्ली में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के शांतिपूर्ण, समृद्ध और उग्रवाद-मुक्त पूर्वोत्तर और असम में स्थायी शांति और सर्वांगीण विकास के सपने को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के दौरान असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा और केन्द्रीय गृह मंत्रालय और असम सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री अमित शाह ने कहा कि आज असम के लिए एक सुनहरा दिन है जब लंबे समय से हिंसा का दंश झेल रहे नॉर्थईस्ट और असम में शांति स्थापित होने जा रही है। उन्होंने कहा कि 2014 में श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से दिल्ली और नॉर्थईस्ट के बीच की दूरी कम करने के प्रयास हुए और खुले मन से सबके साथ बातचीत की शुरूआत हुई। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में ही उग्रवाद, हिंसा और विवाद-मुक्त नॉर्थईस्ट की परिकल्पना लेकर गृह मंत्रालय ने काम किया। उन्होंने कहा कि पूरे नॉर्थईस्ट में पिछले 5 वर्षों में विभिन्न राज्यों के साथ शांति और सीमा संबंधित 9 समझौते हुए हैं, जिनके कारण आज नॉर्थईस्ट के बड़े हिस्से में शांति की स्थापना हुई है।केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आज तक 9000 से अधिक कैडर ने सरेंडर किया है और असम के 85 प्रतिशत हिस्से से अत्र्रढअ को हटा लिया गया है। उन्होंने कहा कि आज भारत सरकार, असम सरकार और उल्फा के बीच हो रहे त्रिपक्षीय समझौते से

पूरे असम के सभी हिंसक गुटों को समाप्त करने में मोदी सरकार को सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि आज हुआ समझौता असम और पूरे नॉर्थईस्ट में शाति के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आज के समझौते के तहत, उल्फा प्रतिनिधियों ने हिंसा का रास्ता छोड़ने, सभी हथियार डालने और अपने सशस्त्र संगठन को खत्म करने पर सहमति व्यक्त की है। इसके अलावा उल्फा अपने सशस्त्र कैडरों के कब्जे वाले सभी शिविरों को खाली करने, कानून द्वारा स्थापित शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होने और देश की अखंडता को बनाए रखने पर भी सहमत हुआ है।श्री अमित शाह ने कहा कि उल्फा संघर्ष में दोनों पक्षों के लगभग 10 हजार लोग मारे गए, जो इस देश के ही नागरिक थे, लेकिन आज इस समस्या का संपूर्ण समाधान हो रहा है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने एक बहुत बड़े पैकेज और असम के विकास के प्रोजेक्ट्स को भी सहमति दी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार समझौते की हर बात पर पूरी तरह अमल करेगी और इस पर खरी उतरेगी। श्री शाह ने कहा कि 2014 में मोदी सरकार आने के बाद असम में हिंसक घटनाओं में 87 प्रतिशत, मृत्यु में 90 प्रतिशत, अपहरण में 84 प्रतिशत और अकेले असम में अब तक 7500 कैडर ने सरेंडर किया है, जिसमें आज 750 और जुड़ जाएंगे। इस प्रकार अकेले असम में 8200 से अधिक कैडर द्वारा आत्मसमर्पण किया जाना असम के लिए शांति के नए युग का सूत्रपात है।केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने 2019 में एनएलएफटी, 2020 में ब्रू, बोड़ो, 2021 में कार्बी, 2022 में आदिवासी समझौता, असम-मेघालय सीमा समझौता, 2023 में असम-अरूणाचल सीमा समझौता और यूएनएलएफ और आज उल्फा के साथ समझौता किया है। उन्होंने कहा कि आज इस समझौते के साथ ही पूरे नॉर्थईस्ट और विशेषकर असम के लिए शांति के नए युग की शुरूआत होने जा रही है।श्री अमित शाह ने कहा कि भारत सरकार का गृह मंत्रालय उल्फा की मांगो को पूरा करने के लिए एक समयबद्ध कार्यक्रम बनाएगा और इसकी मॉनीटरिंग के लिए एक समिति भी बनाई जाएगी जो असम सरकार के साथ मिलकर समझौते को पूरा करने का प्रयास करेगी। श्री शाह ने कहा कि 2019 के बाद हुए सभी समझौतों में मोदी सरकार समय से आगे है और समड्डपूर्व सभी शर्तों को पूरा करने का प्रयास किया गया है। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के उग्रवाद-मुक्त नॉर्थईस्ट के ब्रॉडर विजन के बिना ये संभव नहीं था।

नए साल पर काशीधाम आने पहले जानें यह बात, नहीं तो होना पड़ेगा निराश

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

वाराणसी।नया साल 2024 को लेकर लोग खूबसूरत जगहों पर घूमने और पार्टी मनाने की तैयारी में जुटे हैं।ऐसे में अगर आप आध्यात्मिक नगरी काशी आने का प्लान बनाया है, तो यहां पहुंचने से पहले ये जरूरी बात जान लें नहीं तो, यहां पहुंचने के बाद आपको निराश होना पड़ सकता है।

नए साल 2024 पर 1 जनवरी को आध्यात्मिक नगरी काशी में पांच लाख से ज्यादा पर्यटकों के आने की संभावना है।पर्यटकों की सुविधा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए वाराणसी पुलिस ने कई कदम उठाए हैं।गंगा में नाव चलाने वाले नाविकों के साथ भी महत्वपूर्ण बैठक की गई। इसमें नाव संचालन को लेकर के एडवा-इजरी जारी की गई है।

जल पुलिस द्वारा जारी की गई एडवाइजरी के मुताबिक 31 दिसंबर और 1 जनवरी को शाम 7 बजे के बाद नौका संचालन किसी भी प्रकार से नहीं किया जाएगा।वहीं शाम 5 बजे के बाद गंगा के उस पार नाविक किसी भी पर्यटक को लेकर नहीं जाएंगे, बल्कि जितने भी पर्यटक गंगा उस पार रेती पर होंगे, उन्हें नाविक शाम 5 बजे तक वापस लेकर आ जाएंगे।यात्रियों की सुरक्षा के लिहाज से बिना लाइफ जैकेट पहने कोई भी नौका नहीं संचालित होगी।इसके साथ ही शराब पीकर नाव चलाने वालों पर भी प्रतिबंध लगाया जाएगा।

नाविक अध्यक्ष प्रमोद मांझी ने बताया कि पिछले 2

सालों से नव वर्ष के पहले दिन वाराणसी में खासा भीड़ देखी जाती है। इस बार 1 जनवरी को सोमवार है इस कारण पर्यटकों के भीड़ में खासा इजाफा होने की संभावना है।एक अनुमान के अनुसार 1 जनवरी को 5 लाख से अधिक पर्यटक काशी में बाबा के दरबार में हाजिरी लगाएंगे।लोग गंगा घाटों पर भी सैर करेंगे।इसी लिहाज से सुरक्षा के इंतजाम किये जा रहे हैं।

जिलाधिकारी ने बैठक की समीक्षा करते हुये शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश।

डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शिक्षा विभाग की योजनाओं के अनुश्रवण के लिए गठित जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी।

बैठक में बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार ने पॉवर प्रजेंटेशन के माध्यम से शिक्षा विभाग के वर्तमान तक के कार्यो की प्रगति से जिलाधिकारी को अवगत कराया। जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग के कार्यो की समीक्षा करते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनके द्वारा प्राधिकरण, नगर पालिका, नगर पंचायत व अन्य सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए जनपद के समस्त विद्यालयों के कायाकल्प कार्यो में तेजी लाते हुये सभी कार्य पूर्ण गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण कराने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों के द्वारा जिन विद्यालयों में कायाकल्प का कार्य चल रहा

है निरंतर उनकी मॉनिटरिंग की जाए ताकि गुणवत्ता परक रूप से कार्य पूर्ण करायें जा सके। उन्होंने जिला टास्क फोर्स के द्वारा विद्यालयों में किये गये निरीक्षण की स्थिति की समीक्षा करते हुये संबन्धित अधिकारी को निर्देश दिये कि ससमय लक्ष्य के सापेक्ष निरीक्षण शत प्रतिशत पूर्ण कराने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

डीएम ने समीक्षा करते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शत प्रतिशत छात्र-छात्राओं का आधार वेरीफाई कराए जाने का कार्य पूर्ण कराए जाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को डीबीटी के माध्यम से यूनिफॉर्म, जूता व मोजा खरीदने के लिए जो धन राशि हस्तांतरित की जाती है अध्यापक गण निरंतर मॉनिटरिंग करें कि उनके द्वारा यूनिफॉर्म, जूता, मोजा खरीदा गया है या नहीं। जिलाधिकारी इस अवसर पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये कि उनके जनपद की शिक्षा प्रणाली में गुणवत्ता लाने एवं शिक्षा से सम्बन्धित योजनाओं का शत-प्रतिशत पात्र छात्र-छात्राओं तक पहुंचाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें, ताकि जनपद शिक्षा क्षेत्र में प्रदेश की रैकिंग में अग्रणी स्थान बना सकें। जिलाधिकारी शिक्षा विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि उनके द्वारा प्राथमिक विद्यालयों में निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जाए की प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को जो मिड डे मील उपलब्ध कराया जा रहा है, उसकी गुणवत्ता मानकों के अनुरूप बनी रहे एवं विद्यालयों में सभी मूलभूत सुविधाएं भी पढ़ने वाले छात्र छात्रों को मानकों के अनुरूप प्राप्त हो। जिलाधिकारी शिक्षा विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये कि उनके द्वारा विद्यालयों में निरन्तर मॉनेटिरिंग कर छात्र-छात्राओं की उपस्थित शत प्रतिशत सुनिश्चित करायी जायें और जो बच्चें नियमित रूप से स्कूल नही आ रहे अध्यापकगण स्कूल के बाद उनके घर जाकर जानकारी प्राप्त करें की बच्चा स्कूल क्यो नही आ रहा है। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, डायट प्राचार्य राज सिंह यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार, यमुना/नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी गण तथा शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी एवं शिक्षकों के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

गणतंत्र दिवस परेड में दिल्ली की झांकी रद्द होने से 'आप' नाराज, मंत्री सौरभ ने केंद्र पर लगाए आरोप

पंजाब सरकार के बाद अब दिल्ली स-रकार ने भी गणतंत्र दिवस परेड को लेकर केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं. दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भा-रद्वाज ने आरोप लगाया कि गणतंत्र दिवस परेड में दिल्ली की झांकी को स्थान नहीं दिया गया है. देश की राजधानी की झांकी को रद्द करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है.

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि पिछले तीन वर्षों से रिजॉल्व 75, नारी शक्ति, विकसित भारत जैसे विषयों पर झांकी देने के बाद भी उन्हें लगातार रिजेक्ट किया गया. बताया, 2022 में दिल्ली की झांकी की थीम ह्यरिजॉल्व 75ह्ल थी, 2023 में थीम ह्यनारी शक्तिह्ल थी, 2024 में थीम ह्यविकसित भारतह्ल रखी गई.

मंत्री सौरभ भारद्वाज का केंद्र सरकार पर आरोप है कि गणतंत्र दिवस परेड में झांकी शामिल करने के लिए बैठकें भी हुईं, लेकिन इसके बाद देश की राजधानी के विकास और व्यवस्था को दशार्ने वाली झ-ांकी को परेड में शामिल नहीं किया गया. आरोप लगाया कि केंद्र सरकार आप स-रकार से बदला लेने नीयत से काम कर रही है.

पंजाब सरकार ने भी लगाए थे आरोप

बता दें कि बीते बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पंजाब के सीएम भगवंत मान ने भी केंद्र सरकार पर आरोप लगाए थे. कहा था मोदी सरकार ने पंजाब के नागरिकों के साथ अन्याय किया है. 2024 की गणतंत्र दिवस परेड में पंजाब की झांकी को शामिल करने से केंद्र सरकार ने इनकार कर दिया है. सीएम मान ने यहां तक कहा था कि 2023 में भी पंजाब के साथ ऐसा ही किया गया था.

आवश्यकता है

राष्ट्रीय संस्करण समाचार पत्र दैनिक समाज जागरण अपना विस्तार करने जा रहा है, जिसमें महिला/पुरुष पत्रकारों की आवश्यकता है।

हास-परिहास : सप्ताह की प्रमुख खबरों पर व्यंग्यकार की चुटकी

दैनिक समाज जागरण

हुगली जिले की एक सभा में टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा एक बार फिर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री करते हुए उनका मजाक उड़ाया गया। बनर्जी ने यह भी कहा कि यह उनका मौलिक अधिकार है और जरूरी हुआ तो वे इसे हजार बार करेंगे।

राजनीति में यह पतन, चिंता की है बात।
गठबंधन पर लग रहे, रोज नए आघात॥

द्रमुक सांसद दयानिधि मारन का एक पुराना वीडियो वायरल हुआ जिसमें वे कह रहे हैं कि यूपी-बिहार में जिन लोगों ने 'केवल हिंदी' सीखी है वे तमिल सीखने के बाद तमिलनाडू में मकान बनाते हैं और सड़क तथा शौचालय साफ करते हैं। उनके अनुसार अगर हिंदी सीखी जाए तो यही स्थिति होगी।

हिंदी, हिंदू सब बुरे, करे द्रमुक उद्घोष।
गठबंधन हित सोचिए, उचित नहीं यह रोष॥

'भारत जोड़ो' यात्रा की 'सफलता' के बाद अब 14 जनवरी से राहुल गांधी मणिपुर से मुंबई तक 67 दिन तक 'न्याय-यात्रा' निकालेंगे। इस बार यात्रा बस द्वारा होगी और 14 राज्यों के 85 जिलों से गुजरेगी।

खुद राहुल को चाहिए, मतदाता से न्याय।
पद पाने पीएम का, यह भी एक उपाय॥

ममता बनर्जी ने इंडी गठबंधन को दिया झटका। पश्चिम बंगाल में आगामी लोस चुनाव में सभी सीटों पर टीएमसी के उम्मीदवार उतारने का ऐलान किया।

गठबंधन कब तक सहे, घटक दलों के वार।
दुल्हन केवल एक है, दूल्हे पूरे चार॥

अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रहे प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण किसी को मिला, किसी को नहीं मिला। जिनको मिला उनमें से कुछ ऊहापोह में कि जाएँ या न जाएँ, तो कुछ ने खुद ठुकराया।

जो कहते थे 'काल्पनिक', रामचंद्र का राज।
जाएँ या जाएँ नहीं, दुविधा में वे आज॥

ओम वर्मा

कुश्ती को बहुत नुकसान पहुंचाया कुश्ती संघ के विवाद ने

दैनिक समाज जागरण

पिछले लगभग एक साल के भारतीय कुश्ती संघ के विवाद ने कुश्ती को बहुत नुकसान पहुंचाया।यह नुकसान दीख नही रहा किंतु इसकी भारपायी के लिए बड़ा प्रयास करना होगा।खेल मंत्रालय ने नवनिर्वाचित भारतीय कुश्ती संघ को निलंबित कर इस खेल को बचाने के लिए बड़ा संदेश दिया है। खेल मंत्रालय ने भारतीय ओलंपिक एसोसिएशन (आईओए) से फेडरेशन का कामकाज चलाने के लिए एक तदर्थ समिति बनाने को कहा है।खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती संघ का संचालन राष्ट्रीय खेल विकास संहिता में दिए राष्ट्रीय खेल फडरेशन के कामकाज की तरह करना सुनिश्चित करने को कहा गया है।यह व्यवस्था अगले आदेश तक जारी रहेगी।

भारतीय कुश्ती संघ के बीते गुरुवार को चुनाव कराए गए थे। इसमें संघ के पूर्व प्रमुख और बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह अध्यक्ष चुने गए थे।चुने जाते ही संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय सिंह के अंडर-15 और अंडर-18 का ट्रायल गोण्डा के नंदिनी नगर में आयोजित कराने की घोषणा की थी। यह क्षेत्र सांसद बृजभूषण शरण सिंह का गृह जनपद है। वर्तमान में सांसद बृजभूषण शरण सिंह के बेटे यहां से विधायक हैं।सरकार ने इस ट्रायल को ही रद्द कर दिया है। इस चुनाव का अंतरराष्ट्रीय पहलवान विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया ने विरोध किया था। बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पहलवानों की इस लड़ाई में ये तीनों पहलवान प्रमुख रूप से शामिल थे. कुछ महिला पहलवानों ने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन शोषण के आरोप लगाए थे।संजय सिंह के चुनाव के बाद ओलंपिक पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक ने कुश्ती से संन्यास लेने की घोषणा की थी। वहीं बजरंग पूनिया ने अपना 'पद्मश्री' लौटा दिया था।हरियाणा के पैरा एथलीट वीरेंद्र सिंह ने पद्म श्री लौटाने का एलान किया था।

दरअस्ल इस चुनाव को रद्द करने का कारण सरकार का सांसद बृजभूषण शरण सिंह को झटका देना था । इनके बेटे और नजदीकियों ने अंडर-15 और अंडर-18 का ट्रायल गोण्डा के नंदिनी नगर में आयोजित कराने की घोषणा के बाद क्षेत्र में बड़े हार्डिंग लगवाए थे कि दबदबा तो है, दबदबा रहेगा...ये भगवान की देन है। ये वही पोस्टर हैं जिनका प्रदर्शन सांसद के विधायक बेटे प्रतीक भूषण शरण सिंह ने भी खुलेआम किया था। चुनाव के रद्द होने के बाद गाड़ियों से भी 'दबदबा' वाले स्टीकर और चौराहों पर लगे हार्डिंग भी हटा दिए गए।चुनाव के बाद नए अध्यक्ष की अंडर-15 और अंडर-18 का ट्रायल गोण्डा के नंदिनी नगर में आयोजित कराने की घोषणा और ये पोस्टर सांसद बृजभूषण शरण सिंह और उनके नजदीकियों के इरादे बताने के लिए काफी था। वरन स्टेडियम तो पूरे देश में बने हैं। कहीं और भी ट्रायल हो सकते थे। ये ट्रायल गोण्डा के नंदिनी नगर में ट्रायल कर विरोध करने वाले पहलवानों को अपना प्रभाव और दबदबा बताना चाहते थे।इससे बडी बात क्या होगी कि इन ट्रायल की तारीख तै करते समय एसोसिएशन के सचिव की सहमति भी नहीं ली गई । न उन्हें ट्रायल की तारीख तै होने की जानकारी है। जबकि एसोससिएशन के संविधान के अनुसार ये होना चाहिए था। एसासिएशन के नवनिर्वाचित प्रधान सचिव प्रेम चंद लोचब ने इस निर्णय पर आपत्ति जताते हुए भारतीय ओलिंपिक संघ को पत्र लिख कर बताया था कि सचिव की जानकारी के बिना ये निर्णय लिए गए हैं जबकि कुश्ती संघ का संविधान कहता है कि सचिव की अनुपस्थिति में न तो निर्णय लिए जा सकते हैं और न ही कोई और अधिकारी इन निर्णयों की जानकारी प्रसारित कर सकता है।

छह माह से ज्यादा पहले पहलवानों के विरोध के बाद भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को कुश्ती संघ के अध्यक्ष के पद से हटा दिया था। नवनिर्वाचित भारतीय कुश्ती संघ के निलंबन के बाद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा था कि अब उनका कुश्ती से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि कुश्ती को लेकर क्या करना है, इसका फैसला नए चुए गए पदाधिकारियों को करना है। उन्होंने कहा कि उनके पास कई और भी काम हैं। उन्होंने कहा कि वो इस खेल की राजनीति से दूर रहेंगे।ये घोषणा उन्होंने भाजपा के अध्यक्ष जेपी नडडा से मिलने के बाद की। लगता है कि पार्टी अध्यक्ष जेपी नडडा ने उन्हें समझा दिया कि टिकट बचाना है तो कुश्ती से दूर रहें। हालाकि उन्होंने कह दिया कि कुश्ती से उनका कोई लेना झ देना नही है जबकि सच्चाई यह है पद से हटने के छह माह बाद भी कुश्ती संघ का कार्यालय उनके घर पर चल रहा है।

कुश्ती संघ को निलंबित किए जाने के बाद आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले अनुभवी पहलवान बजरंग पूनिया ने कहा, "यह सही निर्णय लिया गया है। जो हमारी बहन-बेटियों के साथ अत्याचार हो रहा है उसके खिलाफ संबंधित लोगों को पूरी तरह से हटाया जाना चाहिए। हमारे ऊपर कई इल्जाम लगाए गए। राजनीति की गई। जब हम पदक जीतते हैं तो देश के होते हैं। हम खिलाड़ी कभी भी जात-पात नहीं देखते। एक साथ एक थाली में खाते हैं। हम अपने तिरंगे के लिए खून-पसीना बहाते हैं।वहीं इस पर ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक ने कहा है कि यह उनका (बृजभूषण सिंह) राजनीतिक एजेंडा है, उस पर उन्हें कुछ नहीं कहना है।साक्षी ने कहा कि उनकी 'लड़ाई सरकार से नहीं बल्कि एक व्यक्ति से है.'। कुश्ती खिलाड़ी विनेश फोगाट ने एक निजी चैनल से बात करते हुए कहा, "ये अच्छी खबर है. हम चाहेंगे कि इस पद पर कोई महिला आनी चाहिए ताकि ये संदेश जाए कि महिलाएं आगे बढ़ें. जो भी हो कोई अच्छा आदमी आना चाहिए."।

पिछले एक साल से चले आ रहे कुश्ती संघ के विवाद ने कुश्ती का बहुत नुकसान पहुंचाया है। कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह पर महिला पहलवानों के आरोप लगने के बाद से ही सरकार को उन्हें हटा देना चाहिए था, किंतु ऐसा नही हुआ। इसका परिणाम यह है कि आज अभिभावक खेल में अपनी बेटी का भेजते कई बार सोचेंगे।वे पहले ही अपनी बेटी की सुरक्षा और सम्मान को लेकर चिंतित रहते हैं, इस प्रकरण ने उनकी चिंता और बढ़ायी है। अब वे बेटी को खेल विशेषकर कुश्ती में भेजते कई बार सोंचेंगे।सरकार ने नए चुनाव का भले ही रद्द कर दिया हो किंतु लंबे समय से कुश्ती संघ में दबदबा कायम रखे बृजभूषण सिंह और उनके नजदीकी चुप नही बैठने वालें नही हैं।वे सरकार के इस निर्णय के विरूद्ध कोर्ट जांएगे।इनका प्रयास होगा कि कुश्ती संघ उनके हाथ से न जा पाए।

सरकार ने नए चुनाव को रद्द करके यह संदेश देने का प्रयास किया है कि निश्चित रूप से कुश्ती संघ को नियमों का पालन करना होगा और किसी तरह की कोई कोताही बरतने से परहेज रखना होगा।खेल संघ से राजनैतिक लोगों को दूर रखने के लिए सरकार को काम करना चाहिए।खिलाड़ी भी यदि राजनीति में आ जाए तो उसे भी खेल संघ से बाहर ही रखा जाना चाहिए। सुपरिम कार्ट भी खेल संघों में राजनैतिक दख्ल को लेकर चिंता जता चुका है। किंतु हुआ कुछ नही।खेल संघे में खिलाडी होने चाहिए।वे खेल और खिलाड़ी को ज्यादा समझते हैं। राजनेता नहीं।मंत्रालय को बेपटरी हुए कुश्ती संघ को पटरी पर लाने उसमें खिलाडियों और पहलवानों का विश्वास जमाने को बहुत कुछ करना होगा। संघ में खिलाड़ी लाने होंगे। अच्छा रहे कि कुश्ती सघ की गरिमा बचाने और बेटी की सुरक्षा की चिंता करते परिवारजनों को आश्वास्त करने के लिए कुश्ती संघ का अध्यक्ष किसी महिला खिलाड़ी को बनाए।



अशोक मधुप
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

गीत

लंबा रास्ता दूर बहुत है माझी नाव चला चल रे।
जाना है उस पार हमें साझी नाव चला चल रे।।

जीवन पथ की नैया को भी पार करा देना एक दिन।
धार समय की बह जाएं उद्धार करा देना एक दिन।।
बढ़ जाऊं उस ओर डगर साथी नाव चला चल रे।
जाना है उस पार हमें माझी नाव चला चल रे।१।

ऊंची ऊंची लहरें अक्सर सबको बहुत डराती हैं।
बहे समीर उल्टी जब देखो मनवा अधिक सतातीं हैं।।
संबल की पतवार पकड़ तू आती नाव चला चल रे।
जाना है उस पार हमें माझी नाव चला चल रे।२।

नहीं कभी तू हिम्मत हारे दरिया पानी बढ़ता जा रे।
टूटे गर यदि पाल कहीं जब जोड़ उसे झट चढ़ता जा रे।।
गहरा पानी कितना भी हो बाकी नाव चला चल रे।
जाना है उस पार हमें माझी नाव चला चल रे।३।

धुंध घनेरी छाई भले हो आशा दीप जलाए चल।
बनवारी पर धरो भरोसा थोड़ा आगे और निकल।।
पार भंवर से खुद को करना जाती
नाव चला चल रे।
जाना है उस पार हमें माझी नाव चला चल रे।४।

राजेश श्रीवास्तव राज गाजियाबाद

मेरे भारत की तस्वीर बदल जाने दे

नफरत की आग को
प्रीत में बदल जाने दे
समर्पण का जो रंग
स्याह सा पर गया है
ठहर जरा उसे
पूर्णता में आने दे
मेरे भारत की
तस्वीर बदल जाने दे।

फिर से लौट आये
मानव का विस्वास,
फिर से संचारित हो
जीवन की हर आस,
खिलने से पहले ही जो
मुरझा गई हैं शाखों पर,
उन कलियों को जरा,
फिर से मुस्कुराने दे
मेरे भारत की
तस्वीर बदल जाने दे।

ना लांक्षणो का दौर हो
ना भ्रष्टाचार का शोर हो,
ना धन अर्जन की होड़ में
छीना हुआ कोई कौर हो,
धम सी गई है जो
हर धड़कन में उसे
मानवता का गीत
गुनगुनाने दे
मेरे भारत की
तस्वीर बदल जाने दे।

बिंदू अग्रवाल गलगलिया
किशनगंज बिहार

स्त्री शक्ति के महत्त्व से ही राष्ट्र निर्माण में चौतरफा विकास।

नारी शक्ति को अब महत्व देने का अनुकूल समय

दैनिक समाज जागरण

भारतीय संस्कृति और इतिहास में स्त्रियों को सदैव उच्च स्थान प्रदान किया गया है' यह भी मान्यता मानी गई है कि जिस घर में स्त्री का सम्मान होता है, वह घर धन-धान्य से परिपूर्ण हो कर समाज में विशिष्ट स्थान बनाता है' यही कारण है कि भारत देश को भारत माता कहा जाता है' नारी तथा समस्त स्त्री जाति ने भारत देश का मान सदैव शीर्षस्थ बना कर रखा है ऐसे अनगिनत उदाहरण इतिहास में और वर्तमान में हमारे समक्ष हैं जिससे हमारा सिर सदैव वैश्विक स्तर पर ऊंचा हुआ है।

महान शासक नेपोलियन बोनापार्ट ने नारी की महत्ता को बताते हुए कहा था कि 'मुझे एक योग्य माता दे दो, मैं तुम्हें एक योग्य राष्ट्र दूंगा'। मानव कल्याण की भावना, कर्तव्य, सृजनशीलता और ममता को सर्वोपरि मानते हुए महिलाओं ने इस जगत में मां के रूप में अपनी सर्वोपरि भूमिका को निभाते हुए राष्ट्र निर्माण और विकास में अपने विशेष दायित्वों का निर्वहन किया है। किसी भी राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं का महत्व इसलिए भी सर्वोपरि है कि महिलाएं बच्चों को जन्म देकर उनका पालन पोषण करते हुए उनमें संस्कार एवं सद्गुणों का उच्चतम विकास करती हैं,और राष्ट्र के प्रति उनकी जिम्मेदारी को सुनिश्चित करती है। जिससे राष्ट्र निर्माण और विकास निर्बाध गति से होता रहे। वीर भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, विवेकानंद जैसी विभूतियों का देश हित में अवतार माँ के लालन-पालन की ही देन है। जीजाबाई,जयंताबाई, पन्ना धाय जैसी अनेक माताओं को त्याग समर्पण और त्याग को भी इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों से अंकित किया गया है। माताएं ही हैं जो बहुआयामी व्यक्तित्व का निर्माण और विकास करती है। मूलतः माताएं, स्त्रियां की राष्ट्र निर्माण की सशक्त सूत्रधार होती है। राष्ट्र निर्माण के संदर्भ में नारी विधाता की सर्वोत्तम और उत्कृष्ट कृति है। जो जीवन की बगिया को महकाती है और न केवल व्यक्तिगत बल्कि राष्ट्र निर्माण एवं विकास में अपनी महती भूमिका निभाती है। नारी के लिए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि उनमें विविधता में एकता होती है। महिलाओं के बाह्य रूप और सौंदर्य तथा पहनावे में विस्तृत विविधता तो होती ही है, लेकिन उनके मानस में एक आकार और केंद्रीय शक्ति ईश्वर की तरह एक ही होती है। नारी का स्वरूप न केवल बाहर अपितु अंतर्मन के ममत्व भाव का वृहद स्वरूप का भी रहस्योद्घाटन करती हैं, नारी प्रकृति एवं ईश्वरिय जगत का अद्भुत पवित्र साध्य है, जिसे अनुभव करने के लिए पवित्र साधन एवं दृष्टि का होना आवश्यक है, नारी का स्वरूप विराट होता है जिसके समक्ष स्वयं विधाता भी नतमस्तक हो जाते हैं, नारी अमृत वरदान होने के साथ-साथ दिव्य औषधि भी है। समाज के सांस्कृतिक धार्मिक भौगोलिक ऐतिहासिक और साहित्यिक जगत में नारी यानी स्त्री का दिव्य स्वरूप प्रस्फुटित हुआ है और जिसके फलस्वरूप राष्ट्र ने नई नई ऊंचाइयों को भी शिरोधार्य किया है। सभ्यता, संस्कृति ,संस्कार और परंपराएं महिलाओं के कारण ही एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तांतरित होती हैं ।अतः महिलाओं की सामाजिक, शैक्षिक, धार्मिक कार्य शक्ति ही परिवार तथा समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाते हैं। नारियों के संदर्भ में यह भी कहा गया है कि सशक्त महिला सशक्त समाज की आधारशिला होती है। माताएं शिशु की प्रथम शिक्षिका होती है। माता के बाद बहन,पत्नी का अवतार राष्ट्र निर्माण और विकास के साथ-साथ पथ प्रदर्शक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, पत्नी चाहे तो पति को गुणवान और सद्गुणी बना सकती है। इतिहास गवाह है कि जब भी कभी देश में संकट आया है तो पत्नियों ने अपने पतियों के माथे पर तिलक लगाकर जोश, जुनून और विश्वास के साथ रणभूमि भेजा है और विजयश्री प्राप्त की है। तुलसीदास जी के जीवन में आध्यात्मिक चेतना प्रदान करने के लिए उनकी पत्नी रत्नावली का ही हाथ था।- विद्योत्मा ने कालिदास को संस्कृत का प्र-कांड महाकवि बनाया था, इसके अतिरिक्त यह कहना भी गलत नहीं होगा कि पति को भ्रष्टाचार, बेईमानी, लूट,गबन आदि जो कि राष्ट्र को खोखला बनाते हैं जैसी बुराइयों से पत्नी ही दूर रख सकती है और उन्हें इन विसंगतियों से अपनी सलाह के अनुसार बचाती है। सही मायनों में महिलाएं ही संस्कृति, संस्कार और परंपराओं की संरक्षि-ाका होती है। वे पीढ़ी दर पीढ़ी इसका संचालन आरक्षण करती आ रही है। पूरे विश्व में भारत को विश्व गुरु का दर्जा दिलाने में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण एवं महती रही है। स्वतंत्रता के आंदोलन की चर्चा ना करना इस आलेख को पूर्ण बनाता है, अतः स्वाधीनता के आंदोलन में महिलाओं ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर भारत के नवनिर्माण में अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया है, कैप्टन लक्ष्मी सहगल, अरूणा आसफ अली, मैडम भीकाजी कामा,सरोजिनी नायडू, एनी बेसेंट, दुर्गा भाभी और न जाने कितनी महिलाओं ने राष्ट्र निर्माण और विकास में अपना अमूल्य योगदान दिया है। राजनीति के क्षेत्र में महिलाओं का योगदान भी अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है, विजयलक्ष्मी पंडित विश्व की प्रथम महिला जो संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष बनी, सरोजनी नायडू, सुचेता कृपलानी, इंदिरा गांधी जैसे महिलाओं ने राजनीतिक प्रतिभा का प्रयोग राष्ट्र निर्माण और विकास में किया है जो अपने समय के महत्वपूर्ण सशक्त हस्ताक्षर थी। वर्तमान में भी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, ममता बनर्जी, मायावती, स्मृति ईरानी, सोनिया गांधी,प्रियंका गांधी, हरसिमरन, कौर वसुंधरा राजे सिंधिया, प्रतिभा पाटिल, मृदुला सिन्हा आदि ने राजनीति मैं अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर अपने कार्यों से महिलाओं का सम्मान बढ़ाया एवं देश की अर्थव्यवस्था सुधारने में अपना योगदान दिया है। यह कहने में कतई गुरेज नहीं है कि महिलाएं राजनीति, सामाजिक, आर्थिक, प्रशासनिक, चिकित्सकीय, और विज्ञान में देश के हित के लिए अग्रणी रही हैं। सशक्त राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं की सशक्त भूमिका को नमन करते हुए कृतज्ञ राष्ट्र उन्हें साधुवाद प्रदान कर उनकी इस भूमिका को प्रणाम करता है।

संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक,
लेखक रायपुर छत्तीसगढ़

खुशियाँ मिली जो उन्हें बाँट आयें

खुशियाँ मिली जो उन्हें बाँट आयें,
खुद जियें सबको जीना सिखायें।
सबके लिए सुख साधन जुटायें,
सम्पन्न और भाग्यशाली बनायें,
खुशियाँ मिली जो उन्हें बाँट आयें।

भोजन मिले तो भूख भी जगायें,
बिस्तर मिले तो नींद भी बुलायें,
सम्पन्न और भाग्यशाली बनायें,
खुशियाँ मिली जो उन्हें बाँट आयें।

धन जो मिले तो धर्म भी निभायें,
विशिष्टता के साथ शिष्टता दिखायें,
जियें और जीने का सलीका सिखायें,
खुशियाँ मिली जो उन्हें बाँट आयें।

खुशियाँ हैं इतनी जीवन में सबके,
समेटा है इनको तन मन से सबने,
खेतों में बोयें खुशियों की फसलें,
खुशियाँ मिली जो उन्हें बाँट आयें।

चलो आज मिलकर नाचें व गायें,
जीवन की खूबसूरत कहानी हमारी,
सब मिलकर प्यार का गीत गायें
खुशियाँ मिली जो उन्हें बाँट आयें।

दीपक जलायें दिवाली मनायें,
सबके दिलों से अंधेरा भगायें,
धरा से गगन तक सब कुछ सजायें
खुशियाँ मिली जो उन्हें बाँट आयें।

सबके जेहन से शंका मिटायें,
बड़ी सोच देकर सबको रिझायें,
सुनना समझना सबको सिखायें,
खुशियाँ मिली जो उन्हें बाँट आयें।

सहना संभलना धीरज सिखायें
सबके दिलों में रहना सीख जायें,
आदित्य दिलों में रहना सिखायें,
खुशियाँ मिली जो उन्हें बाँट आयें।
खुशियाँ मिली जो उन्हें बाँट आयें॥

कर्नल आदि शंकर मिश्र आदित्य
लखनऊ

हमें फकीरी का भी बोझा ढोने दो।।

अपने खून को कई रगों में बहनें दो,
कई जिस्मो में उसे जिन्दा रहने दो।

खुदा-खुदा करके जीती है दुनिया ,
मासूमियत को जिंदगी में सांस लेने दो।

रक्त,देह,नेत्र दान तो महान दान है,
अगले पल खुद को जिन्दा रहने दो।

दिलों में भोलापन जिंदा रहने दो,
रिश्तों को कुछ खुशनुमा रहने दो।।

कभी मुफलिसी में भी सांस लेकर देखिए ,
अंदाज अलग है जिंदगी का फना रहने दो ।।

संघर्ष से सदैव तपते इरादे और हौसले,
खुद को विपरीत लहरों में नैय्या खेने दो।।

आजमा कर देखो इन हवाओं फिजाओं को,
बेहतरीन नुस्खा खुशबुओं को बना रहने दो।

यह रिवाज ही है ऊँचा उठने का,
जरा अम्बर को और ऊंचा रहने दो।।

झुक जाना संस्कारों की इबादत है,
हमें फकीरी का भी बोझा ढोने दो।।

परवाह न करो गर इरादे साफ है,
सूफियाना जिंदगी का मजा लेने दो।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

इंडियन ऑयल का लाईसेंस देने के नाम पर ठगी करने वालों से 4 लाख 47 हजार रूपया कराया गया रिकवर

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज

वादी ललित कुमार, ग्राम रहमतपुर, थाना टेढ़ागाछ के द्वारा एक आवेदन टेढागाछ थाना में दिया गया, जिसमें उल्लेख किया गया है कि वादी को इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड का लाईसेंस देने के नाम मोबाईल नं.-9775412438 से प्रवीण कुमार नामक व्यक्ति द्वारा अपने आप को सीआरएम, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, लिमिटेड एवं राजेश मलहोत्रा मोबाईल नं.-9635362842, एग्रीमेंट ऑफिसर बताकर इनसे कागजात एवं रुपए की मांग की गयी। तत्पश्चात उक्त व्यक्ति द्वारा समय-समय रुपए मांगा जाने लगा और इस प्रकार वादी द्वारा करीब 22 दिनों के अंदर करीब 13 लाख 37 हजार रूपया ले लिया गया। परन्तु वादी को लाईसेंस नहीं दिया गया और स्थल का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात वादी द्वारा उक्त व्यक्तियों को फोन किया गया, परन्तु उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया। इनके द्वारा उक्त कंपनी के किसी कर्मी द्वारा रुपए की ठगी कर लिये जाने का आरोप लगाते हुए अपने रुपए की वापसी करने एवं अभियुक्तों के विरूद्ध कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया। उक्त आवेदन के अधार पर किशनगंज पुलिस द्वारा टेढ़ागाछ थाना कांड सं.-38/23 दर्ज किया गया। अनुसंधान के क्रम में पता चला कि उक्त रुपए की ठगी नवादा / नालंदा के लोगों द्वारा किया गया है। तत्पश्चात ठगी करने वालों से वादी के खाते में 4 लाख 47 हजार रुपए रिकवर कराया गया हैं। शेष रुपए रिकवर कराने एवं ठगी करने वाले के विरूद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही हैं। कांड अनुसंधान जारी है।

पीडीएस डीलर मिथिलेश पासवान के खिलाफ हो गया मामला दर्ज, अब पुलिस भेज सकती है जेल

रंजीत ठाकुर,दैनिक समाज जागरण संवाददाता

अररिया। जिले के भरगामा प्रखंड के खजूरी पंचायत के वार्ड एक निवासी जन वितरण प्रणाली विक्रेता मिथिलेश कुमार पासवान पर सरकारी खाद्यान्न की कालाबाजारी किये जाने को लेकर फारबिसगंज एसडीएम के ज्ञापांक 582 के तहत भरगामा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। दर्ज प्राथमिकी में फारबिसगंज एसडीएम के ज्ञापांक 582 के तहत आरोप लगाया गया है,कि खजूरी पंचायत के वार्ड एक निवासी जन वितरण प्रणाली विक्रेता मिथिलेश कुमार पास-वान के राशन दुकान की स्थलीय जांच की गई। जांचोपरांत विक्रेता के ई-पोस मशीन में दर्ज अवशेष खाद्यान्न गेहूं 1473 किलोग्राम एवं चावल 16703 पाया गया। जबकि विक्रेता के भंडार में शुन्य किलोग्राम गेहूं और शुन्य किलोग्राम चावल पाया गया। जिससे ऐसा प्रतित होता है,कि

विक्रेता मिथिलेश कुमार पासवान के द्वारा 1473 किलोग्राम गेहूं एवं 16703 किलोग्राम चावल की कालाबाजारी कर दी गई है। जो बिहार लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली आदेश 2016 का उल्लंघन है। उक्त 1473 किलोग्राम गेहूं एवं 16703 किलोग्राम चावल सरकारी अनुदानित मुल्य के खाद्यान्न की कालाबाजारी किये जाने के आरोप में जन वितरण प्रणाली विक्रेता मिथिलेश कुमार पासवान के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 7 एवं अन्य सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत भरगामा थाना में कांड संख्या 354/23 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। अब ये तो समय हीं बताएगा कि इन डीलरों पर इतनी बड़ी कार्रवाई होने पर अन्य डीलरों को कुछ सीख मिल पाया या नहीं।

हाइवे पर हादसा, रफ्तार ने ली फिर एक व्यक्ति की जान

दैनिक समाज जागरण पौआखाली (किशनगंज)

अररिया ठाकुरगंज नेशनल हाइवे 327 ई0 मार्ग पर गुरुवार की शाम सुखानी थानाक्षेत्र अंतर्गत साबोडांगी चौक जमुना पूल के समीप एक बाइक की जोरदार टक्कर में चारपहिया वाहन चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई है। मृतक का नाम मिथिलेश मिश्रा उम्र करीब 48 वर्ष है जो अररिया का निवासी बताया जा रहा है।घटना की खबर मिलते ही सुखानी थानाध्यक्ष धर्मपाल कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी प्राप्त कर मृतक के शव को कब्जे में लिया फिर आवश्यक कागजी का-र्रवाई पूरी कर देर रात्रि को ही शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल किशनगंज भेज दिया। थानाध्यक्ष के मुताबिक घटना के बाद बाइक चालक भी घायल हो गया था,जिसे पुलिस ने प्राथमिक उपचार हेतु अस्पताल भेज दिया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस दुर्घटना में विडंबना यह कि जिस वक्त घटना घटी थी उस वक्त वाहन चालक मिथलेश मिश्रा जिसके वाहन के पहिए का पंचर हो गया था और एक साइड में वाहन को खड़ा कर साइड इंडिकेटर जलाकर वह पहिया चेंज कर रहा था और वाहन में सवार अन्य व्यक्ति सड़क किनारे खड़े थे। तभी ठाकुरगंज की दिशा से लापरवाह और तेजगति में आ रहे एक अपाचे बाइक चालक जो गति पर नियंत्रण खोते हुए सीधे चार पहिया वाहन के चालक को जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें वाहन चालक का सिर बुरी तरह जख्मी हो गया। घटना के संबंध में जो जानकारी मिली है उसके मुताबिक मृतक चालक बागडोगरा एयरपोर्ट से वाहन मालिक और उनके परिवार के सदस्यों को लेकर हाइवे मार्ग से अररिया जा रहा था। लेकिन विडंबना यही कि मौत रास्ते में उनके इंतजार में बैठी थी, मौत को बहाना भी चाहिए था और बहाना यह कि रास्ते में वाहन का पहिया पंचर हो गया। फिर क्या था नियति के आगे बेचारे वाहन चालक को उक्त सड़क हादसे में अपने प्राण से हाथ धोना पड़ गया। बहरहाल थानाध्यक्ष ने बताया है कि इस घटना ने किसी भी पक्ष से प्राथमिकी दर्ज करने कराने को लेकर आवेदन अप्राप्त है। गौरतलब हो कि पिछले सोमवार को पौआखाली डाकबंगल चौक में इसी हाइवे मार्ग पर एक अज्ञात वाहन के कुचलने से एक व्यक्ति की ईलाज के क्रम में मौत हो गई थी। साल के अंतिम दिनों में यह निमार्णाधीन हाइवे मार्ग कई हादसों का गवाह बन चुका है।

असुविधा : गलगलिया-भद्रपुर लिंक रोड पर कायम रहती है अँधेरा

आरती राय, दैनिक समाज जागरण संवाददाता

गलगलिया(किशनगंज) । शुक्रवार को किशनगंज जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला इंडो-नेपाल सीमा अवस्थित गलगलिया के 41 बटालियन अंतर्गत स्थित एसएसबी भातगाँव बी ओ पी व कस्टम कार्यालय के लिए चिह्नित भूमि का निरीक्षण कर भौगोलिक स्थिति का भी जायजा लिया ।

इस दौरान एसएसबी भातगाँव बी ओ पी के असिस्टेंट कमांडेंट सोनम वाग्याल ने किशनगंज जिला पदाधिकारी को इंडो-नेपाल बॉर्डर के गलगलिया-भद्रपुर नाका से संबंधित गतिविधियों से अवगत कराया । आगे उन्होंने ध्यान आकृष्ट करवाते हुए बताया कि गलगलिया-भद्रपुर लिंक रोड पर रात्रि के समय अँधेरा कायम हो जाती है । बिहार के गलगलिया और नेपाल के भद्रपुर मेची ब्रिज को जोड़ने वाली ये सड़क रात के अँधेरे में किसी बड़े हादसे को दावत दे सकती है । चुकी प्रतिदिन हजारों की संख्या दोनों देश के लोग इस लिंक रोड से होकर रात के अँधेरे में आवागमन करते हैं । जिन्हें रात के अंधेरे में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है । मद्देनजर दोनों देशों

के आवागमन करने वाले लोगों को जन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नेपाल के मेची ब्रिज पर भद्रपुर नगरपालिका प्रशासन द्वारा स्ट्रीट लाइट की सुविधा प्रदान की गई । लेकिन लिंक रोड पर लाइट न होने के कारण काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ता है । साथ ही उन्होंने एसएसबी कैंप में लगे हाई मास्क लाइट जो खराब है उन्हें ठीक करके लगवाने का भी आग्रह किया । जिला पदाधिकारी ने जल्द ही गलगलिया-भद्रपुर लिंक रोड पर स्ट्रीट लाइट लगवाने एवं खराब पड़े हाई मास्क लाइट ठीक करवाने हेतु आश्वासन दी । इस मौके पर एडीएम अनुज कुमार, डीआरडीओ निर्देशक विकास कुमार, ठाकुरगंज प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमित कुमार, अंचलाधिकारी ओमप्रकाश भगत सहित अन्य अधिकारी के साथ एसएसबी भातगांव बीओपी असिस्टेंट कमांडेंट सोनम वांग्याल मौजूद रहे ।

रानीगंज सीओ के खिलाफ डीएम को दिया आवेदन

रंजीत ठाकुर,दैनिक समाज जागरण संवाददाता

अररिया। रानीगंज अंचल कार्यालय में कथित रूप से अधिकारी,कर्मी एवं बिचौलिए के मिलीभगत से गांव के भोली-भाली जनता से अंचल से सम्बन्धित कार्यों के निष्पादन के नाम पर व्यापक पैमाने पर लुट-खसौट जारी है। बताया जा रहा है,कि रानीगंज अंचल के अंचलाधिकारी के द्वारा बिना चढ़ावा का कोई भी कार्य भूधारियों का नहीं हो रहा है। रानीगंज अंचल के अंचलाधिकारी के इस मनमाने रवैए से नाराज राजद के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अविनाश मंगलम ने जिला पदाधिकारी को आवेदन देकर लुट-खसौट पर अंकुश लगाने की मांग की है। आरोप है कि रानीगंज अंचल में कार्यरत प्रभारी अंचलाधिकारी चेतना कुमारी के द्वारा कोई भी जनप्रतिनिधि या फिर आम आदमी का फोन रिसीव नही किया जाता है। कहा ये भी जाता है कि वे हमेशा कार्यालय से गायब हीं रहती है और सिर्फ शाम के समय खानापूर्ति के लिए भी. सी. में भाग लेने आती है। और भी. सी. खत्म होने के बाद सीधे अपने आवास के लिए निकल जाती है। बताया जाता है कि इनका सारा कार्य निजी आवास पर हीं चलता है। आमजन हो या जनप्रतिनिधि 25 से 30 किलोमीटर की दूरी से अपनी समस्या लेकर आते हैं और सीओ कार्यालय में नहीं मिलने पर निराश होकर घर चले जाते हैं। यही रवैया राजस्व कर्मचारी का है इन लोगों के द्वारा भी निजी आवास लेकर पंचायत से संबंधित सारा काम का निपटारा बिचौलिए के माध्यम से करवाया जाता है व कार्यालय का सरकारी कागजात भी इन लोग के द्वारा निजी आवास में प्राइवेट व्यक्ति के घर पर रखा जाता है। बताया जाता है कि सभी सरकारी कागजात का देखभाल राजस्व कर्मचारी के प्राइवेट बिचौलिए करते हैं,और सारा सरकारी काम बिचौलिया हीं करता है। कहा जाता है कि बिचौलिए आमजनों को लूट कर बड़े आराम की जिंदगी बिता रहे हैं। जबकि दूसरी ओर गरीब लोग दर-दर की ठोकर खाने को मजबूर हैं। बताया जाता है,कि बहुत सारे लोगों के जमाबंदी को लाल कलम से घेर दिया गया है। जमाबंदी को किसने घेरा है इसका जवाब ना अंचलाधिकारी के पास है और ना हीं राजस्व कर्मचारी के पास। इतना हीं नहीं अंचल में कार्यरत सीआई का भी फोन हमेशा बंद रहता है। सीआई का भी कोई स्थायी कार्यालय नहीं है। आखिर इन लोगों का कामकाज कहां चलता है। यह एक बड़ा सवाल है। उन्होंने पूरे प्रकरण का जांच कर कारवाई का मांग किया है। साथ हीं अंचल से निर्गत होने वाले सभी प्रमाण पत्र में भी सीओ के मिलीभगत से अवैध उगाही का भी जिक्र आवेदन में किया गया है। आवेदन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री बिहार,उपमुख्यमंत्री बिहार,भू -राजस्व मंत्री बिहार को भी दिया गया है। बताते चलें कि रानीगंज अंचल क्षेत्र के विभिन्न पंचायत के ग्रामीणों ने पूर्व में भी अंचल से सम्बन्धित कार्यों के निष्पादन में विभागीय अधिकारी,कर्मी के द्वारा मोटी रकम वसूली किये जाने के विरुद्ध आवेदन दिया है। मगर लुट-खसौट पर अंकुश नहीं लग सका है। इधर प्रभारी सीओ चेतना कुमारी ने बताया कि मेरे ऊपर लगाए गए सारे आरोप बेबुनियाद है। वहीं इस संबंध में जब जिला पदाधिकारी इनायत खान से उनके मोबाईल फोन के माध्यम से उनसे सम्पर्क करने की कोशिश की गई, सम्पर्क नहीं हो पाया। वहीं इस मामले में डीडीसी संजय कुमार ने बताया कि मामले की कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर जांचोपरांत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

कालाजार मरीजों की खोज के लिये आशा कार्यकर्ता घर-घर देंगी दस्तक

रंजीत ठाकुर, दैनिक समाज जागरण संवाददाता

अररिया। जिले को कालाजार मुक्त बनाने को लेकर विभागीय प्रयास लगातार जारी है। इस कड़ी में कालाजार के संभावित मरीजों की खोज के लिये विशेष अभियान संचालित किया जाना है। मरीजों की खोज के जिले के कालाजार प्रभावित गांवों में आशा कार्यकर्ता घर-घर दस्तक देंगी। इस क्रम में रोग संबंधी लक्षण पाये जाने पर जरूरी जांच व समुचित इलाज के लिये लोगों को प्रेरित किया जायेगा। कालाजार रोगी खोज अभियान की सफलता के लिये चिह्नित प्रखंडों के कुल 450 कार्यकताओं को जरूरी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

जिले में लगातार कम हो रहे कालाजार के मामले

जिले में कालाजार संबंधी मामलों में लगातार कमी आ रही है। वर्ष 2007 में जहां जिले में कालाजार के 3937 मामले सामने आये थे। वहीं बीते कुछ वर्षों में इसमें तेजी से गिरावट आयी है। आलम ये है कि वर्ष 2022 में जिले में वीएल के 17 व पीकेडीएल के 05 मरीज मिले। वर्ष 2023 में वीएल के 05 व पीके-डीएल के 01 मरीज मिले हैं।

कुल 450 आशा कर्मी को दिया जा रहा प्रशिक्षण

रोगी खोज अभियान जिले के सिकटी प्रखंड को छोड़ कर शेष सभी प्रखंडों में संचालित किया जायेगा। इसके लिये अररिया, फारबिसगंज व रानीगंज के 90 व कुसाकांटा के 60 व पलासी, जोकीहाट व भरगामा के 30 कुल 450 आशा कार्यकताओं को खास तौर पर प्रशिक्षित किया जा रहा है। आशा फैसिलिटेटर आशा द्वारा किये जा रहे कार्यों पर नजर

रखेंगी। वहीं संबंधित प्रखंड के वीबीडीसी रोग का सत्यापन करते हुए रोगियों की जरूरी जांच सुनिश्चित करायेंगे। प्रखंड सामुदायिक समन्वयक रोगी खोज अभियान से संबंधित सभी गतिविधियों की मॉनेटरिंग करेंगे। साथ ही इससे संबंधित रिपोर्ट जिला को उपलब्ध करायेंगे। लक्षणों के आधार पर चिह्नित किये जायेंगे रोगी

अभियान के क्रम में 15 या 15 से अधिक दिनों से बुखार पीड़ित वैसे व्यक्ति जिनका बुखार एंटीबायॉटिक दवा सेवन के बावजूद ठीक नहीं हो रहा हो। उन्हें भूख की कमी व पेट का बड़ा होना जैसे लक्षण, वजन में गिरावट, शरीर पर चकते का निशान वाले मरीजों को चिह्नित कर संबंधित पीएचसी के माध्यम से उनका जरूरी इलाज सुनिश्चित कराया जायेगा।

कालाजार को जड़ से खत्म करने की मुहिम जारी-

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ अजय कुमार सिंह ने बताया कि जिले में कालाजार के मामलों में निरंतर गिरावट जारी है। जिले को पूरी तरह कालाजार मुक्त बनाने का विभागीय प्रयास जारी है। इसके लिये रोगी खोज अभियान की सफलता महत्वपूर्ण है। इसे लेकर प्रखंडवार आशा कार्यकताओं को जरूरी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के उपरांत आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर कालाजार के संभावित मरीजों को चिह्नित करेंगी। ताकि जरूरी जांच के उपरांत उनका समुचित इलाज सुनिश्चित कराया जा सके।

बालीचुका एन एच 27 स्थित अ-डठए रेस्टोरेंट का लोजपा पार्टी प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष ने किया उद्घाटन

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

बालीचूका एन एच 27 स्थित अ- डठए रेस्टोरेंट का लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विभूतिभूषण पासवान एवं जिला अध्यक्ष हबीबुर रहमान ने फीता काट कर उद्घाटन किया। इस मौके पर अ1 रेस्टोरेंट के संचालक विकास कुमार ठाकुर, शंकर प्रसाद सिंह, राजीव रंजन सिंह, ने बताया कि हमारे यहां सभी प्रकार के नाश्ता से लेकर दोपहर का भोजन एवं रात का भोजन का उत्तम प्रबंध है। वही इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विभूतिभूषण पासवान, जिला अध्यक्ष हबीबुर रहमान, महिला जिला अध्यक्ष रीता चौहान एवं अन्य गण्यमान्य लोग मौजूद थे।

उत्पाद विभाग की टीम ने किशनगंज शहर के विभिन्न चेक पोस्ट से शराब पीने के आरोप में 10 व्यक्ति को किया गिरफ्तार

राहुल कुमार, किशनगंज

किशनगंज शहर के विभिन्न चेक पोस्ट पर उत्पाद विभाग किशनगंज के द्वारा शराब पीने व शराब तस्करी के विरुद्ध जांच अभियान चलाई गई। जांच अभियल के दौरान उत्पाद विभाग टीम के द्वारा बंगाल की ओर से शराब पीकर आ रहे 10 व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। वही शुक्रवार को सभी 10 व्यक्ति को मध्य निषेध अधिनियम के तहत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

स्काउटस एवं गाइडस शिविर में दिखाया गया प्राथमिक चिकित्सा का महत्व

बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता

स्थानीय दक्षिण पूर्व रेलवे मिश्रित उच्च विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) परिसर

में चल रहे 32 वें भारत स्काउट एवं गाइड्स का तीन दिवसीय जिला शि-विर एवं रैली शुक्रवार को सर्वप्रथम सर्व-धर्म प्रार्थना से शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात एक जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें स्काउटस गाइड्स रोवर्स एवं रेंजर्स शामिल होकर रेलवे स्टेशन, रनिंगरूम, इतवारी बाजार, पंचमोड़ होते हुए शिविर स्थल पर पहुंचकर समाप्त हुई। प्राथमिक चिकित्सा प्रतियोगिता में स्काउटस एवं गाइडस के द्वारा आकस्मिक दुर्घटना या बीमारी के अवसर पर चिकित्सक के आने तक या रोगी को सुरक्षित स्थान पर ले जाने तक, उसके जीवन को बचाने आदि की व्यवहारिक प्रदर्शन कर दिखाया गया। सभी स्थानीय इकाइयों को प्रस्तुतियां सजाने के लिए निर्धारित जगह व समय मुहैया कराया गया था। जिसमें हाथों से बने सामानों से अपने-अपने स्टाल को सजाया गया एवं अपनी-अपनी निकाय की उपलब्धियां को बखूबी दशार्या गया। शिविर में स्काउटस एवं गाइड्स द्वारा टेंट बनाने से लेकर जरूरत के मुताबिक लकड़ी एवं रस्सा से गांठ बांधकर कई प्रकार के उपयोगी गैजेट्स बनाकर प्रदर्शन किया।

भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री ने सौरभ सुमन को जिला शिक्षा प्रकोष्ठ सह सहसंयोजक मनोनीत किया

राहुल कुमार, किशनगंज

भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री मनीष सिन्हा, जिला मंत्री जय किशन

प्रसाद कुशवाहा, कोचाधामन विधानसभा प्रभारी पंकज कुमार साह, किशनगंज नगर अध्यक्ष अरविंद मंडल के साथ किशनगंज शहर के हॉस्पिटल रोड स्थित प्रेरणा पब्लिक क्लासेस पहुंचकर प्रेरणा पब्लिक क्लासेस के डायरेक्टर सुमन सौरभ को जिला शिक्षा प्रकोष्ठ सह सहसंयोजक मनोनीत करते हुए मनोनीत पत्र दिया। इस मौके पर प्रेरणा पब्लिक क्लासेस के डायरेक्टर सौरभ सुमन ने कहां की जो पद भर हमें दी गई है मैं पूरी निष्ठा पूर्वक इस पर खड़ा उतारूंगा साथ ही उन्होंने भारतीय जनता पार्टी का धन्यवाद करते हुए भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का तहे दिल से धन्यवाद किया।

कुशमाहा एसएसबी ने 102 किलो गाजा किया जप्त,मौके से एक व्यक्ति गिरफ्तार।

रंजीत ठाकुर दैनिक समाज जागरण संवाददाता

अररिया। कुशमाहा एसएसबी 56 वीं वाहिनी के जवानों ने सूचना के आधार पर सीमा स्तंभ संख्या-176/1के समीप आज गुरुवार के करीब 3:00 बजे हटेवा गांव के पास नेपाल से चोरी छिपे लाये गये 102 किलो गाजा को जप्त करने में बड़ी सफलता मिली है। तो वहीं मौके से एक तस्कर को भी गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार व्यक्ति फारबिसगंज थाना क्षेत्र के मटियारी गांव निवासी उपेन्द्र मंडल बताया गया है।एसएसबी के इस अभियान में कुशमाहा बीओपी प्रभारी इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार के अलावे अन्य जवान शामिल थे। एसएसबी द्वारा जप्त गाजा व गिरफ्तार व्यक्ति का कागजी कार्रवाई करते हुवे जोगबनी थाना पुलिस को सुपुर्द किया।

चक्करमाड़ी राम मंदिर सेवा संघ द्वारा भव्य अक्षत कलश शोभा यात्रा निकाली गई।

रंजीत कुमार पोद्दार समाज जागरण संवाददाता

खोरीबाड़ी : शुक्रवार को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अयोध्या से भिजवाए

गए अक्षत चावल के साथ चक्करमाड़ी राम मंदिर सेवा संघ द्वारा भव्य अक्षत कलश शोभा यात्रा निकाली गई। इस दिन यह अक्षत कलश यात्रा चक्करमाड़ी से शुरू होकर भजनपुर के विभिन्न इलाकों की परिक्रमा करते हुए चक्करमाड़ी स्थित हनुमान मंदिर पर समाप्त हुई। इस शोभायात्रा में निरेन बर्मन, आनंद प्रसाद, मुकेश भारती, सिकंदर साह, नवीन ठाकुर काफी संख्या में भक्तगण शामिल हुए। चक्करमाड़ी राम मंदिर सेवा संघ के निरेन बर्मन ने बताया 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन किया जाएगा। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अयोध्या से जो अक्षत चावल आया है उसे हर सनातनी हिंदू के घर में दिया जाएगा। वहीं 22 जनवरी को चक्करमाड़ी इलाके में दीपावली भी मनाया जाएगा। चक्करमाड़ी स्थित हनुमान मंदिर में भव्य पूजा अर्चना की जाएगी।

फुलकाहा थाना के निवर्तमान दरोगा को समारोह आयोजित कर दी गई विदाई।

रंजीत ठाकुर दैनिक समाज जागरण संवाददाता

अररिया। नरपतगंज प्रखंड क्षेत्र के फुलकाहा थाना के निवर्तमान एसआई श्रीराम शर्मा का विदाई समारोह शुक्रवार को जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों के उपस्थिति में किया गया। इस विदाई समारोह में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने एसआई श्रीराम शर्मा को विदाई के अवसर पर फूल माला तथा शाल ओढ़ाकर कर विदाई किया। इस अवसर पर सभी व्यक्तियों के आंखें नम थी। सभी ने कहा कि हमेशा ऐसे एसआई की याद आती रहेगी। मौके पर मौजूद व्यक्तियों ने कहा कि उन्होंने कभी भी पुलिस और आम जनता के बीच भेदभाव को नहीं माना। हमेशा निष्पक्ष भावना से काम किया है। इनके पांच साल के कार्यकाल में अपराध पर काफी अंकुश रहा। ऐसे पदाधिकारी को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इनके बिताएं कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बहाल करने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पांच साल के कार्यकाल में इन्होंने पूरे क्षेत्र में लोगों के लिए काफी प्रिय हो गए थे। बच्चे बच्चे तक इन्हें शर्मा जी के नाम से जानने लगे थे। लोगों ने भावुक होकर कहा कि इनकी जितनी प्रशंसा की जाय कम होगा। श्रीराम शर्मा ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस क्षेत्र के लोगों का मुझे काफी सहयोग मिलता रहा, एक परिवार की तरह रिश्ता कायम रहा। वे फुलकाहा थाना से स्थानांतरण कर मदनपुर ओपी में पदस्थापित हुए। इस मौके पर थानाध्यक्ष साजिद आलम, राजद प्रखंड अध्यक्ष धनंजय यादव, जिला पार्षद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्रवण दास, सेवानिवृत्ति सैनिक खगेंद्र यादव, मुखिया प्रतिनिधि रिकेश यादव, पूर्व मुखिया संजय सिंह, पंसस प्रतिनिधि राजा रक्षित, रणविजय शर्मा, तमन्ना राज, शंकर सिंह, नरेश बिराजी ,असलम अंसारी, चन्देश्वरी यादव, आदि अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं राष्ट्रीय परिषद की नई दिल्ली में बैठक आयोजित

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

जनता दल यूनाइटेड की राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं राष्ट्रीय परिषद की बैठक नई दिल्ली में Constitution Club of India में आयोजित की गई।बैठक में कुल चार प्रस्ताव पारित किए गए।पहला प्रस्ताव जो राजनीतिक प्रस्ताव था जिसमें कहा गया है कि देश आजादी के बाद अपने सामाजिक एवं राजनीतिक इतिहास के कठिन दौर से गुजर रहा है।समाज में भयद्वेष और उन्माद पैदा किया जा रहा है तथा राजनीति आज छल - कपट और प्रतिशोध का रूप धारण करने लगी है।ये सब केन्द्र की सत्ता पर काबिज भाजपा सरकार के कारनामों का नतीजा है। इससे हमारे लोकतंत्र और संविधान पर सबसे बड़ा खतरा है। केन्द्रीय सत्ता तानाशाही की ओर बढ़ रही है। संवैधानिक संस्थाओं एवं देश के फेडरल स्ट्रक्चर को कमजोर किया जा रहा है। पिछले 09 सालों में स्थित अब भयानक रूप ले चुकी है।हम अपने सर्वमान्य नेता और बिहार के यशस्वी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बधाई देते हैं कि इन्होंने समय रहते इस खतरे को पहचाना और विपक्ष को एकजुट करने की पहल की।

दूसरा प्रस्तावःजाति आधारित गणना, बिहार की एतिहासिक पहल - जनता दल यूनाइटेड की राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं राष्ट्रीय परिषद की ये बैठक बिहार में जाति आधारित गणना को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने और विधानमंडल के शीतकालीन सत्र में गणना की रिपोर्ट सदन में प्रस्तुत करने के साथ 10 नवंबर 2023 नया आरक्षण संसोधन अधिनियम 2023 पारित कराने के लिए माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को हार्दिक बधाई देती है। सम्पूर्ण देश में एक स्वर से बिहार की इस एतिहासिक पहल का स्वागत हो रहा है।

प्रस्ताव संख्या -3

जनता दल यूनाइटेड की राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं राष्ट्रीय परिषद की ये बैठक संसद के शीतकालीन सत्र में संसद की सुरक्षा व्यवस्था में हुई भयंकर चूक पर गहरी चिंता व्यक्त करती है। यह गंभीर घटना किसी भी अनहोनी का कारण बन सकती थी। भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में यह पहली घटना है। जनता दल यूनाइटेड की राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं राष्ट्रीय परिषद की यह बैठक सदन के लोकतांत्रिक स्वरूप और संसदीय परंपरा को खंडित करते हुए विपक्ष के सांसदों को दंडित करने की घटना पर क्षोभ प्रकट करती है।और केन्द्र की भाजपा सरकार के तानाशाही रवैए की निंदा करती है।

प्रस्ताव संख्या -4

जनता दल यूनाइटेड की राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं राष्ट्रीय परिषद की यह बैठक आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में इंडिया गठबंधन के घटक दलों के साथ राज्यों में सीटों के ताल मेल उम्मीदवारों के चयन और अन्य सभी सांगठनिक एवं नीतिगत मामलों में निर्णय के लिए सर्वसम्मति से पार्टी के सर्वमान्य नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को अधिकृत करती है।बैठक में सभी राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष, बिहार के सभी जिला अध्यक्ष, राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य,सभी मंत्री, विधायक, विधानपार्षद, सांसद उपस्थित। बैठक में किशनगंज जदयू जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कोचाधामन मुजाहिद आलम ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से पार्टी और मजबूत होगी।

राज्यपाल ने किया सम्मानित किरतपुर में हर्ष का माहौल

ब्यूरो शमीम अहमद
दैनिक समाज जागरण बिजनौर

किरतपुर मुरादाबाद उजाला के जिला प्रभारी किरतपुर निवासी याकूब मलिक की होनहार पुत्री अनम को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया गया जिससे बिजनौर का नाम पूरे प्रदेश में रोशन हुआ अनम की इस उपलब्धि पर परिजनो में हर्ष का माहौल है

प्राप्त जानकारी के अनुसार विवेक कॉलेज बिजनौर से बी फार्मा फाइनल ईयर की टॉपर छात्रा एवं किरतपुर निवासी वरिष्ठ पत्रकार याकूब मलिक की पुत्री को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा उपाधि प्रदान पर सम्मानित किया गया अनम ने विवेक कॉलेज बिजनौर के फार्मासिस्ट विभाग से इस वर्ष बी फार्मा में विशेष योग्यता के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है अनम की इस उपलब्धि पर उसे 26 दिसंबर को डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी लखनऊ में आयोजित 21 वे दिक्षांत समारोह में प्रदेश के राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा उपाधि प्रदान की गई कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर जयप्रकाश पांडे एवं सम्मानित हस्थिया मौजूद रही विवेक कॉलेज के फार्मासिस्ट विभाग के प्राचार्य एवं स्टाफ ने अनम के उज्जवल भविष्य की कामना की है वही अनम की इस उपलब्धि पर परिजनो में हर्ष का माहौल है

जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम/वीवीपेट संरक्षित स्ट्रांग रूम का किया गया निरीक्षण

ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी
दैनिक समाज जागरण बिजनौर

जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल द्वारा आज दोपहर 12:00 बजे कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम/वीवीपेट संरक्षित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दीपाली भार्गव, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रमोद कुमार, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि भाजपा से धीर सिंह, कांग्रेस मुनीश त्यागी, बसपा मुहम्मद सिद्दीक तथा सपा से अखलाक अहमद उर्फ पप्पू सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

सर्व प्रथम जिलाधिकारी श्री अग्रवाल द्वारा स्ट्रांग रूम में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के सामने भूतल स्थित सील्ड तालों को खोलकर वहां संरक्षित एफएलसीओके का निरीक्षण किया गया, उसके बाद प्रथम एवं द्वितीय तल ईवीएम/वीवीपैट स्ट्रांग रूम में सील्ड तालों को खोलकर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सफाई सहित सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित पाए जाने पर जिलाधिकारी एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा संतोष व्यक्त किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस बल को निर्देश दिए कि पूरी सजगता और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें और किसी अजनबी अथवा असंबंधित व्यक्ति को भवन में प्रवेश न करने दें।

बदायूँ क्लब में हुआ दो दिवसीय मिलेटस महोत्सव का शुभारंभ

आई एम खान/दैनिक समाज जागरण

बदायूँ । राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (न्यूट्रीसीरियल घटक)/ मिलेट पुनरोद्धार कार्यक्रम के अन्तर्गत जनमानस को मिलेट के प्रति जागरूक करने के उददेश्य से जिलाधिकारी के निर्देशन में दो दिवसीय मिलेटस महोत्सव एवं मिलेट रेसिपी कार्यक्रम बदायूँ क्लब में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उदघाटन बिल्सी विधायक हरीश शाक्य व मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर राजकीय विभाग, निजी संस्थाओं द्वारा स्टॉल प्रदर्शित किये गये। कार्यक्रम में पार्वती कन्या इण्टर कालेज, राजाराम महिला इण्टर कालेज, सिंगलर मिशन गर्ल्स इण्टर मीडिएट कालेज, नगर पालिका कन्या इण्टर कालेज एवं केदारनाथ महिला इण्टर कालेज के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

कार्यक्रम का संचालन आनन्द चौहान द्वारा किया गया। अन्त में उप कृषि निदेशक मनोज कुमार द्वारा उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों का अभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रेम स्वरूप पाठक एवं राजेश्वर सिंह पटेल, जिला विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, डी.सी. मनरेगा, अग्रणी प्रबन्धक पंजाव नेशनल बैंक, प्रभारी अधिकारी रेशम, जिला उद्यान अधिकारी, कार्यकारी अधिकारी मत्स्य, शिशिर उपाध्याय, चेतन प्रताप भानु सिंह, जयलोक, प्रदीप, संतोष शर्मा, सुमेश बाबू आदि उपस्थित रहे।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने किया शुक्रवार परेड का निरीक्षण

आई एम खान/
दैनिक समाज जागरण

बदायूं। पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. ओपी सिंह ने परेड की सलामी ली। परेड का संचालन क्षेत्राधिकारी उझानी शक्ति सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक, क्षेत्राधिकारी नगर, थाना प्रभारी व समस्त शाखा प्रभारी / प्रभारी निरीक्षक यूपी-112 व अन्य पुलिसकर्मी परेड में मौजूद रहे। परेड की सलामी के उपरान्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। परेड निरीक्षण के पश्चात पुलिस लाइन परिसर की विभिन्न शाखाओं व नवनिर्मित बिल्डिंग, मैस, बाथरुम, शौचालय, पुलिस कैण्टीन, आटा - चक्की, पुलिस मॉर्डन स्कूल, कंट्रोल रुम, डायल रेडियो शाखा, गैस गोदाम, 112 कन्ट्रोल रुम, परिवहन शाखा से यूपी-112 व जनपदीय पुलिस के वाहन का बारी-बारी निरीक्षण कर व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाये रखने के निर्देश दिए। तथा परिवहन शाखा में खड़े वाहनों का भी मेन्टीनेंश चेक किया गया। श्री सिंह ने मैस में जाकर भोजन की गुणवत्ता को चैक किया। डायल-112, ट्रैफिक पुलिस, पीआरवी, सिविल पुलिस व अन्य समस्त अधि./कर्मचारीगण को निर्धारित प्वॉइंट पर ड्यूटी के दौरान बावर्दी दुरुस्त रहकर अपनी ड्यूटी कर्तव्य निष्ठा के साथ करते हुये जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने हेतु निर्देशित किया गया।

डीएम-एसपी से शिकायत करना महिला को पडा भारी, एसडीएम ने विधवा को पुत्रियों सहित भेजा जेल

दैनिक समाज जागरण

सम्भल। विवादित भूमि को लेकर सिविल न्यायालय में विचाराधीन मुकदमे के सम्बंध में शासन के आदेशों का अनुपालन कराने की जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाना शिकायकर्ता को भारी पड गया। उप जिलाधिकारी ने शांतिभंग की आशंका में एक वृद्ध महिला व उसकी दो पुत्रियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। नगर के मौहल्ला दीपा सराय निवासी शमशुल इस्लाम की 70 वर्षीय विधवा अफरोज बेगम व उसके पुत्रों रियाजुल इस्लाम व मुनाजिर ने गत 11 दिसम्बर को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र प्रेषित किया था जिसमें उल्लेख किया गया है कि ग्राम शहवाजपुर खुर्द बाहर चुंगी गाटा संख्या 15 पर शिकायतकर्ता का हक व कब्जा 1949 से है। जबकि मियांजुल इस्लाम व परवेज अख्तर आदि ने सन 2011 में 229बी का वाद उपजिला अधिकारी के न्यायालय में दाखिल किया। जिसको लेकर अब अपील राजस्व परिषद उ.प्र. प्रयागराज में लम्बित है। इसके साथ ही सिविल न्यायालय जू.डि. व उच्च न्यायालय इलाहबाद में भी मुकदमा विचाराध है। किन्तु इसकी जानकारी होने के बाबजूद भी विवादित भूमि को विपक्षी द्वारा मौ. सलमान के हाथों बेच दिया, जो अवैध प्लाटिंग का काम करना चाहता है। जबकि शिकायत पर कोई कार्यवाही करने के बजाय अफसरों ने कानून को ठेंगा दिखाते हुए शिकायतकर्ता को ही सबक सिखाने का मन बना लिया। जैसे ही विधवा को यह जानकारी हुई कि विपक्षी विवादित भूमि पर जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहा है तो वह भी अपनी दो पुत्रियों को साथ लेकर मौके पर पहुंच गई। इसी बीच उपजिला अधिकारी दलबल के साथ शहबाजपुर खुर्द ग्राम पहुंच गये और अवैध कब्जे का विरोध कर रही बुजुर्ग महिला अफरोज बेगम व रिहाना बेगम, फरमीना कमाल को हिरासत में ले लिया और बाद में तीनों का शांतिभंग की आशंका में न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

अतिथियों को मिलेगा गीताप्रेस के 'अयोध्या दर्शन' का प्रसाद

श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा में गीताप्रेस से भेजे जाएंगे पुस्तक-गुच्छ

गोरखपुर, 29 दिसंबर। 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सम्मिलित होने वाले प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री व संघ प्रमुख समेत अन्य विशिष्टअतिथियों को गीताप्रेस के 'अयोध्या दर्शन' का प्रसाद मिलेगा। लागत से भी कम मूल्य में धार्मिक पुस्तकें उपलब्ध कराने वाले गीताप्रेस ने इस पुस्तक माध्यम से श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या का समग्र दर्शन कराने की पहल की है। इस पुस्तक में अयोध्या के इतिहास, प्रमुख मंदिरों, तीर्थों व सांस्कृतिक महात्म्य का परिचय है।

आर्य सुगंध संस्थान की प्रबंधिका कमलेश आर्य को काठमांडू नेपाल मे अंतरराष्ट्रीय आदर्श प्रतिभा अवार्ड से सम्मानित किया गया

ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी
दैनिक समाज जागरण बिजनौर

28 दिसंबर 2023 को आर्य सुगंध संस्थान की प्रबंधिका कमलेश आर्य को रशियन कल्चर सेंटर सभागार काठमांडू नेपाल में अंतरराष्ट्रीय आदर्श प्रतिभा अवार्ड से सम्मानित किया गया यह अवार्ड 22 राष्ट्रों के ध्वजों के नेतृत्व में आयोजित G 22 समरसता सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन में 22 राष्ट्रों के मनोनीत सदस्यों द्वारा कमलेश आर्य के 32 वर्षों के कठिन परिश्रम दिव्यांगों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में किए गए अतुलनीय कार्यों का अवलोकन कर आर्य जी को विशेष रूप से नेपाल में 27 दिसंबर को स्वागत किया गया वह 28 दिसंबर को नेपाल सरकार के उच्च महामहिमों के कर कमलों से यह सम्मान प्रदान किया गया28 दिसंबर 2023 को आर्य सुगंध संस्थान की प्रबंधिका कमलेश आर्य को रशियन कल्चर सेंटर सभागार काठमांडू नेपाल में अंतरराष्ट्रीय आदर्श प्रतिभा अवार्ड से सम्मानित किया गया यह अवार्ड 22 राष्ट्रों के ध्वजों के नेतृत्व में आयोजित G 22 समरसता सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन में 22 राष्ट्रों के मनोनीत सदस्यों द्वारा कमलेश आर्य के 32 वर्षों के कठिन परिश्रम दिव्यांगों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में किए गए अतुलनीय कार्यों का अवलोकन कर आर्य जी को विशेष रूप से नेपाल में 27 दिसंबर को स्वागत किया गया वह 28 दिसंबर को नेपाल सरकार के उच्च महामहिमों के कर कमलों से यह सम्मान प्रदान किया गया इस अवसर पर पूर्व उपराष्ट्रपति नेपाल सरकार न्यायमूर्ति परमानंद झा, दमन नाथ ढुंगाना ,डॉ शिव माया तुम्हाडफे पूर्व उपाध्यक्ष लोकसभा नेपाल सरकार ,महावीर प्रसाद टोरडी विशिष्ट सलाहकार पूर्व राष्ट्रपति नेपाल सरकार उपस्थित रहे

ग्राम चौपाल एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर वर्षगाढ को भव्यता पूर्ण ढंग से मनाया जाएगा

ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी
दैनिक समाज जागरण

बिजनौर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन की निदेर्शों के अनुपालन में "ग्राम चौपाल" सफल क्रियान्वयन का 01 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर पहली वर्षगांठ को भव्यता पूर्ण ढंग से मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में विकास भवन प्रांगण में एक संगोष्ठी एवं प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने उपरोक्त संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि शासन के निदेर्शों के अनुपालन में "ग्राम चौपाल" (गांव की समस्या गांव में समाधान) का आयोजन किए जाने के संबंध में निर्गत विस्तृत दिशा निदेर्शों के क्रम में ग्रामीण क्षेत्र में शिकायतों के निवारण के लिए सरकार का जनहित में ग्राम चौपाल एक बहुत सफल प्रयास रहा है। इस कार्यक्रम में ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति विश्वास की भावना पैदा हुई है और उनकी स्थानीय स्तर की शिकायतें स्थानीय स्तर पर ही निस्तारित करने में सफलता प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की लोकप्रियता का प्रभाव है कि बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने कार्यक्रम का लाभ उठाया और अब तक लगभग तीन लाख शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन का एक वर्ष दिसंबर 2023 के अंतिम सप्ताह में पूर्ण हो जाएगा। कार्यक्रम की लोकप्रियता और उपयोगिता को देखते हुए शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि इस कार्यक्रम में पहली वर्षगांठ को भव्य पूर्ण ढंग से मनाया जाए, जिसके क्रम में 30 दिसंबर 2023 को प्रातः 10:00 बजे विकास भवन बिजनौर के प्रांगण में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जिसमें आमजन, जनप्रतिनिधि भी प्रतिभाग करेंगे। इस अवसर पर पूर्वाहन 11:00 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल स्थानीय पत्रकार बंधुओ से उपरोक्त विषयक वार्ता करेंगे

मोदी जी की गारंटी वाली गाड़ी से लाभार्थियों को पहुंच रहा सीधा लाभ - संघमित्रा मौर्य

आई एम खान/दैनिक समाज जागरण

बिसौली। केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अन्तिम पायदान में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से मोदी सरकार द्वारा शुरू की गई, विकसित भारत संकल्प यात्रा का पड़ाव लोकसभा क्षेत्र ग्राम पंचायत पैगा भीकमपुर व ग्राम पंचायत धर्मपुर बिहारीपुर में पहुंची। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संघमित्रा मौर्य ने कहा के जहां बाकी सभी से लोगों की उम्मीदें खत्म हो जाती हैं वहां से मोदी जी की गारंटी शुरू होती है। विकसित भारत के संकल्प के साथ मोदी जी की गारंटी गाड़ी देश के हर कोने तक पहुंच रही है। एक महीने के अंदर ही विकसित भारत संकल्प यात्रा हजारों गांवों और शहरों, विशेषतौर पर छोटे शहरों में पहुंच गई है। मोदी जी परिवार के एक सदस्य की तरह हर किसी की परेशानियो को कम करने का प्रयास कर रहे है। इस मौके पर क्षेत्रीय कार्यसमिति सदस्य हरिओम पाराशरी, भाजपा उपाध्यक्ष दुर्गेश वार्ष्णेय, पूर्व ब्लाक प्रमुख अमित पाठक, सांसद प्रतिनिधि सनवीर पाल, प्रदीप गुप्ता, सुमित पाठक, मुकेश शर्मा, यश पाल, चन्द्र पाल शर्मा, ग्राम प्रधान महारानी देवी, प्रधान शिवम सिंह, शिवराम सिंह, गजराज सिंह, गंगाराम पाल, सुधांशु मिश्रा, नवनीत राजपूत आदि पार्टी कार्यकर्ता बन्धु उपस्थित रहे।

ट्रक मालिक की माल उतरवाते समय मुरादाबाद में हार्ट अटैक से मौत

दैनिक समाज जागरण

संभल।थाना नक्शा क्षेत्र के तुर्तिपुर इल्लाह निवासी नूर मोहम्मद पुत्र नन्हे अपना ट्रक खुद चलकर जीवन यापन कर रहे थे आज सुबह 6:15 बजे अपनी गाड़ी से माल भरकर मुरादाबाद मझोला सब्जी मंडी उतारने गए थे वहां पर माल लेबर द्वारा उतर जा रहा था और यह वहां पर गाड़ी खाली होने का इंतजार कर रहे थे तभी इन्हें सीने में दर्द की शिकायत हुई जिस पर उनके साथ परिचालक दीपक ने परिजनों को सूचना दी और आनन फानन में उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन डॉक्टर ने देखते हुए मृत घोषित कर दिया, ट्रक मालिक नूर मोहम्मद की मौत का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा था। ट्रक चला कर परिवार का जीवन यापन करने वाले नूर मोहम्मद की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा और परिवार में पांच बच्चे जिसमें बड़ा लड़का समीर उम्र 18 साल लड़की महक 15 साल हिजरा लड़की 13 साल सोफिया लड़की 10 साल और पांचवें नंबर का लड़का और 8 साल अपने पीछे मृतक छोड़ गया है जिनके सिर से पिता का साया उठ चुका है डॉक्टर द्वारा मृत घोषित करने पर परिजनों द्वारा शव को घर लाकर शुफुर्द ए खाक कर दिया गया परिवार में बच्चों और पत्नी का रो रो कर बुरा हाल है।

योगी सरकार ने एफडीआई पॉलिसी के तहत अशोक लीलैंड को प्रस्तावित प्रोजेक्ट के लिए दी फ्रंट-एंड भूमि सब्सिडी प्रदान करने की अनुमति

अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने कंपनी के नाम जारी किया लेटर ऑफ अप्रूवल

70 एकड़ भूमि पर परियोजना के लिए 75% फ्रंट-एंड भूमि सब्सिडी देने के प्रस्ताव को मंजूरी

लखनऊ, 29 दिसंबर। योगी सरकार ने एफडीआई पॉलिसी 2023 के तहत अशोक लीलैंड लिमिटेड को प्रस्तावित प्रोजेक्ट के लिए फ्रंट-एंड भूमि सब्सिडी प्रदान करने की अनुमति दे दी है। कंपनी द्वारा दिए गए प्रस्ताव का मूल्यांकन करते हुए सक्षम प्राधिकारी ने परियोजना को एफडीआई नीति-2023 के प्रावधानों के अनुसार फ्रंट-एंड भूमि सब्सिडी का लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र पाया है। इसके बाद उचित विचार-विमर्श के बाद सक्षम प्राधिकारी ने प्लॉट नंबरः 1, स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड साइट, सरोजिनी नगर औद्योगिक क्षेत्र (यूपीसीडा) में 70 एकड़ भूमि पर परियोजना के लिए 75% फ्रंट-एंड भूमि सब्सिडी देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। इस संबंध में कंपनी के एमडी और सीईओ शेनू अग्रवाल को अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त व इन्वेस्ट यूपी के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह द्वारा लेटर ऑफ अप्रूवल भेजा गया है।

प्रस्तावित परियोजना में 186 करोड़ रुपए का अनुमानित निवेश

यह परियोजना उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) की भूमि पर प्रस्तावित है। परियोजना सेंटर ऑफ एक्सीलेंस सहित प्रति वर्ष 2500 वाहनों की स्थापित क्षमता के साथ वाणिज्यिक इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण के लिए एक एकीकृत ग्रीन-फील्ड संयंत्र स्थापित करने पर आधारित है। यह परियोजना बाजार में इलेक्ट्रिक और अन्य वाहनों की मांग के आधार पर अन्य ईंधन पर आधारित वाहनों का निर्माण करेगी। प्रस्तावित परियोजना 186 करोड़ रुपए के अनुमानित निवेश के साथ स्थापित की जाएगी, जिसे 2 चरणों में लागू किया जाएगा। इसके लिए आवश्यक भूमि क्षेत्र 70 एकड़ है। उत्तर प्रदेश सरकार और अशोक लीलैंड के बीच 15 सितंबर को एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए थे।

विद्युत विभाग की एक मुफ्त समाधान योजना का कल अंतिम दिन

अधिशासी अभियंता रामलाल ने उपभोक्ताओं की सुनी शिकायतें किया निस्तारण

आई एम खान/दैनिक समाज जागरण

बिसौली। विद्युत वितरण खंड कार्यालय पर लगाए गए ओटीएस कैंप में एक्सईएन रामलाल ने उपभोक्ताओं की विभिन्न समस्याओं का निस्तारण किया। शुक्रवार को क्षेत्र में लगाए गए शिविरों में चार सौ उपभोक्ताओं ने रजिस्ट्रेशन कराए। वहीं कुल 55 लाख रुपए की राजस्व वसूली हुई। अधिशासी अभियन्ता ने बताया कि अब तक तेरह हजार पांच सौ उपभोक्ताओं ने बिल में छूट के लिए रजिस्ट्रेशन कराए हैं। अब तक कुल चौदह करोड़ रुपए की राजस्व वसूली हो चुकी है। कैंप में उपखंड अधिकारी मनीष यादव, रामगोपाल राठौर, दिलीप सिंह, थान सिंह, बाबू, नेपाल सिंह, मोहसिन, नवीन, रोहित, खेमकरन, सुरजीत, लालू, उमेश आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

एल्फाबेट किंडर गार्टन स्कूल के बच्चों ने विंटर वैकेशन का जमकर लुत्फ उठाया

आई एम खान/दैनिक समाज जागरण

बिसौली। एल्फाबेट किंडर गार्टन स्कूल के बच्चों ने रामलखन कोल्ड स्टोर कैंपस में विंटर वैकेशन का जमकर लुत्फ उठाया। टीचर्स ने हाड़-कंपाती ठंड में मासूम बच्चों को खूब खेल खिलाकर गर्माहट दिलाई। निदेशक मुदित अग्रवाल ने कहा कि खेल खेल में बच्चों का मानसिक विकास अधिक होता है। भारती अग्रवाल ने कहा कि शिक्षक शिक्षिकाओं को मासूम बच्चों को शिक्षण कार्य के साथ साथ शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत करने पर जोर देना चाहिए। इस अवसर पर शिवांगी, अनामिका, आराधना, प्रज्ञा, सृष्टि, इमाद खांन, इकरा, नीशू, काजल, वंशिका, मुस्कान, ईदिका, ईवांका, मिशिका, प्रभव, ओजस, अक्षत, प्रीशा, रुद्राक्ष, पल्लवित, दिवित, प्रथम, केशवी, अयांश आदि मौजूद रहे।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन

आई एम खान/दैनिक समाज जागरण

बिसौली। पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले में पशुपालकों को विभिन्न योजनाओं व रोगों से बचाव की जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम को

संबोधित करते हुए उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी केके त्यागी ने कहा कि पशुपालक डायल 1962 का उपयोग कर अपने पशुओं को घर पर ही मुफ्त उपचार करा सकते हैं। निशुल्क मोबाईल वेटनरी यूनिट उनके पशुओं का घर पर जाकर उपचार करेगी। मेले में पशुओं की विभिन्न मौसमी बीमारियों, उनके उपचार, कृत्रिम गभार्धान, व टीकाकरण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर पशु चिकित्सक डा. दीप वार्ष्णेय, डा. रवीन्द्र, डा. जितेन्द्र, ग्राम प्रधान अवधेश कुमार, दरियाब, राजाराम, बाबूराम, सुरेन्द्र, अचल, राजेश आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

डाक्टर और पुलिस का आपस में गहरा संबंध - डा. ओपी सिंह

बदायूँ मेडिकल कॉलेज के वार्षिकोत्सव का समापन

आई एम खान/दैनिक समाज जागरण

बदायूँ। डाक्टर और पुलिस का आपस में गहरा संबंध है जो आम लोगों से जुडा है। उपरोक्त ख्यालात का इजहार बदायूँ मेडिकल में चल रहे वार्षिकोत्सव न्यूक्लियस 2023 के समापन पूर्व संगठन बतौर मुख्य अतिथि शामिल एसएसपी डा. ओपी सिंह ने करते हुए बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन से मानसिक शांति की प्राप्ति होती है। उन्होंने छात्रों

के अनुरोध पर अपनी स्वरांजलि पेश कर उन्हें अपनी संस्था को सभी क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए मन लगाकर पढने, खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सहभाग करने की सलाह दी। कालेज के प्रधानाचार्य डाक्टर एन सी प्रजापति ने चाय पर चर्चा कार्यक्रम में अपनी सफलता का रहस्य बताते हुए कहा कि जिस किसी काम को करें उसे पूरी लगन के साथ तब तक करें जब तक कि सफलता मिल न जाए।

परिवहन निगम ने तैयार किया प्लान, प्रत्येक घंटे अउ बसों को किया जाएगा संचालन

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

वाराणसी से अयोध्या तक की यात्रा और सुगम होने जा रही हैं। इसको लेकर परिवहन निगम ने प्लान तैयार किया हैं। इस प्लान के धरातल पर आने के बाद वाराणसी और अयोध्या में पर्यटकों की संख्या में इजाफा होगा। इसको लेकर उत्तर प्रदेश परिवहन की तरफ से प्रत्येक आधे घंटे में वाराणसी से अयोध्या के बीच बसों के संचालन किए जाने की तैयारी है। अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही प्रत्येक घंटे बनारस से अयोध्या के लिए अउ बसों को संचालित किया जाएगा।

वाराणसी परिक्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक प्रबंधक गौरव वर्मा ने कहा कि अयोध्या और वाराणसी बड़ी ही तेजी से टूरिस्ट प्लेस के रूप में विकसित हुआ है। इसको देखते हुए वाराणसी से अयोध्या के बीच यात्रियों की सुगमता को लेकर प्लान तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि इस प्लान के तहत प्रत्येक एक घंटे के अंतराल पर अउ बसों के संचालन और प्रत्येक आधे घंटे के अंतराल पर नॉर्मल बस का संचालन करवाए जाने की तैयारी है। वाराणसी से सुल्तानपुर रूट से होते हुए अयोध्या या फिर वाराणसी- जौनपुर के शाहगंज रूट से होते हुए अयोध्या के लिए बसों का संचालन किया जाएगा। परिवहन खर्च भी निजी बसों की अपेक्षा बहुत कम होगा।

भतुआ की खेती कर किसान कर रहे अच्छा मुनाफा

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर
दैनिक समाज जागरण

गाजीपुर जनपद के भांवरकोल क्षेत्र के किसान अब परंपरागत खेती छोड़कर अब अधिक आमदनी करने वाली खेती करना शुरू कर दिए है। किसान मिर्च टमाटर और केले की खेती तो कर रहे हैं लेकिन उनमें अत्यधिक लागत फसलों की सुरक्षा और मजदूरों की समस्या को लेकर काफी परेशान है। अब वह इन समस्याओं से निजात पाते हुए कुछ ऐसी खेती करना चाहते हैं जिसमें उक्त समस्याओं से तो कुछ निजात मिले ही और उनकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो। ऐसी ही खेती में बहुत कम लागत में अधिक लाभ देने वाली भतुआ की खेती भी कुछ किसानों ने अभी शुरू किया है। वह इस खेती से काफी संतुष्ट हैं, भतुए की खेती में काफी कम लागत लगाकर किसान अच्छी आमदनी प्राप्त कर रहे हैं।भतुआ की बड़े पैमाने पर खेती करने वाले किसान शेरपुर खुर्द निवासी ज्ञानेंद्र कुमार राय(पहलवान) ने बताया कि वह मिर्च और टमाटर तथा मटर की खेती करते थे लेकिन इस खेती में काफी खर्च और मजदूरों की समस्या को देखते हुए उन्होंने इन फसलों की खेती काफी कम कर दी है और काफी कम खर्च में अधिक आमदनी देने वाली भतुआ की खेती विगत 7-8 वर्षों से कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि केवल शेरपुर में सौ से डेढ़ सौ एकड़ भतुआ की खेती की गई है ।इस खेती का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह पूरी तरह से जैविक खेती है। बुवाई के 140 से 150 दिन में इसका फल पककर तैयार हो जाता है ।इस खेत में मटर की खेती करने वाले किसान भतुए के कच्चे फल को भी बेच देते हैं और फिर उसे खाली खेत में मटर की बुवाई भी कर देते हैं। इससे उनका दोहरा लाभ ही प्राप्त हो जाता है ।भतुए की खेती में खर्च नाम मात्र का पड़ता है। भतुए की खेती में कुल लगभग दस हजार रुपए प्रति एकड़ पड़ता है ।इसमें 300 से 350 ग्राम बीज प्रति एकड़ लगता है । जून जुलाई में बरसात शुरू होने पर इसकी बुवाई होती है तथा 25 से 30 दिन बाद निकाई -गुड़ाई के साथ वर्मी कंपोस्ट का प्रयोग किया जाता है। अगर मौसम ने साथ दिया तो भतुआ की पैदावार 15 से 20 मेट्रिक टन प्रति एकड़ तक हो सकती है। बाजार भाव के हिसाब से इसकी खरीद बिक्री होती है इस समय भतुआ ड्ड600 प्रति क्विंटल बिक रहा है। किसानों को इसकी बिक्री करने में भी कोई परेशानी नहीं होती और लोकल मार्केट में ही गाजीपुर, मुहम्मदाबाद तथा मऊ में पेठा बनाने वाली फैक्ट्री के स्वामी के अलावा विभिन्न प्रकार की मिठाइयां बनाने वाले व्यवसायी भी इसे खरीद लेते हैं। गौरतलब है कि क्षेत्र के बांड़(गंगा के आसपास) और करइल के किसानों मिर्च टमाटर मटर तथा केले की खेती बड़े पैमाने पर करते हैं जिसमें बहुत अधिक लागत और मजदूरों की कमी के साथ-साथ जंगली जानवरों से फसल की सुरक्षा की बहुत बड़ी समस्या होती है।

न्यायमूर्ति शमीम अहमद ने हथियाराम मठ के वाटिका में किया पौधरोपण

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर
दैनिक समाज जागरण

गाजीपुर। न्यायमूर्ति शमीम अहमद ने शुक्रवार को हथियाराम मठ के नवग्रह वाटिका में अपने धर्मपत्नी के साथ पौधारोपण किया। न्यायमूर्ति शमीम अहमद आज सुबह करीब 11 बजे हथियाराम मठ पहुंचे और देवी माता का दर्शन किया। इसके बाद महामंडलेश्वर स्वामी भवानीनंदन यति जी ने मठ में उनका स्वागत किया और हथियाराम मठ के स्वर्णीम इतिहास के बारे में बताया कि यह मठ करीब 900 साल पुराना मठ है और इस मंदिर का निर्माण करीब चार सौ साल पहले हुआ है। यह बुढ़िया माई का मंदिर अलौकिक शक्तिपीठ है। न्यायमूर्ति शमीम अहमद व उनकी धर्मपत्नी ने वाटिका में फलदार वृक्ष आम का दो पौधरोपण किया। न्यायमूर्ति शमीम अहमद ने बताया कि अबतक वह पांच हजार वृक्ष लगा चुके हैं। एक वृक्ष सौ पुत्र के समान होता है। पर्यावरण को बचाने के लिए लोग ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करें तभी धरती सुरक्षित रहेगी और मानव समाज बचा रहेगा। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक अधिकारी गाजीपुर और आजमगढ़, अपर जिला जज गाजीपुर, समाजसेवी रजनीश राय, सादात ब्लाक प्रमुख के प्रतिनिधि संतोष यादव, आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

महाविद्यालय के संस्थापक कर्मवीर सत्यदेव सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर
दैनिक समाज जागरण

डॉ राम मनोहर लोहिया डिग्री कॉलेज अध्यात्मपुरम ढोटारी गाजीपुर में महाविद्यालय के संस्थापक कर्मवीर सत्यदेव सिंह की छठवीं पुण्यतिथि मनाई गई। डॉ राम मनोहर लोहिया डिग्री कॉलेज अध्यात्मपुरम कर्मवीर सत्यदेव सिंह की कर्मस्थली रही है, जहां से ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च शिक्षा प्रकाशमान हो रही है।
आज अध्यात्मपुरम से लेकर सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेज गाधीपुरम गाजीपुर पूरे पूर्वांचल में शिक्षा का केंद्र बना हुआ है। अपने प्रकाश से क्षेत्र के युवाओं को शिक्षित कर उनके उज्जवल भविष्य का निर्माण कर रहा है और राष्ट्र को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।
हम सभी कर्मवीर सत्यदेव सिंह की पुण्यतिथि पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं ।इस अवसर पर प्राचार्य डाक्टर बिजेंद्र सिंह, निदेशक प्रमोद सिंह समेत सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

एसएस पब्लिक स्कूल में मनाया गया वार्षिक खेल दिवस समारोह

दिलीप कुमार जायसवाल
ब्यूरो समाज जागरण जौनपुर

सिद्दीकपुर, जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के एसएस पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को वार्षिक खेल दिवस समारोह का आयोजन हुआ जहां मुख्य अतिथि निदेशक डॉ. नम्रता सिंह, शिक्षा निदेशक आलोक कुमार और प्रधानाचार्या सीमा सिंह रहे जिन्होंने सर्वप्रथम मां सरस्वती और बाबू जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुये दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम की शुरूआत किया। इसके बाद मशाल जलाकर खेल का शुभारम्भ किया गया जिसमें 100 मी. रेस, 200 मी. रेस, रिले रेस, स्लो साइकिलिंग, टग ऑफ वार प्रतियोगता का आयोजन हुआ। ब्लू हाउस, एलो हाउस, ग्रीन हाउस, रेड हाउस के बच्चों ने भाग लिया जिसमें रेड हाउस की टीम विजयी रही तथा ब्लू हाउस को दूसरे स्थान पर विजयी घोषित किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने सभी प्रतिभागी बच्चों को मेडल और ट्राफी प्रदान किया। साथ ही बच्चों का उत्साहवर्धन भी किया। प्रधानाचार्या सीमा सिंह ने कुशलतापूर्वक कार्यक्रम सम्पन्न होने पर सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर तमाम शिक्षकगण, छात्र आदि मौजूद रहे।

अयोध्या पहुंचे मुख्यमंत्री योगी, प्रधानमंत्री के आगमन के पूर्व तैयारियों का जायजा लेंगे

अयोध्या।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को रामनगरी पहुंच गए हैं। उन्होंने यहां एयरपोर्ट पहुंचने के बाद सबसे पहले हनुमानगढ़ी में बजरंगबली के दर्शन किए जिसके बाद वो राममंदिर जाकर भगवान रामलला के दर्शन पूजन करेंगे। इसके बाद सीएम योगी पीएम मोदी के 30 दिसंबर को होंने वाले कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करेंगे। सीएम योगी का अयोध्या में चल रहे विकास कार्यों के निरीक्षण का भी कार्यक्रम है।
बता दें कि पीएम मोदी 30 दिसंबर को अयोध्या आने वाले हैं। पीएम मोदी को लेकर अयोध्या वासी काफी खुश हैं। वो उनका दिलखोलकर स्वागत करना चाहते हैं।
पूरी अयोध्या को फूलों से सजाया जा रहा है। लोग जगह जगह रंगोलियां बना रहे हैं। पीएम मोदी और सीएम योगी को लेकर बच्चों में खास उत्साह है। गौरतलब है कि पीएम मोदी यहां पर न केवल इंटरनेशनल एयरपोर्ट का शुभारंभ करेंगे बल्कि अमृत भारत ट्रेन भी जनता को समर्पित करेंगे। इसके अतिरिक्त पीएम मोदी अयोध्यावासियों को करोड़ों की परियोजनाओं की सौगात देंगे।
16 जनवरी से सात दिवसीय अभिषेक समारोह की शुरूआत
16 जनवरी को मंदिर ट्रस्ट द्वारा नियुक्त यजमान श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र प्रायश्चित समारोह का संचालन करेंगे। सरयू नदी के तट पर 'दशविध' स्नान, विष्णु पूजा और गायों को प्रसाद दिया जाएगा।
इसके बाद 17 जनवरी को भगवान राम की बाल स्वरूप (राम लला) की मूर्ति लेकर एक जुलूस अयोध्या पहुंचेगा। मंगल कलश में सरयू जल लेकर श्रद्धालु राम जन्मभूमि मंदिर पहुंचेंगे।
18 जनवरी को गणेश अंबिका पूजा, वरुण पूजा, मातृका पूजा, ब्राह्मण वरण और वास्तु पूजा के साथ औपचारिक अनुष्ठान शुरू होंगे।
19 जनवरी को, पवित्र अग्नि जलाई जाएगी, इसके बाद 'नवग्रह' की स्थापना और 'हवन' (आग के चारों ओर पवित्र अनुष्ठान) किया जाएगा। राम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह को 20 जनवरी को सरयू जल से धोया जाएगा, जिसके बाद वास्तु शांति और 'अन्नाधिवास' अनुष्ठान होगा।
21 जनवरी को रामलला की मूर्ति को 125 कलशों से स्नान कराया जाएगा और अंत में उन्हें समाधि दी जाएगी।
अंतिम दिन 22 जनवरी को सुबह की पूजा के बाद दोपहर में 'मृगशिरा नक्षत्र' में राम लला के विग्रह का अभिषेक किया जाएगा।

कर्मवीर सत्यदेव सिंह के छठवीं पुण्यतिथि पर दी गयी भावभीनी श्रद्धांजलि

माता-पिता का करें सेवा-सत्कार-न्यायमूर्ति शमीम अहमद

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर
दैनिक समाज जागरण

गाजीपुर जनपद के सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के प्रांगण में गुरूवार को संस्थाओं के संस्थापक, दूरद्रष्टा, समाज को शिक्षा से आलोकित करने वाले कर्मवीर सत्यदेव सिंह जी का छठवां पुण्यतिथि जोर शोर से मनाया गया। पुण्यतिथि के एक दिन पूर्व राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन रखा गया था जिसका विषय था ह्वराष्ट्रीय चिति के सृजन में लोक संस्कृति की प्रासंगिकताह्व विषय पर अनेक विद्वानो ने अपने विचार को व्यक्त किया । उसी क्रम में इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन भी था ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व चेयरमैन यूजीसी एवं शिक्षा सलाहकार उत्तर प्रदेश सरकार आदरणीय प्रोफेसर डी.पी. सिंह थे । विशिष्ट अतिथि के रूप में लखनऊ खंडपीठ के न्यायमूर्ति शमीम अहमद की गरिमामय उपस्थिति रही । कार्यक्रम की अध्यक्षता गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय जमुहार रोहतास के कुलपति गोपाल नारायण सिंह थे । मंच पर विशिष्ट अतिथि के रूप में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल के कुलपति प्रोफेसर एस.के. जैन, जननायक चंद्रशेखर विश्व विद्यालय बलिया के कुलपति प्रोफेसर संजीत कुमार गुप्त, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी से प्रोफेसर रघुवीर सिंह तोमर, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी से प्रोफेसर चतुर्भुज नाथ तिवारी, निदेशक दांतो पंत ठेगड़ी शोध संस्थान भोपाल डॉक्टर मुकेश कुमार मिश्रा, डीन डॉक्टर अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली प्रोफेसर सत्य केतु ,संस्कृत विभाग अध्यक्ष हिंदी विश्व भारती शांति निकेतन डॉक्टर सुभाष चंद्र रॉय, पूर्व कुलपति गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय श्रीनगर प्रोफेसर लल्लन जी सिंह ,पूर्व कुलपति भोज विश्वविद्यालय भोपाल मध्य प्रदेश कमलाकर सिंह, पूर्व कुलपति जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया प्रोफेसर योगेंद्र सिंह, कुलपति महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी प्रोफेसर आनंद कुमार त्यागी, की गरिमामय उपस्थिति रही। मंच पर पूज्य महाराज श्री भवानी नंदन यति जी महामंडलेश्वर जूना अखाड़ा एवं पीठाधीश्वर हथियाराम तथा पूज्य श्री योगी आनंद जी संस्थापक गीता गुरुकुल फाउंडेशन मिशीगन अमेरिका के सानिध्य में कार्यक्रम का क्रियान्वयन होता रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विशिष्टअतिथिगण के द्वारा माता सरस्वती, स्वामी विवेकानंद एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पर्जन कर साथ ही कर्मवीर सत्यदेव सिंह जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।तत्पश्चात वैदिक परंपरा का पालन करते हुए सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल के छोटे विद्यार्थियों द्वारा रामचरितमानस से शिव विवाह की चौपाइयों को बहुत ही सुंदर लय में प्रस्तुत किया गया । सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेज के मुख्य प्रबंध निदेशक प्रोफेसर आनंद सिंह ने सभी अतिथि गणों तथा अति विशिष्ट अतिथि गणों का विस्तार से परिचय देते हुए स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। उन्होंने उपरोक्त संगोष्ठी के विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा किसी राष्ट्र की मूल ह्यचेतनाह्व ही है भारतीय संस्कृति के भीतर जो मूल है वह राष्ट्रीय चेतना है। परमात्मा ही परम चेतना है जो राष्ट्र के कण-कण में विद्यमान होता है ।भारत की चेतना लोक संस्कृति, लोक भाषा,लोक भोजन, संपूर्ण लोक को धारण किया हुआ है। भारत की मूल चेतना धर्म है। कार्यक्रम के मध्य में राज्य सभा सदस्य नीरज

शेखर, बलिया सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त, आयुष मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार दया शंकर मिश्र दयालु, भाजपा के जिला अध्यक्ष सुनील सिंह मंच पर उपस्थित हुए। कार्यक्रम का आरंभ सनातनी शिष्यों द्वारा मंगलाचरण प्रस्तुत कर किया गया तत्पश्चात सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेस के संरक्षक प्रोफेसर हरिकेश सिंह ने सबका स्वागत एवं गरिमामय उपस्थिती के लिए धन्यवाद दिया। मंच पर ऐसे विद्वान एवं प्रबुद्ध जनों की उपस्थिति और उनके मुखारविंद से अनवरत ज्ञान का प्रवाह ऐसा लग रहा था मानो अमूल्य ज्ञान और मौलिक विचारधारा का सैलाब अनवरत प्रवाहित हो रहा हो । अपने भाषण में प्रोफेसर मुकेश मिश्रा ने कहा की लोक धर्मशास्त्र या धर्म ग्रंथो को प्रमाणित करने का माध्यम है यह कार्यक्रम सनातन के नदी में स्नान करने का दुर्लभ अवसर है । प्रोफेसर सत्य केतु पांडे ने अभिभूत होकर कहा की सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेज का प्रबंधन ,मुख्य रूप से स्वर्गीय सत्यदेव सिंह जी की पत्नी सावित्री सिंह जी और उनके पुत्र प्रोफेसर आनंद सिंह और प्रोफेसर सानंद सिंह जो लोक संस्कृति को उजागर कर रहे हैं ।यह राष्ट्र चेतना की अहम कड़ी है और इसका जीता जागता यह कार्यक्रम उदाहरण है। न्यायमूर्ति शमीम अहमद लखनऊ खंडपीठ ने राष्ट्र चित के निर्माण में लोक संस्कृति की प्रासंगिकता पर बोलते हुए अपने वक्तव्य को शेर प्रस्तुत कर प्रारंभ किया। उन्होंने कहा ह्यखुद को आफते जमाना से बचाए रखिए ,वक्त का सभी को किरदार बनाए रखिए ह्य उन्होंने आगे कहा की मां-बाप को हमेशा उच्च स्थान पर बैठाना चाहिए क्योंकि हम सब उन्हीं की संताने हैं और उन्हीं से हमारा यह सुखमय जीवन है ।मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रोफेसर डी पी सिंह ने कहा कि कर्मवीर पूज्य सत्यदेव सिंह जी की आत्मा बहुत खुश होगी क्योंकि उन्होंने जो शिक्षा का लौ जलाया वह लौ आज पूरे गाजीपुर जनपद को आलोकित कर रहा है। राष्ट्रीय चेतना सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेस के प्रांगण में साक्षात दिखाई दे रहा है। प्रोफेसर सुरेश जैन ने कहा कि जैसे भगवान राम की तुलना भगवान राम से ही की जा सकती है उसी तरह कर्मवीर सत्यदेव सिंह की तुलना उनके कर्म और उनकी चेतना से ही की जा सकती है ।अन्यथा दूसरा कोई उपमा नहीं है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रोफेसर गोपाल नारायण सिंह जी ने कहा कि संस्कार और संस्कृति बोलने से नहीं बल्कि मनन करने से आती है। राम को राम बनाने वाले राम नहीं थे विश्वामित्र थे। इस तरह आज के वर्तमान परिवेश में छात्र छात्रों में संस्कृत और अनुशासन का सृजन करने के लिए गुरुजनों का उत्तरदायित्व है ।गुरु शास्त्र और शस्त्र दोनों की शिक्षा देता है ।मंच पर संत समाज से एवं आध्यात्मिकता को अपने अंदर गहराई से समेटे हुए बाबा बालक नाथ ने उपदेश दिया कि हमारी संस्कृति हमें आगे ले जाती है और पाश्चात्य संस्कृति पीछे की ओर ले जाती है ।शिक्षा में रामायण और गीता का अध्याय भी पढ़ाया जाना अति आवश्यक है । तत्पश्चात जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया के संस्थापक कुलपति प्रोफेसर योगेंद्र सिंह जी ने भी उक्त राष्ट्रीय संगोष्ठी का विषय राष्ट्रचित के सृजन में लोक संस्कृति की प्रासंगिकता पर भाषण देते हुए कहा की लोक संस्कृति या लोक साहित्य राष्ट्र की चेतना में आवश्यक होनी चाहिए। उन्होंने तुलसी कृत रामचरितमानस की चौपाई प्रस्तुत करते हुए कहा की धर्म न दूजा सत्य समाना ,वेद पुराण निगम सब जाना ठीक उसी प्रकार कर्मवीर सत्यदेव सिंह जी सत्य है प्रोफेसर आनंद सिंह और प्रोफेसर सानंद सिंह दोनों राम की भूमिका में है जो लोक संस्कृति के पक्षधर हैं और राष्ट्र चेतना में अहम भूमिका निभा रहे हैं । जननायक विश्वविद्यालय बलिया के उप कुलपति संजीत कुमार गुप्त ने बताया कि आज के परिवेश में संस्कृति हमारा स्वभाव ,हमारा सांस्कृतिक मूल्य ,हम भूल गए हैं इसलिए हम पिछड भी गए हैं। राष्ट्रीय चेतना शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय के द्वारा किया गया था जो आज हम सब मिलकर इसको धारण करने के लिए तैयार हैं। कार्यक्रम के अगली कड़ी में गाजीपुर जनपद के शहीद परिवारों को सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेस के मुख्य प्रबंध निदेशक डॉ आनंद सिंह तथा प्रबंध निदेशक डॉ सानंद सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। शहीदों के सम्मान में पीठाधीश्वर महाराज भवानी नंदन यति जी ने ₹100000 की सहयोग राशि भी प्रदान किया। मंच पर उपस्थित भाजपा सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने शहीद परिवारों को आश्वासन दिया कि उनका जो भी कार्य होगा उसको करने के लिए वह अपनी भरपूर ताकत लगा देंगे । इस क्रम में वनवासी बच्चों को भी आदरणीय महाराज जी ने ₹50000 का सहयोग दिए साथ ही सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेस की तरफ से भी उनको मंच पर वस्त्र देकर एवं पाठ्य सामग्री देकर सम्मानित किया गया।अंत में जनपद गाजीपुर एवं आसपास के गरीब बस्तियों से लोगों को आमंत्रित किया गया था जिनको मंच पर सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेस प्रबंधन परिवार की तरफ से कंबल वितरित कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में आयुष मंत्री दया शंकर मिश्रा दयालु ने गाजीपुर जिले में एक बड़ा अस्पताल स्थापित करने का आश्वासन दिया।राज्य सभा सांसद नीरज शेखर ने सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेज से पारिवारिक लगाव रखते हुए उन्होंने इस

सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेज की पावन धरती को नमन किया ।सबसे अंत में मंच पर उपस्थित संतो के शिरोमणि पीठाधीश्वर भवानी नंदन यति जी महाराज एवं पूज्य योगी आनंद जी का अभिभूत कर देने वाला आशीर्वचन प्राप्त हुआ जो देशभक्ती भावना से ओत प्रोत था।
संजय निषाद मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार भी कार्यक्रम में पहुंच कर कर्मवीर सत्यदेव सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किये।
कार्यक्रम में मशहूर गायक बंटी वर्मा ने अपने गायन से चार चांद लगाने का काम किया।
कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को अंगवस्त्रम् एवं नव वर्ष की डायरी एवं कैलेंडर भेंट किया गया।सभी के लिए जलपान एवं भोजन की बहुत ही सुंदर ब्यवस्था की गई थी।
इस भव्य कार्यक्रम में संस्थान परिवार से संरक्षिका श्रीमती सावित्री देवी, डॉक्टर सुमन सिंह, डॉक्टर प्रीति सिंह, दिग्विजय उपाध्याय काउंसलर, अमित रघुवंशी, डॉ रामचंद्र दुबे प्राचार्य ,डॉक्टर तेज प्रताप सिंह, डॉ वीरेंद्र सिंह ,प्रमोद सिंह निदेशक, डाक्टर बिजेन्द्र सिंह प्राचार्य,सुनील यादव, अजीत यादव, चंद्रसेन तिवारी प्रिंसिपल सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल, राजकुमार त्यागी, आवेश कुमार विवेक सौरभ,प्रमुख समाजसेवी अरविन्द राय, डाक्टर राकेश राय प्रबंध निदेशक जय बजरंग ग्रुप आफ कालेजेज, आनंद सिंह प्रबंध निदेशक आई डी मेमोरियल ग्रुप आफ कालेजेज, डाक्टर अशोक सिंह, यशवन्त सिंह, आशुतोष राय,अवनीश राय, आनंद कुमार त्रिपाठी,गोपाल सिंह यादव,प्रमोद राय, शशांक शेखर राय, बिनोद राय गुड्डु,अनिल राय, जितेन्द्र राय,मनिन्दर सिंह बग्गा,विपिन बिहारी राय, डाक्टर दिनेश सिंह, प्रोफेसर रामबदन राय, डाक्टर व्यास मुनि राय,राम जी गिरी,रविदेव गिरी, हिमांशु राय,प्रसून सिंह, देवेन्द्र सिंह देवा, कृष्ण कुमार मिश्रा, टुनटुन सिंह,कष्णानन्द राय, श्याम राज तिवारी, सम्पूणार्नंद उपाध्याय, कृपाशंकर सिंह,राजू सिंह,श्री प्रकाश राय, जनार्दन राय, विश्राम यादव तथा जनपद के कोने-कोने से आए प्रबुद्ध जन, पत्रकार, शुभचिंतक, कालेज के छात्र छात्राओं समस्त कर्मचारी एवं भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

मेले में किसानों को दी गयी जैविक खेती की जानकारी

ब्यूरो समाज जागरण जौनपुर

जफराबाद, जौनपुर। सिरकोनी ब्लॉक मुख्यालय पर किसान मेला का आयोजन हुआ जहां किसानों को जैविक खेती सहित अन्य जानकारियां दी गयीं। हालांकि भयंकर शीतलहरी के कारण किसानों की उपस्थिति कम रही। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक सुरेंद्र प्रताप सोनकर ने किसानों को जैविक खेती के फायदों को बताया। साथ ही बर्मी कम्पोज खाद बनाने की जानकारी दिया। यंत्रीकरण के उपयोग करने के ढंग को बताया। साथ ही नई बीज उत्पादन कैसे हो, इसे विस्तार से बताया। किसानों को कब–कैसे फसलों को किस रोग से बचाया जाय, उसके लिए किस दवा का छिड़काव किया जाय, उसकी जानकारी दी गयी। इसी क्रम में एडीओ एजी आशीष त्रिपाठी ने किसानों को सरकार द्वारा किस बीज में कितनी सब्सिडी मिलती है, उसे बताया। साथ ही कितना बीज कितने खेत में बोया जाना है, उसकी जानकारी दिया। इस अवसर पर राहुल पटेल, अभिनव मौर्य सहित तमाम किसान मौजूद रहे। कुल मिलाकर देखा गया कि मेले में ठण्ड का असर दिखाई दिया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन

दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो चीफ समाज जागरण जौनपुर

बक्शा, जौनपुर। स्थानीय विकास खण्ड के ग्राम बेलापार व उटरु खुर्द में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कैम्प लगाकर भारत व राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं के विषय में बताया गया जहाँ मुख्य अतिथि भाजपा नेता आशीष सिंह आशू एवं विशिष्ट अतिथि मण्डल अध्यक्ष भूपेश सिंह रहे। अध्यक्षता अंकित यादव अध्यक्ष सहकारी संघ ने किया। महामंत्री व कार्यक्रम संयोजक सूर्य प्रकाश चौबे, शैलेन्द्र दुबे, अवनीश दूबे, प्रमिला सिंह भी मौजूद रहे जहां जहाँ मुख्य अतिथि ने किसान सम्मान निधि, आवास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, शौचालय आदि योजनाओं की जानकारी दी गयी। इसी क्रम में योजना पाये लोगों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सीएचसी के डा. जनार्दन यादव सहित स्टाफ ने जरूरतमंदों को जाँच कर दवा दिया। पात्र लोगों को प्रधानमंत्री आयुष्मान कॉर्ड 5 लाख तक का वितरण किया गया। इस अवसर पर बक्शा ब्लाक के एडीओ कृषि अनुराग सिंह, सचिव कमलेश खरवार, गौड़ गणेश, राजेश यादव, योगेश गुप्ता सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। संचालन केशरी ने किया।

प्रधानमंत्री के रोड शो को सफल बनाने के लिए प्रमुख समाजसेवी राजन पांडेय ने कसी कमर

ब्यूरो समाज जागरण अयोध्या।

30 दिसंबर को अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित विशाल जनसभा,रोड शो, कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु प्रमुख समाजसेवी राजन पांडेय ने अयोध्या जिले की पांचो विधानसभा के विभिन्न गांव का तूफानी दौरा कर लोगो से अयोध्या पहुंचने की अपील की
समाजसेवी राजन पांडेय ने उपस्थित सभी लोगों से कहा की यह मौका हम सभी अयोध्यावासियो के लिए ऐतिहासिक पल होगा इसलिए इसे भव्य बनाना हमारी जिम्मेदारी है
समाजसेवी ने बताया की उनके द्वारा लगभग 2 हजार लोगो को कार्यक्रम स्थल पर निजी खर्च से भेजने का प्रबंध किया गया है
उन्होंने उपस्थित जनसमूह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि आपके नेतृत्व में 10 साल पहले की अयोध्या और आज की अयोध्या में जमीन आसमान का अंतर आ चुका है आज हमारी अयोध्या विश्व पटल पर विकास के अनेक रिकार्ड बनाकर कायाकल्पित हो रही है
समाजसेवी ने कहा कि इस विकास का सबसे ज्यादा लाभ हमारे गरीब भाइयों को होगा क्योंकि उनको रोजगार के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा यही अपने घर में रोजगार मिलेगा
समाजसेवी राजन पाण्डेय ने सभी पांचो विधानसभा में लगभग 2 दर्जन से अधिक शोकाकुल परिवारों से मुलाकात कर यथासंभव आर्थिक मदद करते हुए उनके दुखों को कम करने का प्रयास किया
पांडेय जी के साथ सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहे

जन जागरण के लिये नुक्कड़-नाटक का हुआ आयोजन

दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण जौनपुर

जौनपुर। समग्र शिक्षा के अन्तर्गत बालिका शिक्षा एवं सशक्तिकरण के मुद्दों पर जनजागरूकता अभियान हेतु नुक्कड़ नाटक प्रदर्शन जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड व नगर क्षेत्र के सार्वजनिक स्थलों पर कराया जा रहा है। इसी क्रम में नगर कोतवाली के पास नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन करके लोगों में जनजागरुकता का प्रचार प्रसार किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बेसिक शिक्षा के अर्न्तगत बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना एवं अभिभावकों के खाते में भेजे जा रहे डी0बी0टी0 के माध्यम से बच्चों के लिए जूता मोजा, ड्रेस, स्वेटर, बैग एवं स्टेशनरी क्रय हेतु धनराशि का बच्चों के ऊपर व्यय सही तरीके से किये जाने हेतु हैं। कार्यक्रम संचालन में एसआरजी डॉ0 कमलेश यादव ने उपरोक्त बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। नुक्कड़ नाटक हेतु लखनऊ से टीम निर्धारित की गयी थी जिसके द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर तमाम लोगों की मौजूदगी रही।

कड़ाके की ठंडक और घने कोहरे से अस्त-व्यस्त रहा जनजीवन

कोहरे की घनी चादर में लिपटा रहा पूरा दिन , घरों में दुबके रहे लोग

सड़कों पर छाया रहा सन्नाटा यातायात सेवा भी रही प्रभावित

प्रशासन की तरफ से अलाव जलाने का नहीं है पुख्ता इंतजाम

दैनिक समाज जागरण

सिद्धार्थनगर। जिले में कोहरे की भीषण दस्तक ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। ठंडक से चारों तरफ त्राहिमाम हो रहा है। बिगत दिन सुबह से शाम तक धूप न निकलने से लोगों में ठंड को लेकर तरह-तरह की चचाएं होनी शुरू हो गई हैं। इतना ही नहीं ठंड और कोहरे का असर घरों से बाहर देखने को मिला सड़के काफी सुनसान रही सिर्फ बहुत जरूरतमंद लोग ही घर से बाहर निकलते दिखाई दिए। लोगों में कड़ाके की ठंड और बढ़ते कोहरे को लेकर तरह-तरह की कवायदें होने लगी। कोई कहता है कि अभी तो जबरदस्त ठंडक की शुरूआत हुई है तो वहीं पर कोई कहता कि पड़ोसी राष्ट्र नेपाल की पहाड़ीयों की वजह से ठंडक ने विकराल रूप में दस्तक दिया है। सूत्रों के अनुसार देश के कई राज्यों में ठंडक और कोहरे का कहर जारी है। तापमान कितना गिर चुका है इसका अंदाज सिर्फ ठंडक से ही लगाया जा सकता है। जिले के इटवा क्षेत्र में ठंडक से निपटने के लिए प्रशासन की तरफ से कोई पुख्ता इंतजाम भी नहीं किया गया है। शासन की तरफ से अलाव जलाने की व्यवस्था को अमली जामा पहनाने में प्रशासनिक तंत्र पूरी तरह से निष्क्रिय साबित हो रहे हैं। ऐसे में लोग भीषण ठंडक की तांडव झेलने को विवश हैं। सूत्रों के अनुसार बढ़ती ठंडक की वजह से निम्न वर्ग के लोगों के सामने रोजी-रोटी के भी संकट खड़े होने की संभावना को नकारा नहीं जा सकता है। बताते चलें कि बिगत दिन लोग कड़ाके की ठंडक की वजह से घरों में दुबके रहे। और बच्चों को ठंडक से बचाने के लिए तरह-तरह का इन्तजाम करते देखे गए। कुल मिलाकर पूरा दिन कोहरे की चादर में लिपटा रहा और लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त और बेहद प्रभावित देखने को मिला। कोहरे के कारण भी लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घने कोहरे और शीतलहर के कारण यातायात काफी प्रभावित रहा।

जिला पर्यावरण समिति की बैठक महात्मा गांधी सभागार कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी श्रीमती सी. इंदुमती की अध्यक्षता में संपन्न हुई

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर जिला पर्यावरण समिति की बैठक महात्मा गांधी सभागार कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी श्रीमती सी. इंदुमती की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने पर्यावरण से संबंधित ठोस अपशिष्ट, प्लास्टिक अपशिष्ट, कंस्ट्रक्शन एवं डिमोलिशन वेस्ट प्रबंधन, जैव चिकित्सा अपशिष्ट, प्रतिबंधित पालीथीन, सिंगल यूज प्लास्टिक आदि बिन्दुओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में नगर पालिका परिषद फतेहपुर,नगर पंचायत बहुआ,खागा,जहानाबाद, असोथर, हथगाम के अधिशासी अधिकारियों के अनुपस्थिति रहने पर स्पष्टीकरण लेने के निर्देश सम्बधितों को दिये। उन्होनें कहा कि नगर पालिका परिषद/नगर पंचायतों में नियमित साफ-सफाई कराते, कूड़े का उठान समय से कराये, नगर पालिका/नगर पंचायत क्षेत्रों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें, की निगरानी बनाये रखने के निर्देश अधिशाषी अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि नगर पालिका/नगर पंचायतों में निमार्णाधीन एमआरएफ सेंटर का कार्य शेष है जल्द से पूरा कराते हुए उपकरण लगाते हुए एमआरएफ सेंटर में कूड़ा का निस्तारण की कार्यवाही की जाय। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक जब्तीकरण अभियान में तेजी लाये साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक को न उपयोग करने के लिए नागरिकों को जागरूक करें एवं दुकानदारों को सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने की चेतावनी भी देने निर्देश सम्बधितों को दिए। जैव चिकित्सा अपशिष्ट का निस्तारण नियमानुसार कराए और इसकी निरंतर निगरानी बनाए रखे। ई-वेस्ट के निस्तारण के लिए क्षेत्रीय अधिकारी उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देश दिए कि कार्ययोजना बनाकर ई-वेस्ट का निस्तारण कराये और कार्ययोजना की रिपोर्ट से अवगत कराये। वर्षा काल 2023-24 मे विभागों द्वारा किये गये वृक्षारोपण की सफलता प्रतिशत की इस माह की रिपोर्ट जल्द से जल्द अवगत कराएं साथ ही शासन की मंशानुरूप किये गये वृक्षारोपण के सफलता प्रतिशत की रिपोर्ट प्रत्येक माह समय से उपलब्ध कराने के निर्देश सम्बधित विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि 2024-25 के लिये वृक्षारोपण का शासन द्वारा विभागों को पौधरोपण का लक्ष्य आवंटित कर दिया गया है, के अनुसार भूमि का चयन करने के निर्देश दिये ।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी(वि/रा0) अविनाश त्रिपाठी,अपर जिलाधिकारी न्यायिक धीरेन्द्र प्रताप, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रभागीय वनाधिकारी रामानुज त्रिपाठी, क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी, उप निदेशक कृषि, जिला विद्यालय निरीक्षक, ए0आर0टी0ओ0, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, डी0सी0 मनरेगा, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत, उपायुक्त उद्योग, गंगा सुरक्षा समिति के शैलेन्द्र शरन सिम्पल , क्षेत्रीय रेंजर सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

खजुहा कस्बे में रविवार को श्री राम जन्म भूमि तीर्थ द्वारा पुजित अक्षत कलश यात्रा का किया जायेगा भव्य आयोजन

दैनिक समाज जागरण/ऋषभ कुमार

बिंदकी फतेहपुर खजुहा कस्बे में रविवार को श्री राम जन्म भूमि तीर्थ द्वारा पुजित अक्षत कलश यात्रा का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम की जानकारी अरविंद सक्सेना ने बताया कि कलश यात्रा मां पंथेस्वरी धाम से हनुमान गढ़ी से होते हुए रावण तालाब से श्री राम जानकी ठाकुर द्वारा तक पहुंचेगी। इस अवसर विशिष्ट अतिथि के रूप में विभाग कारवाह ज्ञानेंद्र भाई साहब जिला प्रचारक योगेंश भाई साहब जिला सह प्रचारक अरुण जी भाई साहब जिला कारवांह बिंदेश्वर भाई साहब जिला सहकारवाह सोमदेव भाई साहब जिला संपर्क प्रमुख अरविंद पाल भाई साहब जिला सद्भावना प्रमुख संजय श्रीवास्तव भाई साहब,तथा विशिष्ट अतिथि विश्व हिंदू परिषद प्रांत उपाध्यक्ष वीरेंद्र पांडे, भाई साहब ,प्रांत निधि प्रमुख, अमित भाई साहब,प्रांत सह परावर्तन

प्रमुख अनिल भाई साहब, प्रांत सह परियोजना प्रमुख राजेंद्र भाई साहब,जिला अध्यक्ष डॉ विजय शंकर मिश्रा,जिला कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल भाई साहब,जिला मंत्री लोकेश जी गुप्ता भाई साहब,जिला संयोजक बजरंग दल राहुल अग्निहोत्री भाई साहब उपस्थित रहेंगे

डीएम ने कडाके की सर्दी के दृष्टिगत सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निराश्रित, असहाय व जरूरतमंदों को ठण्ड से बचाने के पुनः दिए कडे निर्देश।

कोई भी व्यक्ति फुटपाथ व खुलें में नही सोने पाए, सभी जरूरतमंदों को कम्बल वितरण होते रहें, ठण्ड से कोई भी जनहानि नही होने पाए-डीएम।

दैनिक समाज जागरण

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी डा0 उज्ज्वल कुमार ने अत्याधिक पड़ रही सर्दी व तापमान में गिरावट के चलते निराश्रितों, असहाय, गरीब मजदूरों व जरूरतमंदों की चिन्ता करते हुए एक बैठक के दौरान जिले के सभी उपजिलाधिकारियों, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका व नगर पंचायत एवं नगर निगम के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए है कि वह अपने अपने क्षेत्रों में सुनिश्चित करें कि कोई भी निराश्रित, असहाय, गरीब, मजदूर रोड के सहारे, दुकानों के बाहर, फुटपाथ व खुलें में नहीं सोने पाए। इसके लिए उन्होने सभी से अपील कि है कि यदि रात्रि के समय कोई व्यक्ति फुटपाथ या खुले में सोते हुए पाया जाता है तो उसे नजदीक के रैन बसेरें में पहुचाया जाए जहां पर उसे ठहरने के लिए आवश्यक सभी सुविधाऐं उपलब्ध है और वह सर्दी से बच सके।

उन्होने सभी सम्बन्धितों को पुनः निर्देश दिए कि चैराहों, सार्वजनिक स्थानों, बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन आदि स्थानों पर अलाव जलावाते रहे तथा स्थाई व अस्थाई रैन बसेरों को पूरी क्षमता के साथ संचालित रखा जाए। उन्होने स्पष्ट कहा कि सभी सम्बन्धित अधिकारी सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र में ठण्ड से कोई भी जनहानि नही होनी चाहिए। इसके लिए सभी उप जिलाधिकारी व अधिशासी अधिकारी नगर पालिका व नगर पंचायतों को निर्देश दिए कि वह रात्रि में स्वंय भ्रमणशील रहकर ठण्ड से बचाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाऐं सुनिश्चित कराऐं, इसके लिए वह अपने लेखपालों व

अधिनिष्ठ कर्मचारियों को भी लगाए।

जिलाधिकारी पूर्व में भी सभी उप जिलाधिकारियों, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, नगर पंचायातों व नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दे चुके है कि जनपद में कोई भी असहाय व निराश्रित व्यक्ति ठण्ड से पीडित नही होने पाए, इसके लिए उन्होने लगातार शहर के जैन मन्दिर चैराहा, बस स्टैण्ड, स्टेशन रोड, सौ सैय्या अस्पताल आदि स्थानों के रैन बसेरों का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाओं को जांचा व परखा था। उन्होने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि आवश्यकता पडने पर अस्थाई रैन बसेरों को और संचालित किया जाए तथा आवश्यकतानुसार अलाव जलाने के स्थानों को और चिन्हित कर अलाव जलाने की संख्या में वृद्धि की जाए। उन्होने सभी उप जिलाधिकारियों व तहसीलदारों को निर्देश दिए है कि वह अपने क्षेत्र में सभी गरीब असहाय व निराश्रित एवं जरूरतमंदों को कम्बल वितरण करते रहें। इसके लिए सभी उप जिलाधिकारियों को पर्याप्त कम्बल की उपलब्धता करा दी गयी है और आवश्यकता पडने पर इसके लिए धनराशि की कमी नही पडने दी जाएगी।

गौतम बुद्ध की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर जनपद सिद्धार्थनगर का 35 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

दैनिक समाज जागरण

सिद्धार्थनगर,जिला मुख्यालय पर स्थापित गौतम बुद्ध की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर जनपद सिद्धार्थनगर का 35 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सांसद जगदंबिका पाल , सदर विधायक श्यामधनी राही, डुमरियागंज विधायक सैयदा खातून भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान शामिल रहें। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्यालय के साड़ी तिराहे पर स्थापित महात्मा गौतम बुद्ध की मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ की गई। इसके बाद जनप्रतिनिधि व प्रशानिक अधिकारियों ने कपिलवस्तु स्थित स्तूप पर पहुँच कर पूजा अर्चना की और स्तूप की परिक्रमा कर गौतम बुद्ध के दिए गए उपदेशों को याद किया गया। कपिलवस्तु में स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में बौद्ध भिक्षु शामिल रहे ।इस दौरान महराजगंज जिले से आये बौद्ध भिक्षुओं के प्रमुख जी एस थाहा ने मौजूद जनप्रतिनिधियों से बुद्ध कालीन अवशेषों को संरक्षित करने व महात्मा बुद्ध के अस्थि कलश को वापस लाने की मांग की। इस अवसर

पर मीडिया से बात करते हुए सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि गौतम बुद्ध की जन्मस्थली कपिलवस्तु के लिए विपश्यना केंद्र, व थीम पार्क के लिए पैसा आवंटित हो चुका है । जमीन अधिग्रहण का कार्य किया जा रहा है।अगले वर्ष तक बौद्ध सर्किट के तहत यंहा फोरलेन सड़क का निर्माण किया जाएगा।

गेडूरी गाँव में जल निगम द्वारा खुदाई की रास्ते में मिट्टी डाल रहे बीडीओ को ग्रामीणों ने दिया शिकायती पत्र

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर.. जिले के हसवा विकास खंड क्षेत्र के अन्तर्गत गेडूरी ग्राम पंचायत के दर्जनों ग्रामीणों ने हसवा बीडीओ को शिकायती पत्र दिया है। और गांव में ठेकेदार के खिलाफ में विरोध प्रदर्शन भी किया । ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम सभा में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइपलाइन डालने के लिए गड्ढे गढ्ढे पुरे गाँव में खुदाई किया गया है। और पतले मोटे सब तरह के पाइप डाले गए हैं। गाँव की हर गली में गड्ढे खोदे गए और पाइपलाइन डाली गई।

जिस समय गड्ढे में पाइपलाइन डाली जा रही थी। उसे समय भी गांव की गलियों से निकलना बड़ा मुश्किल था। और गलियों से निकलने में अधिक परेशानी हो रही थी । लेकिन जिम्मेदार द्वारा कहा गया था कि पाइपलाइन डाल देने के बाद गड्ढे की ठीक प्रकार भर दिया जाएगा। और रास्ता को सुगम बना दिया जाएगा। लेकिन ठेकेदार द्वारा मिट्टी डालकर

टूटी ईट डालकर जैसे तैसे भरा जा रहा था। जिससे बारिश में अधिक परेशानी हो जायेगी। ग्रामीणों ने ठेकेदार से शिकायत किया तो ठेकेदार का जवाब था ।कि जिस प्रकार से काम किया जा रहा है। वैसे ही किया जाएगा । जिसका ग्रामीणों ने विरोध भी किया। और ग्राम प्रधान श्रवण कुमार यादव ग्रामीणों ने काम बंद करवा दिया । ग्रामीणों ने कहाकि जब तक ठीक प्रकार से इंटरलॉकिंग नहीं होगी। और ठीक प्रकार से गड्ढे को नहीं भरा जाएगा। तब तक काम भी नहीं होगा।दर्जनों ग्रामीणों ने प्रधान पति की अगुवाई में खंड विकास अधिकारी हसवा को शिकायती पत्र दिया है। और उचित कार्रवाई करने की मांग किया गया है। ग्राम प्रधान पति श्रवण कुमार यादव ने बताया कि गाँव के अंदर लाखों रुपये लगाकर सरकार आरसीसी रोड बनाया गया। लेकिन जल निगम के ठेकेदारो द्वारा मनमानी ढंग से खुदाई कर दिया। रोड पर मिट्टी और पुराने ईट डाल के पुराई किया जा रहा है। बरसात के महीने में रोड़ तालाब बन जायेगी। जबकि जल निगम को डीएम ने आदेश जारी किया गया है कि आरसीसी रोड सड़क पर अच्छे ढंग निर्माण किया जाए। ठेकेदार खिलाफ जिलाधिकारी से भी शिकायत किया जायेगा। इस मौके पर विकास सिंह, श्रवण कुमार, गुलाब सिंह, धनराज, जवाहरलाल ,आशीष सिंह ,राहुल, दीपू ,सुनील, नीरज ,चंद्रेश सिंह, समेत दर्जनों ग्रामीण मैहजूद रहे।

भगवान की बाललीलाओ के सुनाएँ प्रसंग,झूमे श्रद्धालू

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर बिंदकी।नगर के बैलाही बाजार स्थित मूला देवी पार्क में श्री बालाजी सेवा न्यास के तत्वाधान में आयोजित संगीतमय सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिवस आचार्य विष्णु गोस्वामी जी महाराज ने भगवान की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण की बाल लीला पर गोकुल के लोग रीझ जाते थे।उनके बाल लीला का दर्शन करने के लिए स्वर्ग से देवता भी आते थे।भगवान श्री कृष्ण ने कई बार विपदाओं से गोकुल के लोगों की रक्षा की है।एक बार भगवान इंद्र ने कुपित होकर वृंदावन पर बारिश का प्रलय ला दिया था लेकिन श्री कृष्ण अपनी उंगली पर

गोवर्धन धारण करके देवराज इंद्र का मान मर्दन किया।इसी प्रकार श्री कृष्ण ने बाल्यावस्था में अनेक राक्षसों का वध करके गोकुल व वृंदावन की रक्षा की थी।इस दौरान कथा के समय पूरा पंडाल खचाखच भरा रहा।आचार्य ने उखल बंधन लीला,वृंदावन आगमन चीर हरण,कालीदह लीला, माखन चोरी व विभिन्न राक्षसों के वध के प्रसंग सुनाएँ।कथा मे केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री साध्वी निरजंन ज्योति ने आरती पूजन कर भजन सुनाएँ।उन्होंने कहा जब सौभाग्य का उदय होता है तभी भागवत कथा सुनने मिलती है।भगवान सत्य स्वरूप हैं।चित्त स्वरूप हैं। आनंद स्वरूप हैं। दैहिक, देविक,भौतिक तापों का हरण करने वाले हैं।उपजिलाधिकारी बिंदकी अनिल यादव,श्री बाला जी सेवा न्यास अध्यक्ष लक्ष्मीचंद्र ओमर मोना,अनूप गुप्ता,संजय गुप्ता,संजय अग्रवाल,योगेंद्र सिंह,विकास तिवारी, शरद ओमर,रमेश गुप्ता, विमलेश ओमर,अनूप अग्रवाल, महेंद्र कुमार, रामजी रहे।

जैन आचार्य रत्नाकर विमल सागर महाराज का 29 वा समाधि मरण महोत्सव धूमधाम से संपन्न

दैनिक समाज जागरण

फिरोजाबाद। बनियांजलि सभा अनुष्ठान सामूहिक पूजन व आरती की पंचामृत अभिषेक जैन साधु धैर्य सागर की समाधि मरण की चर्चा फिरोजाबाद 29 दिसंबर 2023 जैन समाज के सर्वोच्च जैन आचार्य विमल सागर महाराज का 29 व समाधि मरण महोत्सव जैन संत अमित सागर महाराज के सत्संग सानिध्य में कोटा रोड स्थित नसिया जी जैन मंदिर परिसर हाल में विविध कार्य कार्यक्रमों के साथ आज मनाया गया। इस अवसर पर प्रार्थना जिनेंद्र भगवान का प्रात शांति धारा पूजन के पश्चात जैन संत वत्सल रत्नाकर विमल सागर महाराज की मूर्ति स्थापित कर पंचामृत अभिषेक पूजन अष्ट द्रव्यों से 29 थाल व नारियल से आरती अनुष्ठान के अर्ग एकत्व सागर ने अर्पित भक्तों से कराए श्रावकों में नृत्य करते हुए संगीत की ध्वनि पर अरग समर्पित किया जैन आचार्य विमल सागर महाराज 1986 में नगर में चातुर्मास किया था 29 दिसंबर 1994 को नश्वर शरीर त्याग कर 20 तीर्थंकरों की मुख्य भूमि श्री सम्मेद शिखर झारखंड प्रांत से समाधि मरण प्राप्त किया था समाधि मरण महोत्सव आज प्रत्येक 6:00 बजे प्रातः कालीन अभिषेक पूजन शांति धारा के साथ हुआ तत्पश्चात चित्र अनावरण संतोष जैन श्रीमती मीना जैन तथा दीप प्राजूलन इंद्राणी जैन शीतल जैन ने किया मंगलाचरण मोहित जैन ने किया जैन संत एकत्व सागर महाराज ने 29 श्रीफल दीपक सहित अर्पित किए बाहर से पधारे ब्रह्मचारी नीरज जैन ने अष्ट द्रव्यों से पूजन कराया प्रातः 9:00 बजे बिन्यांजलि सभा का

आयोजन किया गया जिसमें राजेश सरल ने विमल सागर पर काव्य पाठ किया प्रोफेसर विमल कुमार जैन ने बताया कि जैन संत कोसमा ग्राम जनपद फिरोजाबाद में श्री नेमीचंद जैन कटोरी देवी के लाल थे बचपन से ही जैन तीर्थ की यात्रा करना व्रत उपवास संयम से रहने का नियम लिया चक्रेश जैन एसबीआई में उन्हें भोले बाबा बताते हुए सभी संप्रदाय के लोगों का भला करते थे सभी को धर्म धर्म प्रभावना हेतु प्रेरित करते थे निर्मल जैन ने जीवन परिचय बताया जैन दिगंबर युवा संघर्ष समिति के निर्देश संजय कुमार जैन पी आर ओ ने जैन संत विमल सागर महाराज को वात्सल्य के धनी सर्वार्थ सिद्धि के एक पुरुष थे उन्होंने व्रत संयम के साथ परोपकार कर धर्म प्रभाव ना का कार्य करते थे उनके अनेकों अनुवाई साथ चलकर अपना कल्याण करते तथा जैन संत सभी का कल्याण करते थे सभा का संचालन सत्येंद्र जैन साहू व मोहित जैन ने किया बनियांजलि सभा को संबोधित करते हुए एकत्र सागर महाराज ने कहा कि मैं उनको अपना भगवान मानता हूं तथा प्रभु उनकी तरह मेरा भी समाधि मरण हो कामना करता हूं उनके बताएं मार्ग पर चलना धर्म का अनुसरण करना मेरा लक्ष्य है उनके अनेकों सिद्धांत का अनुपालन करते हुए आत्मा को परमात्मा बनने हेतु प्रयास करता हूं आचार्य विद्यासागर के शिष्य जैन संत अरह सागर महाराज ने हम सबको समाधि महोत्सव मनाने के साथ अपनी दिनचर्या सही करते हुए धर्म का पालन तथा उनकी तरह जीवन यापन संलेखना को धारण कर समाधि मरण की भावना बनी चाहिए अंत में जैन मुनि श्री अमित सागर महाराज ने उनको जननायक निमित्त ज्ञानी महापुरुष बताते हुए कहा कि उनके गुरु आचार्य महावीर कीर्ति महाराज थे जिनका जन्म भी नगर में हुआ था हम सबको उनके बताएं मार्ग पर चलते हुए अपने आचरण को शुद्ध करके तथा आहारचार्य को शुद्ध करने की आवश्यकता है वह हमेशा प्रशन चित सब का परोपकार करना धर्म प्रभावना करना उनका उद्देश्य था उनकी समाधि के पश्चात उनके उनके प्रिय शिष्य भारत सागर महाराज बने अनेक प्रमुख शिष्यों में आचार्य पुष्पदंत सागर सोधर्म सागर आचार्य सम्मति सागर चैत्र सागर हैं विनअंजलि सभा में डॉक्टर महेंद्र जैन अरुण जैन प्रमोद जैन सोनम सत्येंद्र साहू संजय जैन पी आर ओ गुलाबचंद जैन विजय जैन मुकेश जैन मोहित जैन प्रवीन जैन राजेश सरल सतीस सलावदिया जैन चक्रश जैन निर्मल जैन उपभोक्ता प्रदीप जैन पी पी आदि उपस्थित रहे साइकाल 29 दीपकों से आरती तथा महिलाओं द्वारा भजन संगीत का कार्यक्रम एकत्व सागर के सानिध्य में हुआ जैन मुनि धैर्य सागर महाराज की समाधि मरण पर भी सभी ने बनियांजलि अर्पित की नगर से सैकड़ो श्रावक समाधि स्थल संदेश शिखर पर पहुंचे हैं।

चौथा समूह चिरगाँव रवाना जैविक खेती का प्रशिक्षण लेंगे किसान

दैनिक समाज जागरण/ऋषभ कुमार

नमामि गंगे योजनान्तार्गत जनपद फतेहपुर से दो दिवसीय शैक्षिक कृषक भ्रमण के लिए किसानो का एक और जत्था शुक्रवार को कृषि भवन फतेहपुर, लखनऊ बाईपास के पास से राजकीय कृषि विद्यालय चिरगांव,जनपद झाँसी प्रशिक्षण हेतु भेजा गया, जहाँ किसानों को कृषि विशेषज्ञ विनोद कुमार

सचान जी एवं अन्य सहयोगियो द्वारा जैविक खेती पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।किसानो की बस को उप कृषि निदेशक राममिलन सिंह परिहार एवं योजना प्रभारी रवि कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सहयोगी संस्था ईश एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड, इंदौर (मध्य प्रदेश) के प्रोजेक्ट हेड शुद्धात्मा जैन,प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर जितेन्द्र सिंह, फील्ड ऑफिसर रमेंद्र पटेल, अरविन्द यादव, दीपांकर सिंह, जैसेंन्द्र सिंह, ऋषि कुमार,सोमेश कुमार आदि रहे।

वृद्ध की संदिग्ध मौत, दो लोगों पर आरोप

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उमरा में संदिग्ध परिस्थितियों में 65 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई वहीं मृतक के पुत्र ने दो लोगों पर शराब में कुछ मिलाकर पिलाने का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार उमरा गांव निवासी स्व. शिवपर्सन गुप्ता का पुत्र हरि प्रसाद गुप्ता शराब पीने का आदी था। बताते हैं कि गुरूवार की शाम संदिग्ध अवस्था में उसकी घर में मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के पुत्र करन गुप्ता ने बताया कि गांव के ही सुरेंद्र व पप्पू अपने साथ लेकर गए थे और शराब पिलाई। कुछ देर बाद घर पर छोड़ गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। उसने दोनों पर आरोप लगाया कि उसके पिता को शराब में कुछ मिलाकर पिलाया है। हालांकि पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद ही असलियत सामने आएगी। मृतक के परिजनों ने दोनों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

सड़क हादसे में छात्रा समेत दो घायल

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत हुए सड़क हादसों में छात्रा समेत दो लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां छात्रा की हालत गंभीर बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार खागा कोतवाली क्षेत्र के बनपुरवा गांव निवासी राजू की 11 वर्षीय पुत्री लक्ष्मी बचपन से ही अपने ननिहाल थरियांव थाने के लक्ष्मणपुर में रहती थी और शारदा इंटर कालेज में कक्षा छह की छात्रा है। शुक्रवार की दोपहर छुट्टी के बाद वह जैसे ही स्कूल से बाहर निकली तभी तेज रफ्तार चार पहिया ने उसे टक्कर मार दिया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गई। इसी प्रकार असोथर थाना क्षेत्र के टीकर गांव निवासी मो. बफाती का 20 वर्षीय पुत्र मो. नौशाद गुरूवार की शाम साइकिल से मीरपुर गांव किसी काम से गया था वापस लौटते समय जब वह घर आने लगा तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने साइकिल में टक्कर मार दिया जिससे वह घायल हो गया। सूचना पाकर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां छात्रा की हालत गंभीर बनी है।

आठ पर शांति भंग की कार्रवाई

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत पुलिस ने शुक्रवार की सुबह आधा दर्जन से अधिक लोगों के विरूद्ध 151 के तहत कार्रवाई की है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार खखरेरू थानाध्यक्ष दो, जहानाबाद दो, हुसैनगंज एक, गाजीपुर एक, थरियांव एक तथा राधानगर थानाध्यक्ष ने एक पर शांति भंग के तहत कार्रवाई की है।

वार्ड नंबर 2 आवास विकास में स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन किया गया

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर वार्ड नंबर 2 आवास विकास में स्वच्छता समिति की बैठक का

आयोजन किया गया जिसमें सभी सम्मानित साथियों को माला पहनकर स्वागत किया गया साथ ही टोपी बिल्ला टी-शर्ट देकर सम्मान किया गया कार्यक्रम स्वच्छता समिति के अध्यक्ष देशराज वर्मा ,ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव ,धर्मेंद्र सिंह चौहान, मनीष गुप्ता ,श्याम सिंह परिहार वरिष्ठ नागरिक ,महेंद्र सिंह तोमर समाजसेवी, रवि श्रीवास्तव, दूरबीन सिंह सिंगर समाजसेवी ,भोला सिंह वरिष्ठ नागरिक, सुधांशु श्रीवास्तव वरिष्ठ नागरिक ,सुरेंद्र मणि त्रिपाठी वरिष्ठ नागरिक, होरीलाल सविता वरिष्ठ नागरिक ,संजय मौर्य ,श्रवण कुमार सफाई नायक स्वच्छता दूत विजय कुमार व रोहित कुमार ,संदीप त्रिपाठी एडवोकेट आदि सभी का स्वागत दीपक कुमार मौर्य सभासद माला पहनकर किया सभी वार्ड वासियों को संपूर्ण वार्ड स्वच्छ रखने का संकल्प दिलाया।

बिजनेस आर्मी का गठन कर, ग्रामीणों को उद्यम लगाने के लिए किया जागरूक

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर खागा गांव, गरीब व किसान का विकास ही देश का असली विकास है। सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का फायदा आम आदमी को मिले, इसके लिए आप सभी को जागरूक होने की जरूरत है। ग्रामीणों को

जागरूक करने के लिए वीडियो अजय कुमार तिवारी ने सभी गांवों में बिजनेस आर्मी का गठन किया है। शुक्रवार को हकीमपुर खंतवा गांव में भी बिजनेस आर्मी का गठन किया गया। ये गांव में घर-घर जाकर लोगों को सबल बनाने के लिए शासन की नई-नई योजनाओं की जानकारी देने का काम करेंगे। वीडियो ने शुक्रवार को वर्मी कंपोस्ट सामुदायिक खाद गड्ढे व पानी टंकी की जांच की और गांव में साफ सफाई की व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए ग्राम प्रधान मोहम्मद इरशाद को निर्देश दिए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आप लोग अपने गांव में ही छोटे-छोटे उद्यम लगाने का प्रयास करें। जिससे समृद्ध भारत का सपना पूरा हो सके।

दहेज के खातिर प्रताडित करने का आरोप, मुकदमा दर्ज

पूरनपुर। दहेज में तीन लाख रुपये की नगदी और अन्य सामान न देने पर विवाहिता को ससुरालियों ने मार पीट कर घर से निकाल दिया। वापस आने पर जान से मारने की धमकी दी। तहरीर मिलने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव मदारपुर निवासी एक ग्रामीण ने घुंघचाई थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसने अपनी पुत्री रोली की शादी पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के रम्पुरा कपूरपुर निवासी रामू के साथ तीन साल पहले की थी। जिसमें उसने अपनी सामर्थ के अनुसार दहेज दिया। लेकिन दिए गए दहेज से ससुराल संतुष्ट नहीं हुए। शादी के कुछ ही दिन बाद ससुराल वालों ने विवाहिता से तीन लाख रुपये की नगदी,एक वॉशिंग मशीन,फ्रिज,कूलर व एक बाइक में लाने का दबाव बनाना शुरू कर दिया।विवाहिता ने मायके पक्ष की हालत ठीक न होने की बात करते हुए दहेज लाने से इनकार कर दिया। इस पर ससुराली उसको आए दिन मारपीट कर शारीरिक व मानसिक रूप से यातनाएं देना शुरू कर दिया। कईवार जान से मारने का प्रयास किया। जानकारी लगने पर विवाहिता के मायके पक्ष ने पुत्री की ससुराल जाकर काफी समझाने का प्रयास किया।लेकिन ससुराली नहीं माने,दहेज की मांग पूरी न करने पर विवाहिता को ससुराल वालों ने मारपीट कर माल जेवर छीन कर उसको घर से निकाल दिया।वापस आने पर जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि पति दूसरी शादी करना चाहता है। मायके पहुंचने पर विवाहिता ने घटनाक्रम की जानकारी परिजनों को बताई। जब विवाहिता के मायके वाले उसकी ससुराल पहुंचे और जानकारी की तो उनके साथ गाली-गलौज कर भगा दिया। वापस आने पर जान से मारने की धमकी दी।मामले की तहरीर थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने विवाहिता की और से पति रामू, लडेती देवी,राम कृष्ण, सर्वेश कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी कपिल कुमार ने बताया विवाहिता के तहरीर पर मुकदमा दर्ज है। विवेचना के तहत कार्रवाई प्रचलित है।

रखवाली कर रहे ग्रामीण पर धारदार हथियार से हमला

पूरनपुर। खेत की रखवाली कर रहे ग्रामीण को गाली गलौज के विरोध पर लाठी डंडों से जमकर पीटा।उसके बाद धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। मेडिकल के बाद पुलिस को तहरीर दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के गांव नदहा कढेरचोरा निवासी चेतराम ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि वह अपने खेत में खडी फसल की रखवाली करता है। वह अपनी खेत की रखवाली कर रहा था।इसी दौरान गांव के रहने वाले कुछ लोग लाठी डंडे व धारदार हथियारों से लैस होकर उसके पास पहुंचे और गाली गलौज करने लगे। जब ग्रामीण ने इसका विरोध किया तो सभी ने एक राय होकर उसको पहले जमीन पर गिराकर लात घूंसों से मारा पीटा। उसके बाद लाठी डंडों से भी पिटाई कर जान से मारने की नीयत से उसके सिर पर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। शोर शराबा करने पर आस पास के लोग मौके पर पहुंचे।इससे पहले ही सभी धमकाते हुए मौके से फरार हो गए। घटनाक्रम को लेकर खलबली मच गई। सूचना पर परिवार के लोग खेत पर पहुंच गए। घायल को उपचार के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।कार्रवाई के लिए कोतवाली पुलिस को मामले की तहरीर दी गई है। कोतवाल प्रवीण कुमार ने बताया घायल को मेडिकल के लिए भेजा गया है।मामले की तहरीर पर कार्रवाई की जाएगी।

ट्रेन रोकने के मामले में अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज

पूरनपुर। अंडरपास में जल भराव की समस्या के विरोध में लोगों ने लखनऊ से शाहगंढ आ रही ट्रेन को रोककर विरोध प्रदर्शन किया था। इस मामले में रेलवे विभाग की ओर से अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।इससे हड़कंप मचा हुआ है।
रेलवे अंडरपास में जल भराव की समस्या का विरोध करना क्षेत्रीय लोगों को महंगा पड़ गया है। 26 दिसंबर को दुधिया खुर्द रेलवे स्टेशन पर अंडरपास में जल भराव की समस्या को लेकर स्थानीय लोगों ने स्टेशन पर पहुंच कर ट्रेन रोंक कर जमकर हंगामा कर विरोध प्रदर्शन किया था।जिससे ट्रेन करीब पौने दो घंटे तक रुकी रही थी। इसको लेकर काफी देर तक लोग हंगामा काटते रहे। एक्सप्रेस ट्रेन लखनऊ से होते हुए शाहगढ आ रही थी। इस मामले में दुधिया खुर्द स्टेशन मास्टर ने इसका मेमो भेज कर पूरे मामले की जानकारी बिभाग के अधिकारियों को दी। अब रेलवे विभाग ने इस मामले में ट्रेन रोकने और विरोध प्रदर्शन के मामले में अपनी कार्रवाई तेज कर दी है।धरना प्रदर्शन के दौरान करीब तीन सौ से चार सौ लोग मौजूद रहे थे।रेलवे विभाग की ओर से अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। इसके बाद मेमो और वीडियो ग्राफी के माध्यम से धरना प्रदर्शन में मौजूद लोगों की जानकारी और उनकी शिनाख्त की जा रही है।जानकारी लगने पर लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। आरपीएफ इंस्पेक्टर शाहनवाज हुसैन ने बताया कि स्टेशन मास्टर के मेमो पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मेमो और वीडियो ग्राफी से प्रदर्शन करने वालों की जानकारी जुटा जा रही है।

कड़ाके की ठंड बढी, गर्म कपड़ों की बिक्री शुरू

पूरनपुर। ठंडी हवाओं के साथ बड़े घने कोहरे ने वाहनों की रफ्तार रोक दी। अचानक बढी ठिठुरन से लोगों की कंपकपी छूटने लगी है।बाजार में गर्म कपड़ों की बिक्री के कारोबार में भी बढ़ोत्तरी हुई है।
दिसम्बर माह वीतने जा रहा है। अब सर्दी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है।सर्द हवाओं ने रात ही नही बल्कि दिन में ही सितम ढहाना शुरू कर दिया है। तीन दिन से पड रही सर्दी व घने कोहरे ने लोगों की परेशानी बढा दी। अचानक मौसम के तेवर बदलने के बाद आसमान में धुंध छा गया।दिनभर मौसम गलन रहने से घरों से निकलने वालों की संख्या कम देखी गई। गर्म कपड़ों और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की बिक्री बढ़ गई है।दिनभर वाहनों से व्यस्त

रहने वाले मार्ग पर नाम मात्र वाहन दिखे। ठंड के चलते जरूरी काम से ही लोग घरों से बाहर निकले। गर्म कपड़ों की दुकानों पर खरीदारी करने बालों की भीड़ उमड़ने शुरू हो गई। बाजार में जैकेट जूते दास्ताने की डिमांड बढ़ने लगी है।जैसे जैसे दिन बढ़ता जा रहे हैं वैसे वैसे ठंड अपना असर शुरू करने लगी हैं। लोग चौराहों पर घरों में अलाव के सहारे तापते हुए नजर आ आए। घने कोहरे के चलते वाहन चालकों को वाहनों की लाइट जलाने पड गई। लगातार पड रही कडाके की ठंड से जनजीवन अस्त व्यस्त है। ठंड को देखते हुए जिलाधिकारी प्रवीन लक्ष्कार ने कक्षा एक से लेकर 12 तक के सभी परिषदीय स्कूलों में छुट्टी के निर्देश दिए हैं।

संजय सिंह की रिहाई को लेकर आप ने रखा उपवास

पीलीभीत। आप सांसद सजंय सिंह जेल में तानाशाही सरकार के खिलाफ एक दिवसीय उपवास पर है। शुक्रवार को उनके समर्थन में पीलीभीत में राजघाट पार्क में आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने प्रान्तीय आवाहन पर जिलाध्यक्ष अमित मिश्रा के नेतृत्व में एक दिवसीय उपवास रखा।कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष अमित मिश्रा ने कहा कि देश मे मोदी सरकार ने एक अघोषित आपातकाल की स्थिति पैदा कर दी है। जिस तरह से जनता की आवाज उठाने पर विपक्षी सांसदों पर फर्जी मुकदमें निलंबन किया जा रहा है ये बहुत शर्मनाक और चिंतनीय विषय है।जिला महासचिव सजंय कुमार ने कहा आप सांसद संजय सिंह को राजनैतिक द्वेष के चलते षणयंत्र कर मोदी की तानाशाही सरकार ने जेल में रखा है। सजंय सिंह जी की रिहाई की मांग को लेकर आप ने जिले से लेकर दिल्ली तक आंदोलन किए।पर्चा वितरण के माध्यम से जनसमर्थन जुटाया है।प्रेमनारायण ठाकुर ने कहा सजंय सिंह शेर है उनकी ईमानदारी के लिए उनके संघर्ष के लिए हमसब उनके साथ आखिरी सांस तक खड़े हैं।इसके बाद सभी कार्यकर्ताओ ने भारत माता की फोटो और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि देते हुए तानाशाही सरकार से संघर्ष करने की शक्ति मांगी।कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अनीता कश्यप ने भी अपने विचार रखे,इस दौरान
पीलीभीत विधानसभा अध्यक्ष ओपी शास्त्री , प्रेमनारायण ठाकुर, पराग मिश्रा, प्रफुल्ल जौहरी, अजय गंगवार, अमित कुमार, रामकुंवर, दिनेश कुमार, देवदत्त मिश्रा, शिवकुमार श्रीवास्तव, अजयवीर गंगवार सहित कई आप के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बीसलपुर में मांगों को लेकर कोटेदारों ने किया प्रदर्शन

पीलीभीत। कोटेदारों ने कमीशन 200 रुपये किये जाने अन्य राज्यों की तरह मानदेय दिये जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। पूर्ति निरीक्षक को ज्ञापन देकर मांगे पूरी कराये जाने की मांग की।
बीसलपुर मण्डी समिति में उचित दर बिक्रेता एकत्रित हुए। उन्होंने अन्य राज्यों की तरह कमीशन 200 रुपये दिये जाने, कोटेदारों को अन्य राज्यों की तरह मानदेय 20 हजार रुपये दिये जाने की मांग को लेकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। पूर्ति निरीक्षक रजनीश चन्द्र शुक्ला के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर मांगे पूरी किये जाने की मांग की। मांगें पूरी न किये जाने पर अनिश्चित कालीन हड़ताल किये जाने की धमकी दी। प्रदर्शन करने वालों में ओमकार भारती, बाबूराम कश्यप, दिनेश चन्द्र, वेवी सिंह, भानू यादव, सुरेन्द्र कुमार, खंदारीलाल, इरफान खां, बजरुल हसन, हरिओम शर्मा, पवन कुमार सहित कई कोटेदार शामिल थे।

वित्तीय वर्ष 2023-24 में नवंबर, 2023 तक भारत सरकार के खातों की मासिक समीक्षा

नवंबर 2023 तक भारत सरकार के मासिक खाते को समेकित किया गया है और इसकी रिपोर्ट प्रकाशित की गई है। मुख्य अंश नीचे दिए गए हैंः- भारत सरकार को नवंबर 2023 तक 17,45,583 करोड़ रुपये (संबंधित बीई 2023-24 की कुल प्राप्तियों का 64.3%) प्राप्त हुआ है। इसमें 14,35,755 करोड़ रुपये का कर राजस्व (केंद्र को शुद्ध), 2,84,365 करोड़ रुपये का गैर-कर राजस्व और 25,463 करोड़ रुपये का गैर-ऋण पूंजी प्राप्तियां शामिल हैं। गैर-ऋण पूंजीगत प्राप्तियों में 16,604 करोड़ रुपये ऋण की वसूली और 8,859 करोड़ रुपये की विविध पूंजी प्राप्तियां शामिल हैं। इस अवधि तक भारत सरकार द्वारा करों के हिस्से के हस्तांतरण के रूप में राज्य सरकारों को 6,01,366 करोड़ हस्तांतरित किए गए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 50,261 करोड़ रुपये अधिक है। भारत सरकार द्वारा किया गया कुल व्यय 26,52,167 करोड़ रुपये (संबंधित बीई 2023-24 का 58.9%) है जिसमें से 20,66,522 करोड़ रुपये राजस्व खाते पर और 5,85,645 करोड़ रुपये पूंजी खाते पर खर्च हुए है। कुल राजस्व व्यय में से, 6,07,963 करोड़ रुपए ब्याज भुगतान पर व्यय किए गए हैं और 2,42,756 करोड़ रुपये प्रमुख सब्सिडी के रूप में व्यय किए गए हैं।

कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिला शव

पूरनपुर। गोवा में मजदूरी करने गए युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिला। सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया।
पुलिस ने शब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा। गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।
माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव मेनी गुलरिया के मौजा मूसेपुर निवासी शिवमुनि (38)मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। कुछ दिन पहले वह गोवा में मजदूरी करने के लिए गया था। बताया जाता है कि संदिग्ध परिस्थितियों में उसका शव वहां रह रहे कमरे में फांसी पर लटका मिला। आस पड़ोस के रह रहे लोगों ने सूचना पुलिस को दी।
स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाया।उसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।मृतक के पास मिले पते के आधार पर मामले की सूचना मृतक के परिजनों को दी गई।इससे परिवार में चीत्कार मच गई। रोते विखलते परिजन गोवा पहुंचे,पोस्टमार्टम करने के बाद स्थानीय पुलिस ने मृतक के शव को उसके परिजनों को सौंप दिया। गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतक शिव मुनि की पत्नी और दो बच्चे हैं। जिनका वह मेहनत मजबूरी कर भरण पोषण करता था।अचानक उसके चले जाने से परिवार पर भरण पोषण की समस्या खड़ी हो गई है। घटना को लेकर कोहराम मचा हुआ है।

घरेलू कार्य कर रही महिला से दुष्कर्म करने का प्रयास

पूरनपुर। घरेलू कार्य निपटा रही महिला को पड़ोसी ने गलत नीयत से दबोच लिया। आरोप है कि छेड़छाड़ कर दुष्कर्म की कोशिश की। विरोध करने पर पिटाई कर शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि उसका पति घर से बाहर गया हुआ था।वह अपने घर पर अकेली थी। घर में वह अपना घरेलू कार्य निपटा रही थी। इसी दौरान मौका पाकर पडोस का रहने वाला एक युवक घर के अंदर घुस आया। आरोप है कि काम कर रही महिला को गलत नीयत से दवोच कर छेड़खानी शुरू कर दी। महिला ने जब इसका विरोध किया तो युवक ने जबरन दुष्कर्म करने की कोशिश की।शोर मचाने पर युवक ने उसकी पिटाई कर पुलिस में शिकायत करने पर उसको देख लेने की धमकी देते हुए घर से भाग निकला।घर लौटे पति को महिला ने जानकारी दी तो उनके होश उड़ गए। कोतवाली पहुंच कर मामले की पुलिस को तहरीर दी गई है। कोतवाल प्रवीण कुमार ने बताया महिला की तहरीर पर जांच पड़ताल की जा रही है। मामला सही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

चकरोड पर अवैध कब्जे से हो रहीं दिक्कतें

पूरनपुर। कई गांवों को जाने वाले मार्ग पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर पक्का निर्माण करा लिया।अवैध कब्जा हटाए जाने को लेकर मामले की शिकायत जिला अधिकारी से की गई है।
नगर के मोहल्ला रजागंज देहात क्षेत्र वार्ड नंबर सात के लोगों के घरों के लिए जाने वाला 14 फीट चौड़े मार्ग जो कागज का नक्शा में दर्ज है। यह चकमार्ग चार गांव के लोगों को जोड़ता है। इसी से आवागमन होता है। इस चकमार्ग से पूरनपुर देहात,ढका,सिमरिया तालुके महाराजपुर,लालपुर अमृतपुर आदि गांव के लोग अपने काम के लिए पूरनपुर आते हैं।इन गांवो के लोगों का यह मुख्य मार्ग है। दूसरे मार्ग से आने के लिए लोगों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। बताया जाता है कि इस चकमार्ग पर मोहल्ले के ही कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर शौचालय ब छप्परपोस गटर लगा रखे हैं। जिससे राहगीरों को आवागमन के दौरान भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कई बार शिकायत करने के बावजूद व्यवस्था की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।इससे नाराज मोहल्ले के रहने वाले मेहंदी हसन, मुस्ताक, नाजिम, सलमान, शाहिद अली, लियाकत, शमशाद, मोहम्मद यासीन सहित दर्जनों लोगों ने अवैध कब्जा हटवाए जाने को लेकर जिलाधिकारी को पत्र भेज कर जगह कब्जा मुक्त करने की मांग की है।

धोखाधड़ी से पीडित पर ही पुलिस ने दर्ज कर दिया केस

पूरनपुर। धोखाधड़ी की शिकायत करने पर ठगी करने वाले ने पुलिस से मिली भगत कर पीड़ित पर ही मुकदमा दर्ज करा दिया।इस पर पीड़ित ने एसपी को पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।
कोतवाली में ठगी की शिकायत करना एक युवक को महंगा पड़ गया। ठगी करने वाले ने पुलिस से मिली भगत कर पीड़ित पर ही मुकदमा दर्ज करा दिया। ग्राम पंचायत पूरनपुर देहात के वार्ड नंबर 12 निवासी मोहम्मद आशिक पुत्र बरकतुल्ला ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में कहा कि लगभग तीन वर्ष पूर्व खानकाह निवासी एक व्यक्ति ने मुकदमें से नाम निकलवाने के नाम पर पुलिस को देने के लिए उससे 15 हजार रुपए ले लिए थे।पीडित के अनुसार जब काफी समय बीत जाने पर मुकदमें से नाम नही निकला तो उसने ठगी करने वाले व्यक्ति से अपनी गरीबी का हवाला देकर दी गई हजारों रुपए की रकम वापस मांगी। आरोप है कि इतना अरसा बीत जाने के बावजूद उसे दी गयी रकम वापस नही मिली। बल्कि लगतार रुपए वापस देने के नाम पर टाल-मटोल की जा रही है।यही नही दो दिसंबर को की गई लिखित शिकायत में शिकायतकर्ता ने बताया था कि जब उसने रुपए मांगे तो उसे पुलिस से फर्जी मुकदमें में फंसवाने की धमकी दी गयी।इस मामले में नगर के देहात के मोहल्ला खानकाह निवासी जीशान खान उर्फ शबलू खान ने मेहनत मजदूरी करने वाले गरीब मोहम्मद आशिक की मदद की और उसे पुलिस अधिकारियों के पास ले जाकर सभी जिम्मेदारों से उसकी मदद कराए जाने की गुहार लगाई। इसके बाद जीशान खान और शबलू खां को विभिन्न माध्यमों से लगातार धमकियां दी गई। जिसकी शबलू खां ने चार दिसंबर को पुलिस क्षेत्राधिकारी को पत्र देकर शिकायत भी की थी।इस मामले में भी पुलिस द्वारा उस व्यक्ति पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। लगातार हो रही शिकायतों से तिलमिलाये व्यक्ति ने शिकायतकर्ता मोहम्मद आशिक और उसके मददगार जीशान खान उर्फ शबलू खान के विरुद्ध सुनियोजित तरीके से कोतवाली पुलिस से सांठ-गांठ कर मनगढ़ंत मुकदमा लिखा दिया।जिसमें उक्त दोनों के साथ एक अन्य नामजद व एक अज्ञात को आरोपी बनाया गया है।पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने के साथ न्याय दिलाए जाने की गुहार लगाई है।

समिति की बैठक में दी गईं योजनाओं की जानकारियां

पूरनपुर। तहसील पूरनपुर की ग्राम पंचायत शेरपुर कलां में शुक्रवार को सहकारी समिति की वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें समिति अध्यक्ष शायक अहमद ने किसानों को लाभांश देने की घोषणा की। समिति के अध्यक्ष शायक अहमद ने कहा कि किसानों को समिति से हर संभव सहायता दिलाई जाएगी। उन्हें समय पर बीज खाद आदि की व्यवस्था की जाती है। शेरपुर कलां प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति में सामान्य निकाय बैठक का आयोजन किया गया।जिसमे नोडल अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने समिति में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।सचिव राजेंद्र भारती ने अध्यक्ष शायक अहमद को माल्यार्पण कर स्वागत किया। सचिव ने आय व्यय का ब्यौरा पर चर्चा की। सालाना आय और व्यय का ब्योरा पेश करते हुए किसानों को प्रदान की गई।सुविधाओं और जानकारी का विस्तृत वर्णन किया। नोडल अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने कृषक बंधु योजना,ऋण वितरण,पशु पालन के लिए ऋण,मत्स्य पालन,उर्वरक वितरण आदि की जानकारी दी। अध्यक्ष ने किसानों को सहकारी बैंक द्वारा किसान हित में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी।कहा कि सभी समितियों को डिजिटल कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया के सपने को साकार किया गया है।ताकि किसानों के साथ कोई धोखाधड़ी न हो पाए।उन्होंने कहा कि सहकारी बैंक एकमात्र ऐसा बैंक है जिसके द्वारा एटीएम मोबाइल वैन के माध्यम समय में भी गांव देहात में पहुंचकर लेनदेन की सुविधा प्रदान कर नवीन जानकारियां किसानों को दी गईं।

ट्रेक्टर विक्रेता के साथ दबंगों ने की अभद्रता, रिपोर्ट दर्ज

पीलीभीत। ट्रेक्टर खरीद कर ले गए दबंगों ने ट्रेक्टर विक्रेता द्वारा फाइनेंस की कार्रवाई पूरी करने को कहने पर दबंगों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर जान से मारने और एससी-एसटी के मुकदमे में फंसाने की धमकी दी पीड़ित ट्रेक्टर विक्रेता ने पुलिस को मामले की तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है ! बीसलपुर के मोहल्ला पटेल नगर निवासी प्रमोद कुमार पुत्र नरेंद्र देव ने दियूरियाकला पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसकी हिंदुस्तान आटोमोबाइल सोनालिका ट्रेक्टर की एजेंसी है और वह अधिकृत विक्रेता है जिसका आफिस बीसलपुर बारह पत्थर पर स्थित है मैंने एक नया ट्रेक्टर सोनालिका डीआई 765 वीरेंद्र कुमार कालीचरण निवासी जसूपुर जमुनिया महुआ को विक्री किया था जिसके फाइनेंस की कुछ कार्रवाई होनी बाकी थी पीड़ित ने वीरेंद्र को फोन किया कि ट्रेक्टर एजेंसी पर लेकर आ जाओ फाइनेंस की कार्रवाई पूरी होनी है जिस पर वीरेंद्र ने कहा कि कल आएंगे आज घर पर नहीं है फिर पीड़ित ने अवनीश को फोन किया लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया लगातार क ई दिन फोन करने पर जब बह लोग ट्रेक्टर लेकर एजेंसी पर नहीं आए तो पीड़ित अपने कर्मचारी अखिलेश एवं मंजीत के साथ जसूपुर पहुंचे और वीरेंद्र से फाइनेंस की कार्रवाई पूरी करने को कहा जिसपर वीरेंद्र गाली गलौज करने लगा बहा पर सोमपाल पुत्र बाबूराम निवासी जसूपुर एवं अवनीश कुमार पुत्र ओमपाल निवासी ग्राम ढकिया रगाह थाना तिलहर जनपद शाहजहांपुर मौजूद थे सभी लोग लाठी डंडों से गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे और धमकी दी कि अगर दुबारा आए तो एससी-एसटी के झूठे मुकदमे में फंसा देंगे पीड़ित प्रमोद कुमार ने पुलिस को मामले की तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक उमेश सोलंकी ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जगह पर शराब पीने से किया मना, बांका मारा

पीलीभीत। न्यूरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खजुआ दीन नगर में सार्वजनिक जगह पर लगे सरकारी नल पर पी रहे शराब पीने से मना करने पर शराबी ने बांका मार कर कर दिया घायल।
प्राप्त जानकारी अनुसार थाना न्यूरिया के ग्राम खजुआ दीन नगर रमेश पुत्र राम बहादुर निवासी ग्राम खजुआ दीन नगर थाना न्यूरिया ने थाने में एक प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गांव में रिश्तेदारी में दसवां संस्कार में खाना खाने जा रहा था रास्ते में सरकारी नल पर पानी पीने के लिए रुका तो वहां नल पर बैठ कर मुनेंद्र पुत्र श्याम सुंदर निवासी ग्राम खजुआ दीन नगर शराब पी रहा था तभी रमेश ने उससे शराब पीने के लिए मना किया और उसने कहा कि शराब पीना है तो अपने घर पर पियो सरकारी नल पर बैठ कर शराब नहीं पीना चाहिए इसी बात पर मुनेंद्र गाली गलौज करने लगा जब गाली गलौज का विरोध किया तो मुनेंद्र दौड़ कर अपने घर से बांका ले आया और उसने रमेश पर हमला कर दिया जिससे उसके मुंह पर पर चोट आई है और उसके होंठ कट गए कई टांके लगे हैं।घायल की चीख पुकार सुनकर गांव वाले आ गए और उसे बचाया तभी मुनेंद्र गाली गलौज करते हुए भाग गया तभी घायल को उसके परिजन सीएचसी न्यूरिया ले गए जहां उसके होंटों पर कई टांके लगे हैं और उसका इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार विश्नोई ने बताया कि पीड़ित की तरफ से तहरीर मिली है तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर उचित कारवाई की जा रही है।

भाजपा विधायक ने विकास कार्यों का किया शिलान्यास

पूरनपुर। भाजपा विधायक ने नगर में इंटरलॉकिंग सड़क का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि भाजपा हर वर्ग का विकास कर रही है। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा के तहत शुक्रवार को नगर पालिका परिषद वार्ड संख्या 6 में मोहल्ल गणेशगंज पश्चिम में तहसील रोड से मुनेंद्र पाल सागर के घर तक लाखो की लागत से इंटर लॉकिंग पेवर्स ब्लॉक रोड एवं नाली निर्माण कार्य की मंजूरी मिली है। जिसके तहत शुक्रवार को भाजपा विधायक वावूराम पासवान व नगरपालिका अध्यक्ष शेलेद्र गुप्ता ने संयुक्त रूप से शिलान्यास किया। इसके अलावा नगर के
अल्पसंख्यक मलिन बस्ती योजना में वर्ष 2018-2019 के स्वकृति के लिए नगर के मोहल्ला कायस्थान में पानी की टंकी से वाल्मीकि मंदिर तक सी.सी.एवं नाली का शिलान्यास किया गया।वंही वर्ष 2022-23 में स्वीकृत नगर पंचायत कलीनगर के वार्ड संख्या 4 में ट्रांसफार्मर से वाल्मीकि बस्ती तक इंटरलाकिंग पेवर्स ब्लॉक रोड व नाली निर्माण का शिलान्यास किया गया।भाजपा विधायक वावूराम पासवान ने कहा कि भाजपा सरकार विना किसी भेदभाव के साथ कार्य कर रही है। उन्होने सरकार की योजनाओं के वारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भाजपा सवका साथ बसका विकास के तहत काम कर रही है। हर बर्ग के लोगों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है।इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता,विधानसभा विस्तारक संजय सिंह,मंडल अध्यक्ष शिवम जयसवाल, मुकेश यादव,मुनेंद्र पाल सागर, सुंदर लाल प्रजापति,जेई सुशील मौर्य सहित कई मौजूद रहे।

बार बार वंद हो रही चीनी मिल से किसान परेशान

पूरनपुर। तकनीकी खराबी होने के चलते चीनी मिल का पहिया थम गया।इसको लेकर किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।बार-बार बंद हो रही चीनी मिल से किसा भी परेशान है।घंटे मशक्कत के बाद मिल को शुरू किया गया।
पैराई सत्र के बाद पिछले दो सप्ताह से दि किसान सहकारी चीनी मिल चल रही है। इसको लेकर किसानों में काफी खुशी देखी जा रही है।इस दौरान जूस पाइप में तकनीकी फाल्ट आ गया।जिससे मिल का पहिया रुक गया। चीफ इंजीनियर सहित कई कर्मचारी फॉल्ट सही करने में जुट गए। इसके बाद चीनी मिल शुरू हो सकी। चीनी मिल बंद होने से यहां पहुंचे गन्ना किसानों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा।टोकन मिलने के बाद भारी वाहनों का लंबा जाम लग गया। शुरूआती दिनों में पटला पूजन के बाद चीनी मिल के संचालन के बाद तकनीकी फाल्ट से चीनी मिल बार-बार बंद होने से किसान काफी परेशान है।पोर्टल का मिल कर्मचारी लगातार विरोध कर रहे हैं।इसको लेकर ठेकेदार और एक कर्मचारी में गुरुवार को विवाद भी हो गया था।मामला हाथापाई तक पहुंच गया।घटना को लेकर चीनी मिल में हडकंप मचा रहा। सीसीओ ने बताया कमी आने के कारण चीनी मिल बंद हुई थी। जिसको ठीक करा दिया गया है।तो वही लगातार बार-बार बंद हो रही चीनी मिल से गन्ना किसान काफी परेशान है।

वीर बाल दिवस पर साहिबजादों को किया गया नमन

पूरनपुर। नगर के बंडा रोड स्थित स्वामी एजुकेशन पब्लिक स्कूल में वीर बाल दिवस पर बच्चों के द्वारा साहबजादों की शहादत को नमन किया गया। शहीदी सप्ताह में बच्चों ने विभिन्न प्रकार की कविताओं साखियों व इतिहास के बारे में बताते हुए साहिबजादों को याद किया। जिसमें प्रमुख रूप से जशनदीप सिंह ने बाबा जोरावर सिंह बाबा फतेह सिंह की शहादत,दिलप्रीत सिंह ने चमकौर के युद्ध का,किरणदीप कौर ने चौपाई साहिब का पाठ,हरसिमरत कौर ने माता गुजरी जी के लाल श्री गुरु गोविंद सिंह जी के बारे में व अन्य ने कविताओं के द्वारा इतिहास का वर्णन किया। पंजाबी अध्यापिका अरजिंदर कौर द्वारा बच्चों को शहीदी सप्ताह व साहिबजादो की शहादत के बारे में इतिहास की विस्तृत जानकारी दी।विद्यालय के प्रधानाचार्य लखबीर सिंह के द्वारा बच्चों को इतिहास की कुछ उल्लेखनीय घटनाओं के बारे में बताते हुए सद्बुद्धि व सदमार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक श्री भजन सिंह,कुलजीत कौर,हरदीप सिंह,हरमीत कौर,शरद सिंह,अमित भारती,नरेश यादव,सिमरन कौर,पवनदीप कौर,देवेंद्र कौर,विक्रम जीत सिंह,नवनीत दीक्षित,नरेश यादव धीरज शुक्ला सहित कई मौजूद रहे।

पूरनपुर में आर्ट एंड क्राफ्ट मेले का हुआ आयोजन

पूरनपुर। नगर के जेआर प्रिपेरेटरी स्कूल में आर्ट एंड क्राफ्ट मेले का आयोजन किया गया।जिसका शुभारंभ भाजपा विधायक बाबूराम पासवान ने फीता काट कर किया।जिसमे उप जिलाधिकारी राजेश कुमार,रोटरी क्लब पूरनपुर रॉयल्स के संस्थापक अध्यक्ष कौशलेंद्र भदौरिया उपस्थित रहे। इस मेले में चंद्रयान 3,सोलर सिस्टम,हार्ट का मानचित्र जैसे साइंस प्रोजेक्ट बनाए गए एवं क्राफ्ट की चीजे बनाई गई। मनोरंजन के लिए गेम स्टॉल का आयोजन भी था।यह जानकारी स्कूल की प्रधानाचार्या पूनम अग्रवाल ने दी।विद्यालय की प्रधानाचार्य पूनम अग्रवाल ने बताया बच्चों ने विभिन्न प्रकार के प्रोजेक्ट बनाए और सभी अभिभावक को प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी प्रदान करी बच्चों के द्वारा विभिन्न खेल के स्टाल भी लगाए गए जिसमें सभी बच्चों ने गेम का आनंद लिया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ आयोजन

पूरनपुर। तहसील पूरनपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत पिपरिया दुलई और मकरंदपुर में शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यकम का आयोजन किया गया गया। कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा विधायक बाबूराम पासवान के पुत्र

रितुराज पासवान ने सरकार द्वारा चलाई जा रहीं कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। प्रधानमंत्री द्वारा संचालित प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना,आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित समस्त पेंशन योजना और अन्य जनकल्याणकारी योजना की जानकारी दी।लाभार्थियों से रूबरू होकर सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी हासिल की।कहा कि कल्याणकारी योजनाएं चलाकर उनका लाभ पहुंचाने का कार्य भाजपा सरकार कर रही है।उन्होंने कहा कि सरकार की आयुष्मान योजना आवास योजना सहित योजनाएं हैं जो गरीबों को सीधे लाभ पहुंचा रहे हैं।उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों से कहा कि सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ गरीबों तक पहुंचे। और कृषि विभाग और प्रधानमंत्री आवास योजना के लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।इस दौरान कई लोग मौजूद रहे।

विकसितभारतसंकल्पयात्रा के दौरान वंचित सभी पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करें - कलेक्टर

समाज जागरण विजय तिवारी

विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से केंद्रीयकृत शासकीय योजना से वंचित पात्र लोगों को शत प्रतिशत लाभान्वित किया जाना सुनिश्चित किया जाए, जिससे यात्रा के उद्देश्यों की पूर्ति हो सके। उक्ताशय के निर्देश कलेक्ट्रेट के नर्मदा सभागार में विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविरों के माध्यम से अब तक लाभान्वित लोगों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ ने दिए। उन्होंने जिले में संचालित "विकसित भारत संकल्प यात्रा" के दौरान केंद्रीय शासकीय योजनाओं के तहत अब तक दिए गए हित लाभ की समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री तन्मय वशिष्ठ शर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्री दिलीप पाण्डेय, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जिले के सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारी तथा नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल संचालन के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान केन्द्र एवं राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं से वंचित सभी पात्र हितग्राहियों को समय-सीमा में लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों से यात्रा के तहत अब तक आयोजित किए गए शिविरों में लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी ली। कलेक्टर ने जिले के सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित रूप से आयोजित कराने तथा जनप्रतिनिधियों को आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देने के निर्देश दिए।

कानपुर में कोहरे ने डंपर की कराई रोडवेज बस से टक्कर , दो चालकों समेत 9 घायल

सुनील बाजपेई

कानपुर। यहां घने कोहरे के रुप में सड़कों पर मौत नाच रही है। उसने ही आज शुक्रवार सुबह बिधनू में हाईवे पर डंपर की टक्कर से रोडवेज बस से करवा दी, जिसमें अनियंत्रित होकर बस के पलटने से उसमें सवार नौ लोग घायल हो गए। साथ ही टक्कर के बाद डंपर भी हाईवे किनारे पलट गया।

जानकारी के मुताबिक घटना के समय महोबा डिपो की रोडवेज बस 29 सवारियां लेकर महोबा जा रही थी, तभी गढ़ेवा-हरबसपुर मोड़ के पास कोहरे के बीच ओवरटेक कर रहे तेज रफ्तार डंपर ने बस में पीछे से टक्कर मार दी। इससे बस और

डंपर दोनों अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे पलट गए। हादसे में बस के दो चालक समेत नौ लोग घायल हो गए। घटना के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया।

इसकी सूचना पर पहुंची मौके पर आई पुलिस ने एम्बुलेंस से घायल सवारियों ओमकार सिंह (53) निवासी सिसोलर, आलोक (34) निवासी देवरिया, चालक मो.सफीक (39) निवासी चरखारी, चालक अलख कुमार (36) निवासी फतेहपुर, रफीक (40) निवासी मौदहा, सनोज (36) निवासी बस्ती, पुष्पा शर्मा (45) निवासी सुल्तानपुर, सतीश निषाद (25) निवासी जहांनाबाद, रामस्वार्थ (60) निवासी बस्ती को बिधनू सीएचसी में भर्ती कराया। यहां से डॉक्टर ने सभी को हैलट रेफर कर दिया। इनमें से चार की हालत गम्भीर बताई गई है।

पी एम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, मल्हार में करियर गाइडेंस और मेंटल वेल बीइंग कार्यक्रम का आयोजन

समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख

मल्हार। पी एम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय मल्हार में सुबह 11:30 से 1:40 तक करियर गाइडेंस और मेंटल वेल बीइंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया उक्त कार्यक्रम में यूनिक अकादमी, रायपुर के डायरेक्टर सुयश ठाकुर विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए आमंत्रित किए गए थे कार्यक्रम के आरंभ में विद्यालय प्राचार्य मनोज कुमार श्रीवास्तव और उपप्राचार्य मैडम शंकरी ने सुयश ठाकुर का स्वागत किया सुयश ठाकुर गाइडेंस और काउंसलिंग के क्षेत्र में प्रदेश की जानी मानी हस्ती हैं उन्होंने इस अभूतपूर्व सेशन में विद्यार्थियों को विभिन्न करियर अवसरों की विस्तृत जानकारी दी अनेक नए खुल रहे अवसरों के बारे में बताया स्वरोजगार के लिए भी उन्हें प्रोत्साहित किया और उनके अनेक सवालों के जवाब दिए उन्होंने अपने सेशन में अनेक सूत्रात्मक, प्रेरणादायक बातें कहीं; यथा किसी के प्रभाव में नहीं अपने स्वभाव में रहिए या फिर लर्निंग इज अर्निंग आदि परीक्षाओं का सामना करने के लिए भी उन्होंने अनेक व्यावहारिक सूत्र विद्यार्थियों को प्रदान किए यह भी बताया कि किस प्रकार विद्यार्थी अपने लिए उपयुक्त करियर क्षेत्र का चुनाव कर सकते हैं श्री ठाकुर ने विद्यार्थियों से मेमोरी विकसित करने के लिए कुछ सहज तकनीकों पर चर्चा की। साथ ही किशोरावस्था से जुड़ी कुछ मानसिक

परेशानियों पर भी बात की श्री ठाकुर के साथ यूनिक अकादमी के मार्केटिंग प्रमुख श्री चिन्मय का भी आगमन विद्यालय में हुआ था विद्यार्थियों को अतिरिक्त प्रश्न पूछने के लिए श्री चिन्मय द्वारा शीट भी बांटे गए थे कार्यक्रम के मुख्य बिंदुओं को समेटते हुए विद्यालय प्राचार्य मनोज श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को चर्चा के निष्कर्षों को आत्मसात करने का आह्वान किया और आगे भी इस प्रकार के आयोजनों का भरोसा दिलाया उन्होंने अपने सारगर्भित उद्बोधन में सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की कार्यक्रम का समापन विद्यालय कप्तान आकाश के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

एनएसएस का 7 दिवसीय शिविर मोवाला में सम्पन्न

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट। (30 दिसंबर)शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बैहर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सत्र 2023-24 का सात दिवसीय आवासीय विशेष शिविर समीपस्थ ग्राम मोवाला में सम्पन्न हुआ। शिविर की जानकारी देते हुए एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी नवजीत सिंह परिहार ने बताया कि प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी एनएसएस का कैम्प लगाया जाना था जिसके लिये उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य आलोक कुमार चौरे की अनुमति से ग्राम मोवाला में 18 दिसम्बर से विशेष शिविर लगाया गया। शिविर का शुभारंभ ग्राम पंचायत मोवाला के सरपंच रामसिंह तेकाम द्वारा एनएसएस ध्वज का आरोहण कर किया गया। शिविर अवधि में शिविरार्थी स्वंयसेवक छात्र छात्राओं ने ग्रामवासियों के साथ मिलकर परियोजना कार्य के अंतर्गत ग्राम के बड़ा देव मंदिर, शिवमंदिर, बौद्ध मंदिर, अम्बेडकर प्रतिमा स्थल आदि की साफसफाई कर पुताई की। वही ग्राम के सभी हैंडपंप के आसपास, विद्यालय एवं पंचायत परिसर के आसपास सफाई की। विद्यालय एवं आंगनबाड़ी में दिव्यांग छात्र छात्राओं को उतरने के लिए रैम्प का निर्माण एवं मरम्मत की, बाउंड्रीवाल की पुताई जैसे अनेक कार्य किये। शिविर में प्रतिदिन बौद्धिक

चर्चा के अंतर्गत विभिन्न विषयों के शासकीय एवं अशासकीय विशेषज्ञों द्वारा छात्र छात्राओं को जानकारी भी प्रदान की गई। शिविर में 37 छात्र, 22 छात्रा, 5 शिक्षक (3 पुरूष एवं 2 महिला) एवं अन्य स्थानीय 2 युवकों का समावेश रहा। शासकीय प्राथमिक शाला मोवाला में छात्रों एवं पंचायत भवन में छात्राओं के आवास की व्यवस्था की गई थी। शिविरार्थी छात्र छात्राओं के कार्यों को देखते हुए ग्राम पंचायत मोवाला द्वारा सभी छात्रों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। शिविर में कार्यक्रम अधिकारी के अतिरिक्त कु. श्रद्धा तिवारी उच्च माध्यमिक शिक्षक, कु संगीता धुर्वे अ. माध्यमिक शिक्षक, राजेश बमहुरे समन्वयक खेल विभाग एवं कमलेश दीवान सहायक के रूप में शिविर में उपस्थित रहे।

मलाजखंड नपा के पार्षद एवं अध्यक्ष के बीच खींचतान की वजह से दस पार्षदों ने दिया इस्तीफा

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बिरसा/बालाघाट। (30 दिसंबर)मलाजखंड नगर परिषद हमेशा सुर्खियों में रहता है कभी नपा अधिकारी व अध्यक्ष के बीच खींचतान को लेकर तो कभी भ्रष्टाचार एवं रिश्वतखोरी की वजह से जिससे मलाजखंड नपा खासा सुर्खियां बटोर रहा है। हालिया मामला दस पार्षदों के इस्तीफा को लेकर है जिससे एक बार फिर नपा मलाजखंड सुर्खियों में आ गया है।इस बार नपा पार्षद एवं नपा अध्यक्ष के बीच खींचतान का मामला प्रकाश में आया है।पार्षदों का आरोप है कि अध्यक्ष अपनी मनमानी कर रहें है लेकिन नपा अध्यक्ष मान सिंह मेरावी इसका खंडन करते हुए बताते है कि नपा में सब कुछ ठीकठाक है और पार्षदों के इस्तीफा देने की बात अफवाह मात्र है।

वही इस मामले पर पार्षदों का कहना

है कि नपा अध्यक्ष मान सिंह मेरावी ने अपनी शक्ति का प्रयोग कर दूसरी बार पी आई सी का गठन किया जिसमे भाजपा के ज्यादातर पार्षदों को ही रखा गया है।अध्यक्ष का कहना है कि 22 दिसंबर को पूर्व समिति को भंग कर एक बार पुनः सात समितियों का गठन किया गया जिसमे सभी पार्षदों को रखा गया है जबकि पार्षदों का कहना है कि नपा अध्यक्ष बिना पार्षदों को विश्वास में लिए वगैर ही सारे फैसले लेते है जो नियम विरुद्ध है जिससे दस पार्षदों ने इस्तीफा दिया है जिसमे दो निर्दलीय, तीन भाजपाई और पांच पार्षद कांग्रेस के शामिल है जिसे नपा अध्यक्ष नकार रहें है। बहरहाल मामला जो भी हो लेकिन इतना तय है कि मलाजखंड नपा में सबकुछ ठीक ठाक नहीं है।

इंदिरानगर अमलाई में राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल का भव्य स्वागत

समाज जागरण राहुल मिश्रा

इंदिरानगर। भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ के तत्वाधान में अटल चुनौती कार्यालय के समीप मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल जी का भाजपा कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। जैसे ही राज्य मंत्री का काफिला इंदिरा नगर पहुंच वैसे भाजपा कार्यकताओं ने पटाखे फोड़कर बैंड बाजे एवं माल्यार्पण कर राज्य मंत्री का स्वागत किया। चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक अखिलेश सिंह, राहुल मिश्रा ,जीवन यादव ,विजय तिवारी ने राज्य मंत्री का मुंह मीठा कराकर बधाई दी। भाजपा कार्यकताओं ने भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद एवं दिलीप जायसवाल जिंदाबाद के नारों से क्षेत्र को गूंजयमान कर दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता राम

नारायण उरमलिया, किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष श्याम नारायण शुक्ला, मध्य प्रदेश जनजाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र मरावी, भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष हनुमान गर्ग, वेंकट नगर के मंडल अध्यक्ष विजय सिंह राठौर, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष राहुल शर्मा, चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष अखिलेश सिंह, भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष शुभम द्विवेदी, वरिष्ठ समाजसेवी मालिक राम तिवारी, रोहित तिवारी देव्हारा, कृष्णकांत तिवारी देव्हरा ,अतुल तिवारी, संदीप द्विवेदी ,प्रभाकर उरमलिया, डॉ राज पांडे, सौरभ सिंह ,राजीव तिवारी, राजीव रावत, प्रकाश राय, दीपक कोल, सूर्य सिंह ,दिवाकर द्विवेदी, सुधांशु सिंह, राहुल गुप्ता, सूरज कोल, छबिलाल नापित, राजेश गिरी, प्रिंस सिंह सुभाष तिवारी सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कानपुर में कोहरे ने डंपर की कराई रोडवेज बस से टक्कर , दो चालकों समेत 9 घायल

सुनील बाजपेई

कानपुर। यहां घने कोहरे के रुप में सड़कों पर मौत नाच रही है। उसने ही आज शुक्रवार सुबह बिधनू में हाईवे पर डंपर की टक्कर से रोडवेज बस से करवा दी, जिसमें अनियंत्रित होकर बस के पलटने से उसमें सवार नौ लोग घायल हो गए। साथ ही टक्कर के बाद डंपर भी हाईवे किनारे पलट गया।

जानकारी के मुताबिक घटना के समय महोबा डिपो की रोडवेज बस 29 सवारियां लेकर महोबा जा रही थी, तभी गढ़ेवा-हरबसपुर मोड़ के पास कोहरे के बीच ओवरटेक कर रहे तेज रफ्तार डंपर ने बस में पीछे से टक्कर मार दी। इससे बस और

डंपर दोनों अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे पलट गए। हादसे में बस के दो चालक समेत नौ लोग घायल हो गए। घटना के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया।

इसकी सूचना पर पहुंची मौके पर आई पुलिस ने एम्बुलेंस से घायल सवारियों ओमकार सिंह (53) निवासी सिसोलर, आलोक (34) निवासी देवरिया, चालक मो.सफीक (39) निवासी चरखारी, चालक अलख कुमार (36) निवासी फतेहपुर, रफीक (40) निवासी मौदहा, सनोज (36) निवासी बस्ती, पुष्पा शर्मा (45) निवासी सुल्तानपुर, सतीश निषाद (25) निवासी जहांनाबाद, रामस्वार्थ (60) निवासी बस्ती को बिधनू सीएचसी में भर्ती कराया। यहां से डॉक्टर ने सभी को हैलट रेफर कर दिया। इनमें से चार की हालत गम्भीर बताई गई है।

राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय लोकप्रिय विधायक दिलीप लहरीया हुए शामिल

समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख

मल्हार। ग्राम बुढीखार के हायर सेकंडरी स्कूल में अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर छ.ग.के तत्वाधान में बद्री प्रसाद देवांगन मध्यनगरीय उ. मा.वि.मल्हार द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर का शुक्रवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रिय लोकप्रिय विधायक दिलीप लहरीया द्वारा मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद के छाया चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया छात्र छात्राओं ने छत्तीसगढ़ राजकीय गीत अरपा पैरी के धार गीत प्रस्तुत किया। सात दिवस 5 विशेष शिविर विभिन्न दिनों में शिक्षा, स्वक्षता, स्वास्थ्य, और यातायात के नियमों द्वारा लोगों को प्रेरित किया।

कार्यक्रम अधिकारी करूणेश नापित ने बताया कि शिविर के माध्यम से हमें समर्पण के साथ मिलकर काम करने का अवसर मिला, हमारी सेवाएं केवल क्षण में सीमित नहीं रहेगी बल्कि इनका प्रभाव हमारे चरित्र और समाज के दृष्टिकोण में सदैव बना रहेगा। राष्ट्रीय सेवा योजना हमें एक दूसरे के साथ मिलकर समृद्धि की दिशा में काम करने का अवसर प्रदान करती है। हमारी सेवाएं न केवल हमें स्वयं को समर्पित बनाती है बल्कि समाज में भी सकारात्मक परिवर्तन लाने मे सहायक होती है। कार्यक्रम अधिकारी नापित ने शिविर में छात्राओं द्वारा किए गए कार्यो के बारे मे विस्तार से बताया।

मुख्य अतिथि क्षेत्रिय लोकप्रिय विधायक दिलीप लहरिया ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना व्यक्तित्व विकास का पूर्ण मंच है। इसके द्वारा छात्र छात्राओं व समाज का

चौमुखी विकास होता है।राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर द्वारा आज समाज एक नये ऊंचाई की ओर बढ रहा है, शिविर के माध्यम से हम सभी को सेवाभाव,सामाजिक जवाबदेही और साझेदारी की भावना के साथ मिलकर काम करने का सुअवसर मिलता हैं इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र है जो राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के माध्यम से लोगों को जागरूक करते है।

शिविर के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि क्षेत्रिय लोकप्रिय विधायक दिलीप लहरिया, नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार कैवर्त, नगर पंचायत मल्हार के एल्डरमैन अमित पाण्डेय, पिंटू जांगडै,मीडिया प्रभारी गणेशदत राजू तिवारी, पार्षद विष्णु कैवर्त, रामफल भारद्वाज,कार्यक्रम अधिकारी करूणेश नापित, संस्था प्रबंधक प्रदीप वैष्णव, बुढीखार प्रचार्य कांशीराम रजक,अनिल वर्मा,सहित सभी संस्था के पदाधिकारी व बुढीखार सरपंच गोमती भैना,वरिष्ठ नागरिक बालमुकुंद वैष्णव, भरत थवाईत, अनुज साहू, नारायणदास वैष्णव, पंचू कैवर्त, रामकिशुन भैना सहित छात्र छात्राओं, ग्रामीण महिला पुरूष, युवक,युवतियां एवं बच्चे उपस्थित रहे।

जनमन योजना के तहत बिठली में शिविर का किया गया आयोजन, ग्रामीणों ने बताई अपनी समस्या

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बिरसा/बालाघाट।(30 दिसंबर)पीएम जनमन योजना के तहत शुक्रवार को बैहर अनुभाग के बिठली गांव में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का निरीक्षण करने भारत शासन में जनजाति कार्य विभाग उपसंचालक राहुल कुमार भी बिठली पहुचकर बैगा जनजाति के नागरिकों के साथ उनकी समस्याएं जानी। साथ ही उन्होंने समस्याओं के निराकरण के सम्बंध में उपाय भी सुझाये। साथ ही शिविर के पश्चात उन्होंने जनपद स्तर के अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रतिक्रिया जानी और निर्देशित किया। शिविर में मौजूद जनपद स्तरीय अधिकारियों से कहा कि सभी गाँवो की बिजली, पानी,

सड़क, आगनवाड़ी और स्वास्थ्य सुविधाओं की सर्वे रिपोर्ट तैयार करें। इसके अलावा शासन की योजनाओं के सम्बंध में सर्वे किया जाना सुनिश्चित करें। इसमें पीएम किसान सम्मान योजना के अलावा पीएम आवास तथा केंद्र शासन द्वारा संचालित योजनाएं शामिल है। डीडी श्री कुमार ने शिविर में मौजूद नागरिकों से आयुष्मान, वृद्धावस्था, पेंशन तथा राशन के सम्बन्ध में जानकारी ली। उन्होंने एनआरएलएम के विभिन्न प्रोजेक्ट्स की सराहना भी की। वही बैगा समुदाय के नागरिकों के समूह बनाकर मत्स्य समिति बनाने के भी निर्देश दिए। इस दौरान बैहर एसडीएम विवेक केवी, जनजाति कार्य विभाग के सहायक आयुक्त श्री चतुर्वेदी सहित जनपद स्तर के अधिकारी मौजूद रहे।

युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पेड़ से झूलता मिला शव

ब्यूरो समाज जागरण अयोध्या।

जनपद अयोध्या में मिल्कीपुर में कैंसर रोगी मजदूर का शव पेड़ से लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पूरे दला गांव निवासी मृतक राम भवन प्रजापति के गले में करीब डेढ़ वर्ष से कैंसर था। जिसका इलाज लखनऊ के केजीएमयू में चल रहा था।

जानकारी के अनुसार, थाना खंडासा क्षेत्र के पूरे दला गांव निवासी 45 वर्षीय राम भवन प्रजापति का गांव के दक्षिण ओर स्थित बाग में एक पेड़ की डाल से शव लटका हुआ मिला। जानकारी मिलते ही परिजनों ने मौके पर पहुंचकर किसी तरीके से राम भवन को फंदे से नीचे उतरा। लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

परिजनों की सूचना पर पुलिस चौकी प्रभारी खांडसा सुधीर त्रिपाठी, उपनिरीक्षक शैलेश द्विवेदी पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। मृतक राम भवन के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा कराने के बाद पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

ग्रामीणों ने बताया कि मृतक के दो बेटे हैं। बड़ा बेटा मोहित व छोटा बेटा रोहित प्रदेश में मेहनत मजदूरी करते हैं। दो माह बाद मृतक की बेटी अंजली की शादी भी होनी थी। उससे पहले ही यह घटना हो गई। पिता की मौत की जानकारी मिलने के बाद मृतक के दोनों बेटे प्रदेश से गांव आ रहे हैं। बेटों के आने के बाद शव का अंतिम संस्कार किया जाएगा। इस मामले में थानाध्यक्ष मनोज कुमार यादव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

भाजपा के पूर्व जिला कोषाध्यक्ष राम सजीवन गुप्ता का देहांत

शहडोल। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला कोषाध्यक्ष एवं सरस्वती शिशु मंदिर शहडोल के सदस्य श्री राम सजीवन गुप्ता ,राव कॉलोनी ,शहडोल निवासी का विगत दिनों जबलपुर में इलाज के दौरान स्वर्गवास हो गया।

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता कैलाश तिवारी, आर पी त्रिपाठी अरुण गुप्ता, दा उ राम पांडे, महेश भागदेव ,शान उल्ला खान आदि ने भाजपा नेता के स्वर्गवास पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए बताया कि श्री राम सजीवन गुप्ता भारतीय जनता पार्टी स्थापना के समय से जुड़े रहे तथा पार्टी के आंदोलन प्रदर्शन जैसे कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ के हिस्सा लेते थे। उनका योगदान निश्चय सराहनीय रहा है।

वेंकटनगर (अनूपपुर) के अमन दुबे का हुआ एमपीपीएससी मेचयन

वेंकटनगर। मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित २०१९ परीक्षा परिणाम में वेंकटनगर निवासी अमन दुबे का चयन सहायक संचालन उद्योग एवं प्रबंधन पर हुआ है। अमन दुबे के पिता ज्ञानेंद्र दुबे शिक्षक एवं माँ प्रभा दुबे ग्रहणी है। अमन की स्कूली शिक्षा सरस्वती स्कूल वेंकट नगर से की उसके बाद शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज जबलपुर से बी ई की पढाई की उसके बाद

ही स्वप्रेरणा से परीक्षा की तैयारी में जुट गए। इन्होने अपनी सफलता राज की सफलता के लिए सोशल मीडिया से दूरी, एकाग्रता, दृढ़ निश्चय, खुद पर विश्वास और परिवार जनो का साथ बहुत जरुरी होता है जिससे मनोबल मजबूत होता है। परीक्षा के बाद परिणाम का इन्तजार बहुत लम्बा करना पड़ा। अमन के चयन पर वेंकट नगर सहित पूरे जिले में हर्ष व्याप्त है।

गुना बस हादसे से सबक लेकर जिले की पुलिस हुई अलर्ट, यात्री बसों की जाँच शुरू

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट।(30 दिसंबर)बुधवार को गुना में हुए दिल दहला देने वाले बस हादसे के बाद परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। गुना हादसे वाली बस का न बीमा था, न ही परमिट, फिर भी उसे परिवहन विभाग ने सड़क पर चलाने की अनुमति कैसे और क्यों दी,जिसका जबाब जनता चाहती हैं।उक्त घटना के बाद से जिला पुलिस ने बसों की जाँच शुरू कर दी है जिसमे दो बसों के फिटनेस परमिट के नहीं होने पर कार्यवाही की गयी है।

हादसे में 13 लोगों की हुई थी मौत

बता दें कि 27 दिसंबर को हुए हादसे में 13 लोगों की जान चली गई थी।

इससे सबक लेकर जिले में मुख्यालय से लगे गर्रा चौकी के पास परिवहन विभाग और यातायात पुलिस ने जांच अभियान शुरू किया है। शुक्रवार सुबह शुरू हुए इस चेकिंग अभियान में बसों के परमिट, बीमा आदि चेक किए जा रहे है।

शुरूआती जांच में दो बसें नियम विरुद्ध चलने की जानकारी सामने आई है।जिनका फिटनस आदि समाप्त होने के बाद भी सड़क पर दौड़ाया जा रहा था।इसके अलावा परिवहन विभाग और यातायात पुलिस क्षमता से अधिक सवारी ढोने वाली बसों, बसों की जर्जर हालत आदि की भी जांच कर रही है।

मकान पर पेट्रोल डालकर जलाने वाले दो युवकों की तलाश में जुटी पुलिस

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट। (30 दिसंबर)किरनापुर थाना अंतर्गत ग्राम भानेगांव निवासी पंकज पिता सुनील मेश्राम ने थाना में पहुंचकर दो युवक भावेश और गौरव बेंद्रे के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कराया है। पीड़ित पंकज मेश्राम का कहना है कि भावेश और गौरव ने मिलकर मेरे मकान के ऊपर पेट्रोल डालकर जला दिया जिसमे किसी की जान तो नहीं गयी लेकिन इस अग्निकांड से हमारा बड़ा नुकसान हुआ है जिसकी जाँच किरनापुर पुलिस कर रही है। उक्त घटना को लेकर चर्चा है कि हो न हो उक्त मामला भी लाँजी डबल मनी को लेकर हुआ है जो जाँच के बाद सामने आएगा। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर युवकों की तलाश शुरू कर दिया है।

भारतीय मानक ब्यूरो समुद्री ऊर्जा रूपांतरण प्रणाली अनुभागीय समिति

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक वैधानिक निकाय है, जिसने समुद्री ऊर्जा रूपांतरण प्रणालियों के क्षेत्र में मानकीकरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। भारत सरकार द्वारा शुरू की गई समुद्री ऊर्जा परियोजनाओं के बढ़ते महत्व को समझते हुए, बीआईएस ने ईटीडी 54 के तहत एक समर्पित तकनीकी समिति, समुद्री ऊर्जा रूपांतरण प्रणाली अनुभागीय समिति का गठन किया है।

इन परियोजनाओं में उपयोग किए जाने वाले उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए मानकीकृत मानदंडों के पालन की आवश्यकता को पहचानते हुए, इस समिति की स्थापना भारत में समुद्री ऊर्जा प्रणालियों के विकास और विनियमन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

नवगठित तकनीकी समिति की उद्घाटन बैठक 21 दिसंबर 2023 को चेन्नई के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईओटी) में आयोजित की गई। सभा में राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईओटी), नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई), भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बॉम्बे, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) आदि सहित प्रतिष्ठित संस्थानों के प्रसिद्ध विशेषज्ञों ने भाग लिया।

समुद्री ऊर्जा रूपांतरण प्रणाली अनुभागीय समिति का प्राथमिक उद्देश्य समुद्री ऊर्जा रूपांतरण प्रणालियों से संबंधित विभिन्न पहलुओं के लिए व्यापक मानक और दिशानिर्देश निर्धारित करना है। कई क्षेत्रों से विशेषज्ञता को एक साथ लाकर, समिति का लक्ष्य इस उभरते क्षेत्र में सहयोग, नवाचार और ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है।

इस समिति का गठन देश भर में समुद्री ऊर्जा परियोजनाओं में स्थिरता, तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देने और उच्चतम गुणवत्ता मानकों को सुनिश्चित करने के लिए बीआईएस की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले राम मंदिर में क्या-क्या होगा, जानें पूरी डिटेल

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

अयोध्या।रामनगरी अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी अपने अंतिम चरण में है। 22 जनवरी को भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी।प्राण प्रतिष्ठा से जुड़े कार्यक्रम 16 जनवरी से ही शुरू हो जाएंगे। 16 जनवरी से शुरू होकर यह कार्यक्रम 22 जनवरी तक चलेंगे।

16 जनवरी से शुरू होंगे कार्यक्रम

मिली जानकारी के अनुसार 16 जनवरी को मंदिर ट्रस्ट द्वारा नियुक्त यजमान श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र प्रायश्चित समारोह का संचालन करेंगे। सबसे पहले सरयू नदी के तट पर दशविध स्नान, विष्णु पूजा और गायों को प्रसाद दिया जाएगा। इसके बाद 17 जनवरी को रामलला की बाल स्वरूप की मूर्ति लेकर एक जुलूस अयोध्या पहुंचेगा। मंगल कलश में सरयू जल लेकर श्रद्धालु राम जन्मभूमि मंदिर पहुंचेंगे।

20 जनवरी को सरयू के जल से धोया जाएगा गर्भगृह

18 जनवरी को गणेश अंबिका पूजा, वरुण पूजा, मातृका पूजा, ब्राह्मण वरण और वास्तु पूजा के साथ औपचारिक

अनुष्ठान शुरू होंगे। 19 जनवरी को पवित्र अग्नि जलाई जाएगी। इसके बाद नवग्रह की स्थापना और हवन किया जाएगा। 20 जनवरी को राम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह को सरयू नदी के जल से धोया जाएगा।इसके बाद वास्तु शांति और अन्नाधिवास अनुष्ठान होगा।

22 जनवरी को होगी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा

21 जनवरी को रामलला की मूर्ति को 125 कलशों से स्नान कराया जाएगा और अंत में उन्हें समाधि दी जाएगी। अंतिम दिन 22 जनवरी को सुबह की पूजा के बाद दोपहर में मृगशिरा नक्षत्र में रामलला के विग्रह का अभिषेक किया जाएगा। जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा संपन्न किया जाएगा।

राम मंदिर में रामलाल की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देश भर में अक्षत पूजन निकल गई कलश यात्रा

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

22 जनवरी 2024 को अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इससे पहले देशभर में अक्षत पूजन कलश यात्रा निकाली जा रही है। जिसके तहत फिरोजाबाद जिले के शिकोहाबाद में भी शुक्रवार को श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव समिति एंव विश्व हिन्दू परिषद नगर शिकोहाबाद द्वारा अक्षत पूजन कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा में काफी संख्या में महिलाएं और पुरुषों की भीड़ उमड़ पड़ी।

उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले के शिकोहाबाद में शुक्रवार को अक्षत पूजन कलश यात्रा का शुभारंभ पंजाबी कालोनी हनुमान मंदिर से प्रारभ हुई। कलश यात्रा जय श्री राम के नारों और भगवान राम के गीतों के साथ यह यात्रा निकाली गई । कलश यात्रा में पीत वस्त्र पहनें महिलाएं कलशों को सिर पर धारण करके चल रही थी । सबसे आगे राम दरबार की झांकी

आकर्षण का केंद्र बनी हुई थी। कलश यात्रा पंजाबी कॉलोनी से एटा तिराहा, कटरा बाजार, पक्का तालाब, तहसील तिराहा, नारायण होटल, स्टेट बैंक चैराहा , बड़ा बाजार होते हुए रीठरा वाले मंदिर पर जाकर पहुंची । कलश यात्रा का जगह-जगह महिलाए और पुरुष उनके स्वागत के लिए खड़े थे। साथ ही डीजे की धुन पर जमकर भक्त नाच रहे थे। दरअसल, श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के तहत हर घर महा संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसको लेकर आज शिकोहाबाद में अक्षत पूजन कलश यात्रा का आयोजन श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव समिति एंव विश्व हिंदू परिषद एंव भाजपा कार्यकताओं द्वारा किया गया। कलश यात्रा में काफी संख्या में महिलाओ और पुरुषों की भीड़ उमड़ पड़ी। सुरक्षा को लेकर बड़ी संख्या में पुलिस बल तौनत थी।

अक्षत पूजन कलश यात्रा को लेकर विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष विकास गुप्ता ने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्री राम जी के मंदिर का भव्य उद्घाटन होना है.। विश्व हिंदू परिषद संगठन के द्वारा अयोध्या से जो अक्षत भेजा गया था, आज उसकी भव्य शोभायात्रा निकली है। 1 जनवरी से 15 जनवरी तक हमारा घर-घर संपर्क अभियान है। इसके लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद और सारे संगठनों के नेतृत्व में हम 1 जनवरी से घर-घर जाने वाले हैं । बता दें कि 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में राम मंदिर निर्माण से जुड़ा महत्वपूर्ण आयोजन हो रहा है। राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति आयोजन में शामिल होगें।

इस मौके पर विश्व हिन्दू परिषद के नगर अध्यक्ष विकास गुप्ता, अनमोल गुप्ता, अम्बिका भदोरिया, राजपाल चैहान, करन माथुर, मानव जैन, विष्णु शर्मा, सुमित गुप्ता, उदय यादव बजरंग दल संयोजक वहीं भाजपा के डॉ राम कैलाश यादव, भाजपा नगर अध्यक्ष विशाल गुप्ता, सुशील यादव, सतीश यादव, श्रीनारायण दीक्षित, शेखर अग्रवाल, शिवम दीक्षित, अरविंद गुप्ता के अलावा विश्व हिन्दू परिषद एवं भाजपा कार्यकताओं के अलावा नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

पुलिस ने चोरी के आभूषण व नकदी सहित दो किया गिरफ्तार

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

वाराणसी। सिंहपुर रिंग रोड अंडर पास से नकदी सहित चोरी की आभूषण के साथ दो चोर को पुलिस ने शुक्रवार को पकड़ लिया। पूछताछ के बाद दोनों को पुलिस ने जेल भेज दिया। दोनों ने कबूल किया किया वह नशे के आदि थे, शौक को पूरा करने के लिए चोरी करते थे।

उल्लेखनीय है कि घुरहूपुर निवासिनी मंजू देवी के यहाँ चोरों ने दरवाजा का ताला तोड़कर नकदी सहित आभूषण चुरा ले गए थे। इस प्रकरण में पुलिस ने गुरुवार को मुकदमा दर्ज कर लिया था।

एसीपी सारनाथ धनंजय मिश्रा ने बताया कि मंजू देवी के घर में चोरी होने के बाद प्रभारी निरीक्षक सारनाथ उदय प्रताप सिंह के नेतृत्व में टीमों का गठन किया गया। सर्विलांस, इलेक्ट्रानिक उपकरण व मुखबीर से सूचना मिली कि दो संदिग्ध व्यक्ति सिंहपुर रिंग रोड पुलिया के नीचे खड़े हैं। दोनों के खिलाफ स्थानीय थाने में चोरी का मुकदमा दर्ज है। वह कहीं भागने के फिराक में हैं। सूचना के बाद प्रभारी निरीक्षक सरनाथ ने दबिश देकर दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ में दोनों ने अपना नाम सिंहपुर, सारनाथ निवासी राजू कुमार भारद्वाज (27) व घराहूपुर, सारनाथ निवासी धर्मेंद्र, उर्फ महेंद्र उर्फ नाटे राजभर (30) बताया। उनके पास से चोरी का आभूषण सहित 10 हजार 150 रुपया नकद बरामद किया गया। पूछताछ के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया।

बाबा विश्वनाथ धाम देखने के लिए महिलाओं का हुजूम

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

काशी विश्वनाथ धाम मंदिर में इन दिनों आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में भारी इजाफा को देखते हुए इस बार काशी विश्वनाथ मंदिर प्रशासन ने अपनी तरफ से कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है

काशी विश्वनाथ मंदिर में इन दिनों यंगिस्तान नौ युवकों के दर्शन करने की होड़ सी लगी गई हुई है और वहीं इन की यंग लड़कों और लड़कियों में 70 पर्सेंट आबादी लड़कियों की है महिलाओं की है जो काशी विश्वनाथ माता अन्नपूर्णा का दर्शन पूजन करते हैं और काशी विश्वनाथ धाम देखकर अति प्रसन्न होते हैं

वैसे तो काशीविश्वनाथ न्यास परिषद के अनुमान के अनुसार मंदिर में एकतिस दिसंबर एवं एक जनवरी को साल के पहले दिन लगभग दस लाख लोगों को दर्शन कराने का अनुमान है लेकिन सूत्रों के अनुसार लगभग एकतिस दिसंबर और 1 जनवरी को लाखों की तादाद में भीड़ आने की उम्मीद है क्योंकि उस दिन रविवार का दिन और दूसरा दिन सोमवार की वजह से भारी संख्या में मंदिर में श्रद्धालुओं का आना निरंतर जारी रहेगा यह सब देखते हुए काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास ने अपनी तरफ से पूरी तरह से साफ सफाई व्यवस्था पानी की व्यवस्था और हर गेट से दर्शन की व्यवस्था मंदिर में आने वाले हर श्रद्धालुओं के दर्शन हो सके इसकी मंदिर प्रशासन ने कर रखी है वहीं मंदिर के सुरक्षाकर्मियों ने भी अपनी तरफ से पूरी सतर्कता बरतते हुए दिखाई दे रहे हैं किसी तरह का कोई अनहोनी न हो इस वजह से सुरक्षा की दृष्टि से हर पाईटों को एलर्ट मोड में रहने को कहा गया है और सख़्त हिदायतें दी जा रही है पाइटों को कोई भी आदमी अनैतिक काम न करें और किसी तरह का कोई ऐसी वस्तुओं को मंदिर में प्रवेश न करें जो निषेध है इस पर विशेष रूप से ध्यान दिया जा रहा है

डाफी टोल प्लाजा से नुवाव के आगे तक हाईवे पर 3 किलो मीटर तक लगा जाम

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

वाराणसी। राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर डाफी टोल प्लाजा से लेकर नुवाव गांव के आगे तक हाईवे 3 किलोमीटर लंबा जाम लग रहा है.मुख्य मार्ग जाम होने से वाहन चालक सर्विस रोड पर उतर गए. जिसके कारण सर्विस रोड भी पूरा जाम हो गई.नतीजा यह हुआ कि स्थानीय लोगों को पूरे दिन परेशानी बन गई. अगल-बगल के गांव में रहने वाले लोग हाईवे को क्रॉस करने के लिए काफी परेशान हो गए। शुक्रवार सुबह से लगी जाम देर शाम के बाद भी नहीं खुल पाई थी. हाईवे पर जाम लगने का कारण डाफी में चल रहे हाईवे का निर्माण कार्यबताया गया।नारायणपुर चौराहा और आखरी नुवाव बॉर्डर पर बने अंडरपास के साथ ही डाफी टोल प्लाजा के सामने नरोत्तमपुर जाने वाले मार्ग को पार करने के लिए स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा है।

31 दिसंबर नए साल के जश्न के रंग में न पड़े कोई भंग,वाराणसी पुलिस ने की है खास तैयारी

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

वाराणसी नया साल 2024 के स्वागत के लिए हर कोई बेताब है। लोग 31 दिसंबर की रात अलग उत्साह में नजर आएंगे।रात भर जश्न मनेगा। नए साल के जश्न के रंग में कोई भंग न पड़े, इसके लिए वाराणसी पुलिस भी तैयार है।लोगों की सुरक्षा और किसी तरीके की अव्यवस्था न हो इसलिए लगभग 300 से अधिक पुलिसकर्मी वाराणसी की सड़कों पर नजर आएंगे।

आबकारी विभाग भी रहेगा अलर्ट मोड पर

आबकारी विभाग भी अलर्ट मोड पर रहेगा।आबकारी विभाग की टीमें अलग-अलग जगह पर तैनात रहेगी और बिना लाइसेंस पार्टी करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी करेंगी। नगर पुलिस कमिश्नर ने सहित बाजारों, मॉल, होटल और क्लब का दौरा किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। सड़कों पर जाम न लगे इसके लिए ट्रैफिक पुलिस एडवाइजरी जारी की है।

आबकारी विभाग टीमें 4 बनाई है।ये टीमें बार, रेस्टोरेंट पर नजर रखेंगी। में सबसे अधिक नए साल का जश्न में मनाया जाता है। यहां मॉल और गार्डन गैलरिया पुलिस कमिश्नर ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

महिला पुलिसकर्मी भी रहेंगी तैनात

भीड़-भाड़ वाले सभी स्थानों पर हैल्प डेस्क लगाया जाएगा। पुलिसकर्मियों के साथ मॉल के सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे। इसके अलावा आयोजन में लाखों की संख्या में लोगों के इकट्ठा होने की संभावना को देखते हुए माल के आसपास 300 से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती होगी, जिसमें महिला पुलिसकर्मियों की संख्या 50 बताई जा रही है। क्षमता से अधिक भीड़ होने पर माल प्रबंधकों को प्रवेश द्वार बंद करना होगा।मॉल और रेस्टोरेंट को चेतावनी दी गई है कि वे निर्धारित मल्टी लेवल पार्किंग में वाहनों को भेजें सड़कों पर जाम की स्थिति न हो।

जलवायु परिवर्तन, कृषि शिक्षा एवं नई सोच पर विद्यार्थी जागरुकता

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान, वाराणसी स्थित राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी - वाराणसी चैप्टर द्वारा निवेदिता शिक्षा सदन बालिका इंटर कॉलेज, तुलसीपुर, महमूरगंज, वाराणसी में जलवायु परिवर्तन का दैनिक जीवन पर पड़ रहे प्रभाव, कृषि शिक्षा, शोध, वैज्ञानिक सोच विकसित करने एवं सब्जियों का दैनिक आहार में महत्व विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें निबंध प्रतियोगिता के साथ पर्यावरण सुरक्षा हेतु अमरुद पौधों का रोपण किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी- वाराणसी चैप्टर के संयोजक एवं भा.कृ.अनु.प.-भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान, वाराणसी के निदेशक डॉ. तुषार कांति बेहेरा ने इस अकादमी की प्रमुख गतिविधियों पर विस्तृत प्रकाश डाला एवं छात्राओं से भोजन में अधिक से अधिके सब्जियों के सेवन का आवाहन किया। कार्यशाला में फल वाली, पत्तेदार एवं जड़ वाली सब्जियों के पोषण एवं औषधीय गुणों का विस्तार से वर्णन किया। साथ ही डॉ. बेहेरा ने विद्यार्थियों में कृषि शिक्षा एवं इसमें उपलब्ध अवसरों के बारे में बच्चों को प्रोत्साहित भी किया । कृषि क्षेत्र में हो रहे नई-नई खोजों एवं उनके सामाजिक प्रभावों का भी वर्णन किया । विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच के साथ-साथ वैज्ञानिकता का भी समावेश हो इसके लिए इस कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अध्यापिकाएं से भी अनुरोध किया । अपने संबोधन में उन्होंने जलवायु परिवर्तन विषय एवं दैनिक जीवन में पड़ रहे प्रभावों पर प्रकाश डाला एवं अल्पदोहित सब्जियों में हुए शोध एवं इनमें पाये जाने वाले गुणों तथा सहनशीलता पर भी विस्तृत चर्चा किया` इस एक दिवसी कार्यक्रम में एक हजार से अधिक छात्राओं ने भाग लिया` कार्यक्रम में कालेज की प्रधानाचार्य डॉ. आनंद प्रभा सिंह ने भी इस अवसर पर अपने विचार रखे` कार्यक्रम में कॉलेज के सभी अध्यापिकाएं एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे` कार्यशाला में भा.कृ.अनु.प.-भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान, वाराणसी की तरफ से डॉ. नागेन्द्र राय विभागाध्यक्ष, डॉ. डी.आर. भारद्वाज, डॉ. नीरज सिंह एवं राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी- वाराणसी चैप्टर के कोषाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार दुबे आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अन्त में निबंध प्रतियोगिता में विजयी छात्राओं को पुरस्कार, प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया । कालेज में इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन से विद्यार्थियों में काफी उत्सुकता एवं खुशी का माहौल बना रहा` कार्यक्रम का अंत धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ

कार्यालय दरवाजा तोड़ कर इन्वर्टर व बैट्री चुरा ले गए चोर

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

वाराणसी। सारनाथ के अटल नगर कालोनी में एक संस्था के कार्यालय का रात में चोरों ने दरवाजा तोड़ कर उसमें रखा इन्वर्टर व बैट्री उठा ले गए।

बताया जाता है कि जी आई विशेषज्ञ व पद्मश्री से सम्मानित डॉ रजनी कांत का मवइया में मकान हैं। एंव अटल नगर कालोनी में ह्यूमन वेलफेयर एशोसिएशन का कार्यालय है।गरुवार की शाम को कर्मचारी कार्यालय बन्द कर गया। रात में चोरों ने बाउंड्री फांद कर दरवाजा के निचले हिस्से को तोड़कर कमरे में घुस उसमें रखा इन्वर्टर व दो बैट्री उठा ले गए।जब सुबह 9 बजे कर्मी राधेश्याम मुख्य गेट खोल कर अंदर गए तो देखा दरवाजा टूटा था। स्थानीय थाने पर तहरीर दी।

छत से मकान में घुसकर लाखों के जेवरात उड़ा ले गए चोर

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

वाराणसी चौबेपुर थाना क्षेत्र के अजांव गांव निवासी अश्वनी उपाध्याय पुत्र नंदलाल उपाध्याय के यहां छत के रास्ते चोर घर में घुसकर लाखों के जेवरात उठा ले गए। परिवार के लोग बाहर बरामदे के कमरें में सोते हुए थे।सुबह जब अश्वनी उपाध्याय की मां आंगन बाड़ी सहायिका घर का दरवाजा खोलकर अंदर पहंची तो घर का सामान बिखरा देख कर भौंचक हो उठी । आलमारी खोलकर चोर उसमें रखे चांदी ,सोने के जेवरात उठा ले गए। घटना की सूचना परिजनों ने पुलिस को दी।मौके पर प्रभारी निरीक्षक विद्याशंकर शुक्ला मय फोर्स के साथ पहुंचकर घटना की जांच कर रहे हैं।

कमिश्नर में कैंट स्टेशन के पास चल रहे रोपवे कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

वाराणसी। कमिश्नर कौशल राज शर्मा ने शुक्रवार को कैंट स्टेशन पर चल रहे रोपवे कार्य के प्रगति का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एलएचएमएल की प्रोजेक्ट डायरेक्टर से कार्य की प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी ली। यातायात परिवर्तन के सम्बन्ध में एस0एच0ओ0 सिगरा, रेलवे तथा ट्राफिक के अधिकारियों को दूसरा रूट खुलवाये जाने हेतु कहा गया, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कार्यदायी संस्था के अधिकारी को कार्य के दौरान सुरक्षा मानको अपनाते हुए कार्य को कराए जाने पर विशेष जोर दिया।

उन्होने सी0डब्लू0आर0 का कार्य पूर्ण किये जाने के फलस्वरूप ओवर हेड टेंक को सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए ध्वस्तीकरण की कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया तथा यातायात परिवर्तन के उपरान्त स्टेशन एरिया में बेरिकेटिंग का कार्य तत्काल करवाये जाने पर विशेष जोर दिया। ताकि रोपवे का कार्य सुचारू रूप से करवाया जा सके। बैठक के दौरान फेज-2 के लोकेशन एवं एलाइनमेन्ट के बारे में विचार-विमर्श किया गया। निरीक्षण के दौरान वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग,एल0एच0एम0एल0 की प्रोजेक्ट डारेक्टर, पूजा मिश्रा, नगर नियोजक,मनोज कुमार, अधिशासी अभियन्ता, आनन्द कुमार मिश्रा इत्यादि लोग मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने निर्वाचन कार्य के प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

किसी भी बूथ में मृतक या डुप्लीकेट मतदाता पाए जाने पर संबंधित बीएलओ के खिलाफ होगी एफआईआर

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

वाराणसी जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी एस. राजलिंगम अध्यक्षता में शुक्रवार को सदर तहसील सभागार में ई0आर0ओ0 और बी0एल0ओ0 के साथ निर्वाचन से संबंधित कार्यों के प्रगति की समीक्षा बैठक के दौरान विगत लोकसभा और विधानसभा चुनावों में कम वोटिंग की बूथवार समीक्षा किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बी0एल0ओ0 के कार्यशैली को लेकर काफी नाराजगी व्यक्त की। उन्होने चेताया कि किसी भी बूथ में मृतक या डुप्लीकेट मतदाता पाए जाने पर संबंधित बी0एल0ओ0 के खिलाफ एफआईआर दर्ज कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा बी0एल0ओ0 जिस बूथ पर मृतक या डुप्लीकेट मतदाता है नाम काटकर लिस्ट दुरुस्त करें और सभी ई0आर0ओ0 वेरीफाई करके रिपोर्ट दें। जिलाधिकारी ने कहा संबंधित विधानसभा के ई0आर0ओ0 कम वोटिंग वाले 20 बूथ की जांच करें और जिससे मतदान प्रतिशत बढ़ेगी। इस दौरान उन्होंने पहड़िया मण्डी पहुंच कर निरीक्षण भी किया गया। उन्होने स्ट्रांग रूम के चारों ओर घूम कर लगे हुए सीसीटीवी कैमरे देखे और निर्देशित किया कि किसी स्तर पर निगरानी में लापरवाही नही होना चाहिए।

नई सड़क गिरजाघर से लेकर गुरुद्वारा चौराहे तक सड़क के किनारे अतिक्रमण कर लगे अवैध पटरिया की दुकान पुलिस प्रशासन द्वारा हटाए गए

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

वाराणसी लक्सा थाना क्षेत्र के नई सड़क गिरजाघर से लेकर गुरु द्वारा चौराहे तक सड़क के किनारे पटरी पर लगा रहे अवैध अतिक्रमण कर दुकान को लगता था ना प्रभारी मनोज कोरी द्वारा ट्रैफिक जाम वह जनता के आने जाने में दिक्कतों को सामना करना पड़ता था जिसको देखते हुए लगता था ना प्रभारी ने सड़क के किनारे लगे अवैध पटरियों को हटवाया गया कई की चलन भी काटे गए और हिदायत दिया कि आगे से अतिक्रमण कर सड़क के किनारे कोई भी पटरिया नहीं लगाया जाए

कमिश्नर ने मण्डल स्तरीय कृषि निर्यात निगरानी समिति की बैठक में अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

वाराणसी। कमिश्नर कौशल राज शर्मा की अध्यक्षता में मण्डल स्तरीय कृषि निर्यात निगरानी समिति की बैठक शुक्रवार को मंडलीय सभागार में हुईं। जिसमें डॉ अमित यादव, सदस्य सचिव द्वारा मण्डल में कृषि निर्यात की प्रगति तथा नीति के अंर्तगत निर्यातकों को सरकार के द्वारा दिए गए अनुदानों (यथा परिवहन अनुदान 23.90 लाख रू०) एवं कृषि जी०आई० उत्पादो (आदमचीनी चावल, बनारसी लंगड़ा आम, रामनगर भण्टा एवं बनारसी पान) के अधिकृत उपयोगकर्ता बनाने की प्रगति से अवगत कराया। बैठक में उपस्थित जी०आई०विशेषज्ञ पद्मश्री डा० रजनीकांत द्वारा जी०आई० एवं आवेदन की प्रक्रिया के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी गई। कमिश्नर कौशल राज शर्मा ने सभी विभागों को आपस में समन्वय स्थापित कर कृषि निर्यात आधारित क्लस्टर बनाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त बनारसी लगडा आम, मशरूम, मत्स्य तथा डेयरी उत्पादों के क्लस्टर बनाने हेतु संबंधित विभागों को मानको का निर्धारण करने के निर्देश दिए गये। जी०आई० के प्रोत्साहन हेतु संबंधित विभागों को अधिकृत उपयोगकर्ता बनाने के लक्ष्य निर्धारित किए गए। बैठक में एपीडा सहित संयुक्त कृषि निदेशक, उप निदेशक उद्यान, डीडीएम नाबार्ड, डी०डी०ए०मण्डी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, उपनिदेशक मत्स्य, ज्ये०कृषि विपणन निरीक्षक, एफ०पी०ओ० एवं निर्यातक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

रहस्यमय परिस्थितियों में दो सगी बहन लापता, पिता के द्वारा थाने पर दी गई नाम जड़ तहरीर

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

जौनपुर खुटहन । थाना क्षेत्र के एक गांव में दो सगी बहनों को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। दोनों में छोटी बहन नाबालिग बताई जा रही है। पुलिस ने पिता के द्वारा दी गई नामजद तहरीर के आधार पर आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दिया है।

उक्त गांव निवासी सगी बहनों के पिता ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि हमारी दो बेटियां एक 20 वर्षीय तथा दूसरी 17 वर्षीय हैं। दोनों गुरुवार को घर से लगभग पांच सौ मीटर दूर खेत में चना का साग खोटने गयीं थीं। देर शाम तक वापस नहीं लौटी। काफी खोजबीन के बाद भी दोनों का सुराग नहीं लग सका। पिता का आरोप है कि बदलापुर थाना क्षेत्र के एक नामजद युवक से दोनों की मोबाइल पर अक्सर फोन किया करता है। वही दोनों को बहला कर कहीं दूर भगा ले गया। आरोप के आधार पर पुलिस ने अमित दूबे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी का प्रयास तेज कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह ने बताया कि आरोपित की तलाश में हर संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

पीसीसीएम द्वारा डीडीयू जंक्शन पर किया गया निरीक्षण

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

शुक्रवार को पूर्व मध्य रेल के प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (पीसीसीएम) शिव कुमार प्रसाद द्वारा पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन (डीडीयू जंक्शन) पर निरीक्षण किया गया। इस दौरान डीडीयू जंक्शन परिसर में यात्री सुविधाओं, कार्यों व साफ सफाई आदि का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान पीसीसीएम द्वारा डीडीयू जंक्शन पर मुख्य टिकट बुकिंग कार्यालय, एटीवीएम, खानपान व्यवस्था, टीटी लॉबी आदि के निरीक्षण सहित प्लेटफॉर्म, फुट ओवर ब्रिज, सकुर्लेटिंग एरिया में सुविधाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान सीनियर डीसीएम सुधांशु रंजन सहित संबंधित अन्य उपस्थित रहे इसके बाद पीसीसीएम द्वारा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभाकक्ष में सीनियर डीसीएम व अन्य वाणिज्य विभाग के अधिकारियों सहित मंडल में कार्यरत वाणिज्य पर्यवेक्षकों के साथ एक समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में पीसीसीएम द्वारा स्टेशनों पर उत्तम यात्री सुविधा व व्यवस्था बनाए रखने तथा आवश्यकतानुसार सुधार करते रहने हेतु निर्देशित किया गया।

इंटरलॉकिंग कार्य के दौरान दो पड़ोसियों में विवाद एक पक्ष की महिला की संदिग्ध अवस्था में हुई मौत

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

मीरगंज जौनपुर। क्षेत्र के सेमरहो गांव में चल रहे इंटरलॉकिंग कार्य के दौरान दो पड़ोसियों में हुए विवाद में एक पक्ष की महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। जिससे स्वजनों में कोहराम मचा हुआ है। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है। ग्राम प्रधान सेमरहो आशीष कुमार द्वारा गांव में इंटरलॉकिंग कराने का कार्य किया जा रहा है। जिस पर गुरु वार के दिन गांव के बीच खड़ंजा इंटरलॉकिंग लगाने का कार्य शुरू हुआ। क्षेत्रीय लोगों के अनुसार गाँव की 55 वर्षीय श्यामा देबी पत्नी रमाशंकर तिवारी व शत्रुघ्न तिवारी दोनों के बीच खड़ंजा इधर उधर कराने को लेकर विवाद चल रहा था। तभी श्यामा देबी की अचानक हालत बिगड़ने लगी और वह गिर गईं। जब तक लोग कुछ समझ पाते कि महिला की मौत हो गयी। घटना की जानकारी होते ही लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष मीरगंज दीपेंद्र सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी है। अस्पताल की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

प्रधानमंत्री अयोध्या में नागरिक सुविधाओं के सुधार के लिए 11,100 करोड़ रुपये से अधिक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

लगभग 11:15 बजे, प्रधानमंत्री पुनर्विकसित अयोध्या रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करेंगे तथा नई अमृत भारत ट्रेनों और वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। वे कई अन्य रेलवे परियोजनाएं भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। दोपहर लगभग 12रू15 बजे प्रधानमंत्री नवनिर्मित अयोध्या एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे। दोपहर लगभग एक बजे प्रधानमंत्री एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेंगे, जहां वे राज्य में 15,700 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। ये सभी परियोजनाएं राष्ट्र के लिए बहुत महत्व रखती हैं। इनमें अयोध्या और उसके आसपास के क्षेत्रों के विकास के लिए लगभग 11,100 करोड़ रुपये की परियोजनाएं और पूरे उत्तर प्रदेश में अन्य परियोजनाओं से संबंधित लगभग 4600 करोड़ रुपये की परियोजनाएं शामिल हैं।

प्रधानमंत्री की परिकल्पना अयोध्या में आधुनिक विश्वस्तरीय अवसंचरना का विकास करना, कनेक्टिविटी में सुधार करना और शहर के समृद्ध इतिहास व विरासत के अनुरूप नागरिक सुविधाओं का कायाकल्प करना है। इस परिकल्पना को साकार रूप देने के लिए शहर में एक नए हवाई अड्डे, नए पुनर्विकसित रेलवे स्टेशन, नव पुनर्विकसित, चौड़ी और सौन्दर्यपूर्ण सड़कों तथा अन्य नागरिक अवसंरचना का उद्घाटन किया जा रहा है। इसके अलावा, कई नई परियोजनाओं की आधारशिला रखी जाएगी, जो अयोध्या और उसके आसपास नागरिक सुविधाओं के सौंदर्यीकरण और सुधार में योगदान देगी।

अयोध्या हवाई अड्डा

अत्याधुनिक हवाई अड्डे के पहले चरण को 1450 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया गया है। हवाई अड्डे के टर्मिनल भवन का क्षेत्रफल 6500 वर्गमीटर होगा, जो सालाना लगभग 10 लाख यात्रियों की सेवा के लिए सुसज्जित होगा। टर्मिनल भवन का अग्रभाग अयोध्या के आसन्न श्रीराम मंदिर की वास्तुकला को दर्शाता है। टर्मिनल भवन के अंदरूनी हिस्सों को भगवान श्रीराम के जीवन को दर्शाने वाली स्थानीय कला, पेंटिंग और भित्तिचित्रों से सजाया गया है। अयोध्या हवाई अड्डे का टर्मिनल भवन विभिन्न सुविधाओं से सुसज्जित है, जैसे इन्सुलेशन छत प्रणाली, एल.ई.डी प्रकाश व्यवस्था, वर्षा जल संचयन, फव्वारे के साथ भूनिर्माण, जल उपचार संयंत्र, सीवेज उपचार संयंत्र, सौर ऊर्जा संयंत्र तथा ऐसी कई अन्य सुविधाएं प्रदान की गई हैं। ये सभी सुविधाएं गृह - 5 स्टार रेटिंग के अनुरूप होंगी। हवाई अड्डे से क्षेत्र में कनेक्टिविटी में सुधार होगा, जिससे पर्यटन, व्यावसायिक गतिविधियों और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिलेगा।

अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन

पुनर्विकसित अयोध्या रेलवे स्टेशन का पहला चरण - जिसे अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन के नाम से जाना जाता है - 240 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया गया है। तीन मंजिला आधुनिक रेलवे स्टेशन की इमारत लिफ्ट, एस्केलेटर, फूड प्लाजा, पूजा-अर्चना की सामग्री की दुकानों, क्लॉक रूम, चाइल्ड केयर रूम, वेटिंग हॉल जैसी सभी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। स्टेशन भवन श्सभी के लिए सुलभश और श्आईजीबीसी प्रमाणित ग्रीन स्टेशन भवनश होगा।

अमृत भारत ट्रेनें, वंदे भारत ट्रेनें और अन्य रेल परियोजनाएं अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री देश में सुपरफास्ट यात्री ट्रेनों की एक नई श्रेणी - अमृत भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे। अमृत भारत ट्रेन गैर वातानुकूलित डिब्बों वाली एक एलएचबी पुश पुल ट्रेन है।

नवीन मंडी गोदाम में संरक्षित ईवीएम मशीनों व वीवीपैड का निरीक्षण कर देखी सुरक्षा व्यवस्था जिलाधिकारी

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन की तैयारियों के दृष्टिगत आज जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी अभय कुमार पाण्डेय द्वारा विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी के साथ नवीन मंडी में संरक्षित ईवीएम मशीन स्थल का सुरक्षा व्यवस्था को देखा गया। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार ईवीएम गो-डाउन का त्रैमासिक निरीक्षण करने का निर्देश प्राप्त है। इसी क्रम में आज सभी राजनैतिक दल के उपस्थित में खोला गया है। गोदाम में रखी ईवीएम मशीनों को रैंडमलीय जाँच हुई। जो सभी सुरक्षित हैं। इसके अलावा जिलाधिकारी ने सुरक्षा संबंधित लगे उपकरणों, विद्युतीकरण, सीसीटीवी कैमरा सुरक्षा व्यवस्था आदि सुरक्षा मानकों को गहनता से देखा। स्ट्रांग रूम के निरीक्षण में भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी पार्टी एवं बहुजन समाज पार्टी एवं अन्य प्रतिनिधियों ने भी विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

जीएमसीएच-32 नर्सिंग वेलफेयर एसोसिएशन ने भाजपा नेता संजय टंडन से प्रमोशन के लिए मांगा सहयोग

नर्सिंग कैडर में प्रमोशन के पद बहाल करने की रखी मांग

रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण

चंडीगढ़,29 दिसम्बर : जीएमसीएच-32 नर्सिंग वेलफेयर एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज प्रधान सचिव विजय कुमार के नेतृत्व में चंडीगढ़ प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष एवं हिमाचल प्रदेश भाजपा के सह-प्रभारी संजय टंडन से मुलाकात की। एसोसिएशन ने भाजपा नेता संजय टंडन से अपनी वर्षों पुरानी समस्या सांझा कर उनका साथ मांगा। एसोसिएशन के अनुसार करीब बीस वर्षों से उन्हें नर्सिंग कैडर में प्रमोशन पोस्ट का लाभ नहीं मिला है। नतीजतन 200 से अधिक कर्मचारी बीते दो दशक से एक ही पद पर काम करने को विवश हैं। कर्मचारियों को विभिन्न पदों पर लंबा अनुभवः-

जीएमसीएच 32 में कार्यरत महिला और पुरूष कर्मचारी नर्सिंग ऑफिसर, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर व अन्य पदों पर सेवाएं दे रहे हैं। लंबे अनुभव के बावजूद वे दो दशक से एक ही पद पर काम कर रहे हैं। एसोसिएशन ने भाजपा नेता संजय टंडन से गुहार लगाई कि उनके नर्सिंग कैडर की प्रमोशन पोस्ट का सृजन कर उन्हें राहत दिलवाई जाए।

1996 और 1998 बैच को इंतजारः

एसोसिएशन के प्रधान सचिव विजय कुमार ने बताया कि वर्ष 1996 और वर्ष 1998 बैच के सभी कर्मचारी भर्ती होने के बाद से प्रमोशन पोस्ट नहीं होने से चिंतित हैं और एक ही पद पर काम करने को मजबूर हैं।10 साल से अस्पताल प्रबंधन और चंडीगढ़ प्रशासन को लिख रहे पत्रःनर्सिंग वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान सचिव विजय कुमार ने बताया कि वर्ष 1992 के बाद से नर्सिंग कैडर की प्रमोशन पोस्ट नहीं आई है। उन्होंने कहा कि वह दस साल से अस्पताल प्रबंधन और चंडीगढ़ प्रशासन को प्रमोशन पोस्ट बहाल करने के संबंध में पत्र लिख रहे हैं। लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। दिसंबर 2022 से 322 पदों की भर्ती लंबित :

एसोसिएशन ने भाजपा नेता संजय टंडन को बताया कि दिसंबर 2022 से नर्सिंग ऑफिसर के 322 पदों की एक भर्ती भी अब तक लंबित है। इसका सीधा असर रोगियों और उनके तीमारदारों पर पड़ता है। प्रमोशन पोस्ट और लंबित भर्ती के लिए अस्पताल प्रबंधन और चंडीगढ़ प्रशासन समय-समय पर अलग-अलग कारण बता रहा है। लेकिन अभी तक उनकी सुनवाई नहीं हो सकी है। भाजपा नेता संजय टंडन ने एसोसिएशन से मांग पत्र लेकर उनकी चिंता को आत्मसात करते हुए उन्हें उचित मांगों पर जल्द विचार किए जाने का भरोसा दिया।

देश के आर्थिक विकास के साथ-साथ कागज उद्योग भी समृद्ध होता रहेगा : पीयूष गोयल

रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण

चंडीगढ़,29 दिसम्बर : केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण तथा वस्त्र मंत्री श्री पीयूष गोयल ने कहा कि जैसे-जैसे देश आर्थिक रूप से आगे बढ़ेगा, कागज उद्योग समृद्ध होता रहेगा। नई दिल्ली में फैडरेशन ऑफ पेपर ट्रेडर्स एसोसिएशन इन इंडिया (एफपीटीए) की 62वीं वार्षिक आम बैठक को संबोधित करते हुए श्री गोयल ने कहा कि कागज की पुनर्चक्रण योग्य और टिकाऊ प्रकृति इसे चक्रीय (सर्कुलर) अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण अंग बनाती है।कागज उद्योग के महत्व को स्वीकार करते हुए, श्री गोयल ने ज्ञान, इतिहास, साहित्य के वाहक और रोजमर्रा की जिंदगी में एक आवश्यक माध्यम के रूप में इसकी अभिन्न भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में कागज एक प्रमुख स्थान रखता है,पहुंच प्रदान करता है और संचार, ब्रांडिंग, पैकेजिंग सहित कई बहुआयामी उद्देश्यों को पूरा करता है।श्री गोयल ने कहा कि सरकार व्यापार जगत के लिए और अर्थव्यवस्था के विस्तार पर अधिक प्रयास कर रही है। प्रतिस्पर्धी गुणवत्ता और सेवा की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए, केंद्रीय मंत्री ने उद्योग के लिए एक रणनीतिक मार्ग

की रूपरेखा सामने रखी, जिसमें एकीकृत मिलों, लागत में कमी और नवाचार को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया गया। उन्होंने एक महत्वपूर्ण कारक के रूप में स्थिरता पर जोर दिया, उद्योग को पुनर्नवीनीकरण सामग्री से कागज निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने और दायित्व पूर्ण तौर तरीकों के माध्यम से पारिस्थितिकी संतुलन सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

श्री गोयल ने घरेलू उत्पादन क्षमता के विस्तार में 'आत्मनिर्भरता' के महत्व को रेखांकित किया और एकल-उपयोग प्लास्टिक के स्थान पर कागज के नए ग्रेड के विकास का अनुरोध किया। उन्होंने विशेष रूप से नवीन पैकेजिंग समाधानों के माध्यम से निर्यात की विशाल संभावनाओं पर प्रकाश डाला, और टिकाऊ व उच्च गुणवत्ता वाले कागज उत्पादों का उत्पादन करने के लिए भारतीय पैकेजिंग संस्थान जैसे संस्थानों के साथ सहयोग का आग्रह किया।कागज आयात के संबंध में उद्योग के कुछ वर्गों द्वारा उठाई गई चिंताओं पर बोलते हुए, श्री गोयल ने उनसे जुड़ा विशिष्ट विवरण देने का आग्रह किया और साथ ही, उन्हें किसी भी कदाचार को दूर करने के लिए व्यापार उपचार महानिदेशक से संपर्क करने का सुझाव दिया। उन्होंने घरेलू कागज विनिर्माण में निवेश में वृद्धि की संभावना को स्वीकार करते हुए सभी हितधारकों के हितों के बीच संतुलित स्थापित करने की सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।अंत में, केंद्रीय मंत्री ने नए भारत की आकांक्षाओं के पथप्रदर्शक और देश की विकास गाथा में योगदानकताओं के रूप में कागज उद्योग के प्रतिनिधियों की सराहना की। उन्होंने इस परिवर्तनकारी यात्रा में उद्योग की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए भारत को एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ाने के सामूहिक दृष्टिकोण को दोहराया।

संसार में कोई बड़ा धर्म है तो वह है मानवता का धर्म : डा.साध्वी सुयशा शशि जी महाराज

रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण

जैतो,29 दिसम्बर : स्वर्ण कुल गौरव, जिनशासन पारसमनी श्री समता जी महाराज, संगीतमयी प्रवचन शिरोमणि राष्ट्र ज्योति डा.साध्वी श्री सुयशा शशि महाराज,स्वर्ण संघ प्रभाविता, वीर शिरोमणि श्री प्रगति जी महाराज ठाणे -7 स्वर्ण सुधा समता सुयशा जैन साधक केंद्र आर. वी.शांति नगर जैतो में विराजमान हैं। जानी-मानी जैन साध्वी डा.साध्वी श्री सुयशा

जी महाराज ने बताया कि

संसार में कोई सबसे बड़ा धर्म है तो वह है मानवता का धर्म। जिन इंसान के अंदर मानवता है वह सब धर्मों में श्रेष्ठ है। मानवता कभी भी किसी कि जाति या धर्म नहीं देखता बल्कि निःस्वार्थ भाव से हर मानव की सेवा करना ही अपना धर्मसमझता है। नागार्जुन प्राचीन समय में एक महान रसायनशास्त्री हुए हैं।उन्होंने ने दिन-रात काम कर के कईअसाध्य रोगों की दवा बनाई। काम

इतना बढ़ गया कि उन्हें अब एकसहायक की आवश्यकता महसूस हुई। उन्होंने राजा से विनती की किकाम बढ़ जाने के कारन अब उन्हें एक सहायक की आवश्यकता है। राजा ने उन्हें कहा कि अगली सुबहवह दो नौजवानों को भेज देंगे।उनमे से जो ज्यादा योग्य हो उसे वे अपना सहायक बना लें। अगली सुबह नागार्जुन के पास दो नौजवान आये। दोनों ने बराबर ही शिक्षा प्राप्त की हुई थी। दोनों की योग्यता भी एक जैसी ही थी। लेकिन नागार्जुन को तो बस एक ही सहायक चाहिए था। यह देख नागार्जुन सोच में पड़ गए कि वे किसे अपना सहायक बनायें और किसे नहीं।

कुछ देर सोचकर उन्होंने दोनों को एक पदार्थ दिया और कहाये कौन सा पदार्थ है इस बारे में आपको खुद ही जानकरी प्राप्त करनी है और एक रसायन बना कर लाना है। रसायन देखने के बाद मैं यह निर्णय लूँगा कि कौन मेरा साहयक बनेगा।ह्व दोनों नौजवान नागार्जुन को नमस्कार करने के बाद चलने ही वाले थे कि नागार्जुन ने कहा,"जातेसमय राजमार्ग से होते हुए जाना।"नागार्जुन ने ऐसा क्यों कहायह तो दोनों को नहीं पता लगा। फिर भी दोनों चले गए।

कुछ दिन बीते, दोनों फिर एकसाथ नागार्जुन के पास पहुंचे। राजा भी नागार्जुन के साथ ही थे। उननौजवानों में से एक उत्साहित और प्रसन्न नजर आ रहा था वहीं दूसराउदास था। नागार्जुन ने जब रसायन दिखने को कहा तो पहले ही नौजवानने अपना रसायन दिखाया। उसके गुण-दोष बताये। नागार्जुन उसनौजवान से प्रभावित हुए। सब कुछ पूछ लेने के बाद नागार्जुन ने दुसरे नौजवान से अपना रसायन दिखनेको कहा। इस पर उस नौजवान ने बताया कि वह रसायन तैयार नहींकर सका। नागार्जुन ने जब कारन पूछा तो उसने बताया,आपकेकहे,अनुसार मैं राजमार्ग से जा रहा था। वहां पर मैने एक बीमार व्यक्ति को देखा।जिसकी हालत बहुत खराब थी। कोई भी उस व्यक्ति की सहायता नहीं कर रहा था। मुझे उस व्यक्ति पर तरस आ गया। फिर मैं उसे अपने साथ ले गया। उसकी देखभाल की। ये सब करते हुए मुझे इस पदार्थ से रसायन बनाने का समय ही नहीं मिला।"ये सब सुनने के बाद नागार्जुन ने कहा, "ठीक है कल से तुम मेरे साथ काम करोगे। मैं तुम्हें अपना सहायक नियुक्त करता हूँ।"यह सुन राजा तुरंत बोले,"लेकिन नागार्जुन इस नौजवान ने तो रसायन बनाया ही नहीं। तो फिर तुम इसे अपना सहायक क्यों नियुक्त कर रहे हो।"इस पर नागार्जुन ने उतर दिया हे हो।"इस पर नागार्जुन ने उत्तर दिया, महाराज मुझे पहले से इसबात का बोध था कि राजमार्ग पर एक बीमार व्यक्ति है।इसीलिए मैंनेदोनों को राजमार्ग से होकर जाने के लिए कहा था। पहले नौजवानने उस पर ध्यान नहीं दिया जबकि दूसरे नौजवान ने निःस्वार्थ भाव से उसकी सेवा की और मानवता धर्मनिभाया। ऐसे रसायन का क्या लाभजो किसी के प्राण न बचा सके। चिकित्सा करने के लिए मानव बनना बहुत आवश्यक है। जिस व्यक्तिमें मानवता नहीं है वह किसी की चिकित्सा कैसे करेगा? इसीलिए मैंनेदूसरे नौजवान को अपना सहायकनियुक्त किया।"राजा नागार्जुन काउत्तर सुनकर और उनकी सोच देखकर बहुत प्रसन्न हुए।

मोदी के नेतृत्व में जल्द ही नई सहकारिता नीति पूरे देश में लागू हो जाएगी अगले 25 वर्षों के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के साथ लाया जा रहा : अमित शाह

रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण

चंडीगढ़,29 दिसम्बर :केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज सुरेंद्रनगर जिला सहकारी बैंक लिमिटेड के नवनिर्मित भवन का वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से ई-लोकार्पण किया।

इस अवसर पर श्री अमित शाह ने कहा कि आज का दिन सुरेन्द्रनगर जिले के लिए बहुत महत्वपूर्ण है जब सुरेन्द्रनगर जिला सहकारी बेंक के अत्याधुनिक मुख्यालय का लोकार्पण हो रहा है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने सहकारिता को प्रोत्साहन दिया है, उसी प्रकार आनेवाले दिनों में ये बैंक सुरेन्द्रनगर जिले में हर क्षेत्र की सहकारी समितियों के प्रति सभी जिम्मेदारियां निभायेगा। श्री शाह ने कहा कि इस भवन के निर्माण में कुल 10 करोड़ रूपए की लागत आई है, जिसमें 100 से अधिक लोगों की क्षमता वाला कॉन्फ्रेंसहॉल, एक हजार से ज्यादा लॉकर और उन्नत गोल्डन लॉकर की व्यवस्था के साथ ही संपूर्ण कम्प्यूटराइज्ड कोर बेंकिग सुविधा उपलब्ध होगी।केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि 1960 में इस बैंक के बनने से यहां साहूकारों का राज खत्म होना शुरू हुआ और फिर श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा यहां नर्मदा नदी का पानी पहुंचाने से किसानों की आय बढ़ी और खेती वैज्ञानिकता की ओर बढ़ी। उन्होंने कहा कि पहले किसानों को लगभग 17-18 प्रतिशत ब्याज पर ऋण मिलता था, जिसे मोदी जी ने घटाकर 7 प्रतिशत कर दिया। उन्होंने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी

जी के प्रधानमंत्री बनने से पहले ही गुजरात में 3 लाख रूपए तक के ब्याजमुक्त ऋण दिए जाने की शुरूआत हुई। श्री शाह ने कहा कि आज इस बैंक का वार्षिक लाभ 7 करोड़ रूपए तक पहुंच गया है, इसकी 15 करोड़ रूपए की शेयर कैपिटल 34 करोड हो गई है, 53 करोड के जमा 400 करोड तक पहुंच गए हैं और केसीसी 226 करोड से 448 करोड पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि लगभग 28 हजार किसान, जिनमें 19 हजार छोटे और सीमांत किसान हैं, को लोन देने का काम सुरेन्द्रनगर जिला बेंक ने 200 से ज्यादा समितियों के माध्यम से किया है।

श्री अमित शाह ने कहा कि ये निर्णय लिया गया है कि दो जिलों को पायलट प्रोजेक्ट के रुप में लिया जाए और हर को-ऑपरेटिव संस्था का बैंक खाता को-ऑपरेटिव बेंक में ही हो, ऐसी व्यवस्था बनाई जाए। उन्होंने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी जी की पहल से केन्द्र सरकार ने प्राथमिक कृषि ऋण समिति की संख्या बढ़ाने के लिए योजनाएं बनाई हैं। श्री शाह ने कहा कि कई सालों से पैक्स बंद होते जा रहे थे और इनकी संख्या 65 हजार रह गई थी, लेकिन अब मोदी सरकार ने इन 65 हजार के अलावा पूरे देश में 2 लाख पैक्स और बनाने का निर्णय लिया है। इनके कम्प्यूटराइजेशन के लिए भी केन्द्र सरकार लगभग 2,500 करोड़ रूपए खर्च कर रही है। श्री शाह ने कहा कि मोदी जी ने पूरे देश में पैक्स के बायलॉज एक समान करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि अभी तक 20 हजार नए पैक्स बनाने का काम पूरा हो चुका है और अब पैक्स ही सीएससी भी बन रहे हैं। अब पैक्स पेट्रोल और डीजल पंप भी चला सकेंगे, सस्ते अनाज की दुकान की भी व्यवस्था की गई है, सस्ती दवाई की दुकान भी पैक्स को दी गई है और यूरिया की डीलरशिप भी पैक्सल को दी जा रही है।केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जल्द ही नई सहकारिता नीति पूरे देश में लागू हो जाएगी। इसके अलावा विश्व की सबसे बडी खाद्यान्न भंडारण योजना जैसी अनेक योजनाएं चलाने के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के लिए अगले 25 साल के लिए कोऑपरेटिव की कल्पना के साथ ये सहकारिता नीति आ रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले वर्षों में गुजरात सहकारिता के क्षेत्र में देश में पहले स्थान पर होगा।

भारतीय और हांगकांग सीमा शुल्क ने व्यापार-आधारित मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क का भंडाफोड़ किया, 4 गिरफ्तार : वित्त मंत्रालय

व्यापार-आधारित मनी लॉन्ड्रिंग का मास्टरमाइंड हांगकांग में है स्थित

रघुनंदन पराशर
दैनिक समाज जागरण

चंडीगढ़ 29 दिसंबर : वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय सीमा शुल्क और हांगकांग सीमा शुल्क ने एक अनुकरणीय उदाहरण में हांगकांग स्थित निर्यातकों और विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) में स्थित भारतीय आयातकों से जुड़े व्यापार-आधारित मनी लॉन्ड्रिंग (टीबीएमएल) के एक बड़े मामले का खुलासा किया है। द्विपक्षीय सहयोग और सूचना के आदान-प्रदान का मामला है

यह कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय कार्टेल को बेनकाब करने के लिए दोनों प्रशासनों द्वारा उनके संबंधित कानूनों के तहत की गई जांच और प्रवर्तन कार्रवाइयों को दशार्ती है। यह सहयोगी पदार्फाश भारतीय सीमा शुल्क और राजस्व निदेशालय द्वारा हाल ही में संपन्न प्रवर्तन मामलों में सहयोग के वैश्विक सम्मेलन (जीसीसीईएम) के ठीक बाद हुआ है। इंटेलिजेंस (डीआरआई), 'नेटवर्क से लड़ने के लिए एक नेटवर्क की आवश्यकता होती है' थीम के साथ डीआरआई ने एक एसईजेड से व्यापार-आधारित मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले का खुलासा किया था, जिसमें प्राकृतिक हीरे की आड़ में सस्ते सिंथेटिक हीरे भारत में आयात किए जा रहे थे। हीरे भारत से विदेशी मुद्रा भेजने के लिए। जांच से पता चला कि सस्ते सिंथेटिक हीरे को प्राकृतिक हीरे के रूप में गलत घोषित किया जा रहा था और 100 गुना से अधिक मूल्यांकित किया जा रहा था और हांगकांग स्थित फर्मों से भारत में एसईजेड में आयात किया जा रहा था। जांच के दौरान,यह भी देखा गया कि कुछ असली हीरे आयात किए गए थे लेकिन उन्हें बदल दिया गया था सिंथेटिक हीरों के साथ और एसईजेड के बाहर तस्करी की गई। आयात करने वाली इकाई को हांगकांग और कुछ अन्य देशों में बहुत ऊंचे मूल्य पर हीरों से जड़े आभूषणों का निर्यात करते हुए भी पाया गया। दिलचस्प बात यह है कि आयात के अधिकांश घोषित बढ़े हुए मूल्य को बैंकिंग चैनलों के माध्यम से देश से बाहर भेज दिया गया था,निर्यात के लिए प्राप्त प्रेषण केवल 0.2% के मामूली स्तर पर देखा गया था,जो दशार्ता है कि यह व्यापार काले धन को सफेद करने के लिए किया गया है। जांच से यह भी संकेत मिला कि आयात करने वाली इकाई के बैंक खाते में धन का प्रवाह भारत में विभिन्न डमी फर्मों द्वारा बैंक लेनदेन के माध्यम से हुआ और फिर उक्त धन को इस एकल बैंक खाते से हांगकांग में विदेशी आपूर्तिकताओं को हस्तांतरित (लॉन्ड्र किया गया) किया गया; 'हीरे' के आयात के भुगतान के बहाने। एकत्रित सबूत यह भी संकेत देते हैं कि इस व्यापार-आधारित मनी लॉन्ड्रिंग का मास्टरमाइंड हांगकांग में स्थित था। आगे की जांच के परिणामस्वरूप सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 104 के प्रावधानों के तहत भारत में चार लोगों की गिरफ्तारी हुई।८ भारतीय सीमा शुल्क ने कारण बताओ जारी किया जब्त किए गए माल के लिए नोटिस (एससीएन), जिसमें हांगकांग स्थित संस्थाओं को भी नोटिस दिया गया था, जिन्होंने हालांकि जवाब देने और खुद को भारतीय सीमा शुल्क के सामने पेश करने से इनकार कर दिया था। यह ध्यान रखना उचित है कि लगभग सभी मामलों में टीबीएमएल के अपराधी भारत में प्रवर्तन कार्रवाई से बचने के लिए विदेशों में मुखौटा कंपनियों के माध्यम से काम करते हैं। डीआरआई, मौजूदा द्विपक्षीय अंतरराष्ट्रीय सहयोग उपकरण और नेटवर्क के तहत पहले पूछताछ के लिए हांगकांग सीमा शुल्क तक पहुंच गया था ।संदिग्ध हांगकांग स्थित फर्मों के अस्तित्व में। हांगकांग स्थित सरगनाओं का पता लगाने के लिए संचार चैनल को और मजबूत किया गया। पिछले हफ्ते, हांगकांग सीमा शुल्क ने बड़े पैमाने पर अंतरराष्ट्रीय मनी लॉन्ड्रिंग सिंडिकेट का पता लगाने के लिए एक प्रवर्तन अभियान चलाया,जिसने हीरे के व्यापार का उपयोग करके लगभग 65 मिलियन डॉलर का शोधन किया था।ऑपरेशन के दौरान हांगकांग सीमा शुल्क ने हांगकांग के कई क्षेत्रों में आठ परिसरों पर छापा मारा जिसमें चार आवासीय परिसर और चार वाणिज्यिक इकाइयां शामिल थीं। सीमा शुल्क विभाग ने मामले से जुड़े होने के संदेह में चार लोगों को गिरफ्तार किया है और पहले ही गिरफ्तार लोगों की कुल 1 मिलियन डॉलर की संपत्ति जब्त करने की व्यवस्था कर ली है। यह कार्रवाई पहले भारत में भारतीय सीमा शुल्क द्वारा की गई प्रवर्तन कार्रवाई के आधार पर शुरू की गई थी। यह नवीनतम मामला जिसमें हांगकांग और पहले भारत में की गई गिरफ्तारियां शामिल हैं, वैश्विक स्तर पर आपराधिक कार्टेल को एक स्पष्ट संदेश भेजेगा कि वे कानून से बच नहीं सकते हैं।

फिरोजपुर रेल मंडल को मिली 2 नई वंदे भारत एक्स ट्रेनें, प्रधानमंत्री करेंगे शुभारंभ आज

रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण

फिरोजपुर) पंजाब),29 दिसम्बर : उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक शुभम कुमार ने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी 30 दिसम्बर, 2023 को वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से छह नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करेंगे। इनमें फिरोजपुर मंडल की 2 वंदे भारत एक्सएप्रेस ट्रेनें शामिल है जो अमृतसर से पुरानी दिल्ली तथा श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से नई दिल्ली के बीच चलेगी। फिरोजपुर मंडल के श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा, जम्मू तवी, अमृतसर, ब्यास, जालंधर कैंट, फगवाड़ा तथा लुधियाना रेलवे स्टेशनों पर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का उद्घाटन समारोह आयोजित किए जायंगे।इस अवसर पर उपरोक्त सभी स्टेशनों पर आयोजित उद्घाटन समारोह में जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक आदि उपस्थित रहेंगे।

नितिन गडकरी ने लद्दाख में 1170.16 करोड़ रुपए की 29 सड़क परियोजनाओं को स्वीकृति दी

जैतो,29 दिसम्बर)रघुनंदन पराशर): केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में राज्य राजमार्ग, प्रमुख

और अन्य जिला सड़कों सहित 29 सड़क परियोजनाओं के लिए 1170.16 करोड़ रुपए के आवंटन को स्वीकृति दी है। श्री गडकरी ने एक पोस्ट में कहा कि इसके अलावा, वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए सीआरआईएफ योजना के अंतर्गत 8 सेतुओं के लिए 181.71 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत में क्षेत्रफल के हिसाब से सबसे बड़ा केंद्र शासित प्रदेश और दूसरा सबसे कम जनसंख्या वाला लद्दाख इन अनुमोदित पहलों के माध्यम से अपने दूरदराज के गांवों तक बेहतर कनेक्टिविटी का साक्षी बनेगा। उन्होंने कहा कि इस वृद्धि से विशेष रूप से कृषि और पर्यटन में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की आशा है, जिससे लद्दाख के समग्र ढांचागत विकास में योगदान मिलेगा।

सृष्टि इंटरनेशनल स्पोर्ट्स स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन

हरियाणा/ हिसार (राजेश सलूजा)

सृष्टि इंटरनेशनल स्पोर्ट्स स्कूल मोठ, नारनौंद (हिसार) में आज वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सुष्टि स्कूल के छात्रों के साथ-साथ अभिभावको के लिए भी खेलों का आयोजन हुआ कअभिभावको ने भी खेलों में बढ़ - चढ़ कर हिस्सा लिया

खेल प्रतियोगिता में हांसी के विधायक विनोद भयाना ने बतौर मुख्यातिथि

शिरकत की ०साथ ही इस मौके पर बिजेंदर लोहान (हरियाणा आई स्केटिंग अध्यक्ष), अनूप लोहान (हरियाणा खो-खो अध्यक्ष, सृष्टि स्कूल के डायरेक्टर), चन्दर-भान देशवाल (थाना परभारी नारनौंद), महावीर सरपंच नारनौंद, राजेंदर लाम्बा, भीरा सोनी, जसवंत भयाना (सरपंच मोठ रंगडान), पूर्व पार्षद संदीप लोहान, पूर्व पार्षद देवेंदर काजल, पूर्व चेयरमैन शमशेर सैनी, एडवोकेट सुनील पनिहाल, दवेंद्र व्यास, डॉ. रामकेश (श्री राम हॉस्पिटल नारनौंद), ज्योति लोहान ,सोनिया लोहान, संतोष भयाना, गीता, सुनीता आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे

अन्नदाता कहलाने का अधिकार धरती मां और किसान समुदाय को है : हनुमान वर्मा

राशन के लिफाफे पर फोटो छपाने से कोई अन्नदाता नहीं बन जाता : हनुमान वर्मा

हरियाणा/ हिसार (राजेश सलूजा)

अन्नदाता की परिभाषा क्या होती है अन्न देने वाला , भूख मिटाने वाला , जो कि सिर्फ परमात्मा होता है । इस सरकार का इतना अहंकार कि यह अपने आप को ओपन अन्नदाता कहना शुरू कर दिया । इसका मतलब ये तो अपने आप को भगवान से भी ऊपर समझ रहे हैं । ये बात कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता हनुमान वर्मा ने प्रेस में जारी विज्ञप्ति में कहीं।

वर्मा ने कहा कि अन्नदाता कहलाने का हक सिर्फ धरती मां को और किसान को है । किसान धरती मां का पेट चीरकर अन्न पैदा करता है । जिससे देश को खाने के लिए अन्न मिलता है । भाजपा वाले क्या जाने कि कैसे किसान अन्न पैदा करता है । कैसे सारी सारी रात किसान अन्न पैदा करने के लिए संघर्षरत रहता है । किसान कभी सर्दी गर्मी की परवाह नहीं करता । लिफाफों पर फोटो लगाने से कोई अन्नदाता नहीं होता । अन्न उगाने के लिए धरती की गोद में जाना पड़ता है ।

वर्मा ने कहा कि जैसा कि हिटलर ने कहा था की जनता को इतना निचोड़ दो कि वह जिंदा रहने को ही अपना विकास माने । जिंदा रहने के लिए पहली जरूरत अन्न की होती है । आज भारत की लगभग 125 करोड लोग अन्न को मोहताज हो गए और उनको अन्नदाता की आवश्यकता पड़ती है यह अपने आप में बड़ी विडंबना है ।

वर्मा ने कहा कि ये जो भारतीय जनता पार्टी अन्नदाता सम्मेलन कर रही है । ये सीधे तौर पर किसानों का

अपमान वहीं गरीबों का भी अपमान है । दो मुठ्ठी अनाज देकर उसका गुणगान कर सरकार जहां गरीबों की गरीबी का अपमान कर रही है वहीं किसानों का भी अपमान कर रही है । इस पहले भी सरकारें होती थी । वो भी गरीबों को राशन उपलब्ध करवाती थी। पर उसका ढिंढोरा पीटने का काम नहीं करती थी । पर ये पहली सरकार है जो गरीबों को दिए राशन का ढिंढोरा पीट रही है ।

वर्मा ने कहा कि सरकार इस ढिंढोरा पीटने में प्रदेश की गाढ़ी कमाई को बर्वाद कर रही है । जितना पैसा अन्न उपलब्ध करने में लगा उससे ज्यादा इसके प्रचार में सरकार उड़ा रही है । ये गलत है जिसका भुगतान हरियाणा प्रदेश की जनता को अतिरिक्त टैक्स के रूप में भुगतान करना पड़ेगा।

कैट राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बी सी भरतिया बनारस अगमन पर हुआ भव्य स्वागत ।

रंजीत तिवारी दैनिक समाज जागरण

रामेश्वर वाराणसी कॉन्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बी सी भरतिया जी का बनारस आगमन में भव्य स्वागत किया गया। श्री भरतिया ने अपनी दो दिवसीय कार्यक्रम में बनारस में बनने वाले उत्पादों के बारे में जानकारी ली और बनारसी साड़ी, चन्दन टिका व लकड़ी खिलोना के कारखानों में जाकर तकनीकयो की जानकारी प्राप्त की और प्रतिनिधियों से मिलकर आने वाली समस्याओ से अवगत हुए। सर्वप्रथम श्री भरतिया जी लोहता स्थिति बुनकर अब्दुल्लाह अंसारी के यहाँ गये।

जहाँ उन्होंने साड़िया बनते हुए देखी. वही अब्दुल्लाह अंसारी ने विद्युत की समस्याओं के बारे में पूर्ण अवगत कराया।

अब्दुल्लाह अंसारी का कहना हैं कि सरकार द्वारा बुनकरों को दो भागो में जो विभाजित किया गया हैं जिससे साड़ी व्यवसाय खतरे में पड़ गया है। श्री भरतीया ने बुनकरों को अस्वस्थ किया जो भी समस्या हैं उसे भारत सरकार व उत्तरप्रदेश सरकार से मिलकर समस्या दूर की जायेंगी।

समस्त कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष श्री श्याम सुन्दर गुप्ता द्वारा की गई।

स्वागत में श्री त्रिभुवन नाथ शर्मा, योगेश, अब्दुल्लाह अंसारी, सुभाष गुप्ता, मनीष मुंद्रा आदि उपस्थित रहे ।

सड़क सुरक्षा नियम के प्रति किया जागरूक

रामेश्वर सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी आज पर्यावरण प्रेमी मनीष पटेल ने जन कवि धूमिल के पुस्तकालय खेवली पर दी। क्षेत्र के बच्चो से उन्होंने कहा कि सड़क पर वाहन चलाते समय सावधानी पूर्वक यातायात नियमों का अनुपालन करना चाहिए। सदैव बाएं चलें। सड़क पार करते समय दोनों तरफ देखकर चलना बेहद जरूरी है। बाइक चलाते समय हेलमेट पहने ओर चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करना न भूलें। शराब पीकर या नशे में गाड़ियां बिलकुल न चलाएं।बृजेश,आर्यन,साहिल, प्रिंस,खुशी, साजन सहित बच्चे उपस्थित रहे।

बनारस में 6 जनवरी तक बंद रहेंगे 8 तक के सभी स्कूल, ठण्ड को देखते हुए लिया निर्णय

वाराणसी। जनपद में कड़ाके की ठंड को देखते हुए शिक्षा विभाग ने स्कूलों को बंद करने का फैसला लिया है। वाराणसी में 1 से 8 तक के सभी विद्यालय 6 जनवरी तक बंद करने के आदेश दिए गये हैं।

बेसिक शिक्षा विभाग के ओर से पत्र जारी कर इसकी जानकारी दी गई। बताया गया कि यह आदेश सभी सरकारी व प्राइवेट स्कूलों पर लागू रहेगा।

उम्मीद से ज्यादा।

सेवापुरी ब्लाक के हाथी बाजार में स्थित तालाब किनारे मेरा प्लास्टिक

मेरी जिम्मेदारी हेतु लगाया गया कूड़े दान को पेड़ पर छः फिट ऊपर लगाया गया जिसमे प्लास्टिक लोग कैसे डाले यह सोचने का विषय बना हुआ है।फोटो रंजीत तिवारी

एशियापिस्टल शूटिंग चैंपियनशिप के लिए सूर्य दीप सिंह का हुआ चयन

दैनिक समाज जागरण

रंजीत तिवारी रामेश्वर वाराणसी। इंडोनेशिया में अगले महीने 5 से 14 जनवरी को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में वाराणसी के हरहुआ ब्लॉक स्थित ग्राम कृष्णापुर के निशानेबाज खिलाड़ी सूर्य दीप सिंह का चयन भारतीय शूटिंग टीम में 50 मीटर राइफल प्रोन प्रतिस्पर्धा में किया गया है।उन्होंने स्टेट,प्री नेशनल और नेशनल सभी प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त किया है। 50 मीटर राइफल प्रोन प्रतिस्पर्धा में पूरे उत्तर प्रदेश में सूर्य दीप सिंह की पहली रैंक है।इसके अलावा सूर्य दीप सिंह 300 मीटर बिग बोर के भी खिलाड़ी हैं।इस मौके पर कैबिनेट मंत्री(श्रम सेवायोजन समन्वय मंत्री) श्री अनिल राजभर जी ने सूर्य दीप सिंह को उनके अंतर्राष्ट्रीय चयन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए पदक प्राप्त करने के लिये प्रोत्साहित किया।

बच्चों को पर्यावरण संकट से सजग रहने का दिया संदेश

दैनिक समाज जागरण

रंजीत तिवारी रामेश्वर वाराणसी।

आदर्श फाउंडेशन द्वारा प्राथमिक विद्यालय चक्का में पर्यावरण सरंक्षण को लेकर बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कुल 23 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया 'प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम एवं छठा स्थान पाने वाले विद्यार्थी लाली कुमारी,आस्था विश्वकर्मा, प्रिंस राजभर, प्रियांशु गोंड, कोमल प्रजापति और ममता गुप्ता को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, चक्का के प्रबंधक अभिषेक सिंह,प्राथमिक विद्यालय चक्का की प्रभारी प्रधानाध्यापिका अर्चना गुप्ता,आदर्श फाउंडेशन के संस्थापक सदस्य सुरेंद्र कुमार चौबे एवं कोषाध्यक्ष परमानंद चौबे द्वारा पुरस्कृत किया गया '

पेंटिंग प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने पर्यावरण संकट की तरफ आम जन मानस का ध्यान आकृष्ट करवाते हुए समय पर इससे सजग रहने का अनुरोध किया 'मौके पर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया चक्का के प्रबंधक अभिषेक सिंह,विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका अर्चना गुप्ता,सहायक अध्यापिका अलकनंदा देवी,विवेक सिंह,आदर्श फाउंडेशन के संस्थापक सदस्य सुरेंद्र कुमार चौबे,कोषाध्यक्ष परमानंद चौबे, सचिव सुरेंद्र कुमार त्रिपाठी सहित विद्यालय के सभी विद्यार्थी उपस्थित थे '

मां की ममता

सर्द की सितम से मानव के साथ पशु भी परेशान है और वही मां तो मां होती हैं खुद सर्द की सितम सह कर अपने बच्चो को अपने गोद में छिपा कर गर्मी देती कुतीया फोटो रंजीत तिवारी

राधा -कृष्ण मंदिर रामेश्वर महा भंडारा में श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण ।

दैनिक समाज जागरण

रंजीत तिवारी रामेश्वर।वाराणसी पंचकोशी के तीसरे पड़ाव तीर्थ धाम रामेश्वर में स्थित राधा-कृष्ण मंदिर के महंत के 17 वी में हजारों साधु संतों व भक्तों ने श्री चरणों मे पुष्प अर्पित कर दर्शन करते हुए महा भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। महा भंडारे में वाराणसी मंडल, मिजार्पुर, प्रतापगढ़,भदोही , प्रयागराज ,सुल्तानपुर ,जौनपुर मंडल के मंदिरों के महंत व साधु संत ने पंगत की। विदाई में मन्दिर कमेटी द्वारा वस्त्र व अर्थ(धन) प्रदान की गई।ठाकुर जी जमात सहित महंत दामोदर दास वैष्णव , विजय दास, सिकड दास, हरिदास , बंशराज ,अर्जुन दास के साथ साधु संत ,भंडारी ,रामायणी साधु जनों ने प्रमुख रूप से महाभण्डारे में मंत्रोच्चार के साथ हजारों साधुओं ने प्रसाद ग्रहण कर शुभारम्भ किया। इसके बाद गृहस्तजनो की भारी भीड़ देर रात तक प्रसाद ग्रहण करती रही।

महाभण्डारे में जहां क्षेत्रीय प्रधान,चिकित्सक ,पत्रकार,पुजारी ,व्यवसायी जुड़कर हर प्रकार का सहयोग किया वहीं प्रमुख रूप से भुल्लन यादव, राजू चौरसिया ,मधुवन यादव , डॉ0 आर के सिंह , घनश्यान सिंह यादव ,रांमजी तिवारी,अन्नू तिवारी(पुजारी) महाबली तिवारी ,ललित पाण्डेय,राजबली तिवारी जनार्दन गिरी,रामगोपाल चौरसिया,लालजी माली,रविशंकर पांडेय, रिशु सिंह ,विशाल गुप्ता ,प्रीतेश त्रिपाठी,रंजित तिवारी,राजनारायण पटेल, राजेश गुप्ता सहित क्षेत्रीय व्यवसायी व युवा मंच के स्वयंसेवको ने विशेष सराहनीय सहयोग प्रदान की।

31 दिसम्बर 2023 को दुबग्गा लखनऊ में आयोजित "महिला हाफ मैराथन दौड़"

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ, दिनांक 29 दिसंबर 2023। केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने वीवीआईपी गेस्ट हाउस लखनऊ में प्रेस वार्ता का आयोजन किया जिसमें उन्होंने बताया कि विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए लखनऊ में ह्लमहिला हाफ मैराथन दौड़ह्व का आयोजन 31 दिसंबर को वर्ष 2023 के आखिरी दिन किया जा रहा है। प्रेस वार्ता में केंद्रीय राज्यमंत्री व मोहनलालगंज लोकसभा सांसद कौशल किशोर और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व भाजपा के लखनऊ जिला प्रभारी त्रयंबक त्रिपाठी, भाजपा लखनऊ जिलाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह, भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी उपस्थित थे उन्होंने बताया कि इस महिला हाफ मैराथन दौड़ में मुख्य अतिथि के तौर पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा, अति विशिष्ट अतिथि के तौर पर उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, विशिष्ट अतिथि के तौर पर भाजपा उत्तर प्रदेश के संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यसभा सांसद डा. दिनेश शर्मा, लखनऊ नगर निगम महापौर सुषमा खर्कवाल की गरिमामई उपस्थिति रहेगी।

बताते चलें इस महिला हॉफ मैराथन का आयोजन केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर द्वारा किया जा रहा है। कौशल किशोर ने बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत स्वच्छ एवं स्वस्थ भारत बनाने के लिए इस महिला हॉफ मैराथन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 18 वर्ष से ऊपर की 4008 महिलाओ ने दौड़ने के लिए रजिस्ट्रेशन किया है। यह महिला हाफ मैराथन दौड़ कार्यक्रम 31 दिसम्बर 2023 को दिन में 10.00 बजे शुरू होगा और 11 बजे से प्रधानमंत्री मोदी जी की मन की बात कार्यक्रम को सुना जायेगा उसके बाद इस महिला हॉफ मैराथन का शुभारंभ किया जाएगा। यह महिला हाफ मैराथन दौड़ 21 किमी की होगी, यह महिला हाफ मैराथन दौड़ दुबग्गा चौराहा से शुरू होगी और भिटौली तिराहा होते हुए वापस दुबग्गा चौराहा पर समापन होगी। इसमें खास बात यह है कि दौड़ने वाली महिला धावकों के स्वागत में 25000 से ज्यादा महिलाएं पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत करेंगी। केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने बताया कि महिलाओं की इस हाफ मैराथन दौड़ में प्रथम विजेता को तीन लाख व द्वितीय विजेता को दो लाख व तृतीय विजेता को एक लाख रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा इसके अलावा प्रथम दस में आने वाली महिलाओं को इक्कीस हजार, द्वितीय दस आने वाली महिलाओं को ग्यारह हजार, तृतीय दस आने वाली महिलाओं को एक्यावन सौ, चतुर्थ दस महिलाओं को एकतालिस सौ, पंचम दस महिलाओं को एकतीस सौ, षष्ठम दस महिलाओं को इक्कीस सौ और सप्तम दस महिलाओं को ग्यारह सौ रुपए का प्रोत्साहन पुरस्कार, कुल 73 महिलाओं को पुरस्कार दिए जाएँगे ।

प्रेसवार्ता करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने विकसित भारत - आत्मनिर्भर भारत - स्वच्छ व स्वस्थ भारत बनाने के लिए इस हाफ मैराथन दौड़ में सभी लोगों से डॉक्टर, वकील, व्यापारी, शिक्षक, कर्मचारी, अधिकारी, सामाजिक कार्यकताओं, सामाजिक नेताओं, शैक्षिक संस्थानों, साहित्यिक और योग से जुड़े लोगों तथा गीतकार, संगीतकार, कलाकार, लेखाकार, किसान, मजदूरों, मीडिया, सोशल मीडिया सहित सभी लोगों से इस महिला हाफ मैराथन दौड़ में आकर महिला धावकों के स्वागत और उत्साहवर्धन करने की अपील की। कौशल किशोर ने कहा कि यह महिला हाफ मैराथन दौड़ इस वर्ष का महिलाओं का सबसे बड़ा आयोजन होगा।

केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने सभी देशवासियों से अपील की वह सभी माताएं बहनें और सभी लोग अधिक से अधिक संख्या में 31 दिसंबर को लखनऊ में दुबग्गा चौराहा पंहुचकर इस महिला हॉफ मैराथन का समर्थन करें।

अवैध तरीके से चल रहे आर ओ प्लांट को बंद कराया।

रंजीत तिवारी रामेश्वर वाराणसी। सहायक आयुक्त खाद्य संजय प्रताप सिंह के निर्देश पर राजातालाब तहसील अंतर्गत सेवापुरी क्षेत्र के गजेपुर ,तक्खु की बौली पर अवैध रूप से संचालित राज आर ओ वाटर प्लांट पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ0 सुप्रिया सिंह ने छापा मारकर सैम्पल लिया। जांच के लिए सैम्पल भेज दिया। साथ ही 3300 पाउच को जब्त कर लिया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ0 सुप्रिया सिंह के अनुसार राज आर ओ प्लांट की शिकायत थी कि बिना किसी लाइसेंस के अवैध रूप से संचालित है।और अवैध कमाई का जरिया बनाकर शुद्धता से परे कार्य किया जा रहा था। क्षेत्रीय शिकायत भी मिली थी। आवश्यक कार्यवाही करते हुए मशीन बंद रखने की हिदायत दे दी गई है। सैम्पल जांच के लिए भेज दिया गया है।

आदौ रामतपोवनारि गमन, हत्वा मृग, कांचनम्। वैदेहोहरणः जटामुमरण, सुग्रीव, संभाषणम्
बाली निग्रहण, समुद्रतरण, लंकापुरी, वाहनम् पश्चात् रावण, कुम्भकर्ण हननम, एतहि रामायणम

इस एक मंत्र के जाप से मिलता है सम्पूर्ण रामायण पढ़ने का फलः गायत्री द्विवेदी

रामायण की प्रस्तुति ने भाव विभोर कर दियाः उपाध्यक्ष एन.बी.सिंह

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ। यूपी महोत्सव में शुक्रवार की शाम सम्पूर्ण श्रीराम कथा नृत्य नाटिका के रुप में मंच पर उतरी। वहीं रामराज्य और लोकतंत्र विषयक विमर्श में वर्तमान व रामायणकालीन सामाजिक ताने-बाने पर सार्थक चर्चा हुई। लोक संस्कृति शोध संस्थान द्वारा आयोजित लोक विमर्श के द्वितीय दिवस वक्ताओं ने गांधी के सर्वोदय, दीनदयाल के अंत्योदय के मूल में रामराज्य की प्रेरणा बतायी गयी। विमर्श में वरिष्ठ साहित्यकार डा. करुणा पाण्डेय, ज्योति काला, डा. राधा बिष्ट, इतिहासविद् डा. संगीता शुक्ला ने अपनी बात रखी। आयोजन का शुभारंभ एकश्लोकी रामायण से हुआ। नृत्य गुरु निवेदिता भट्टाचार्य और संगीत गुरु अंतरा के निर्देशन में 27 कलाकारों ने अवध में राम आये हैं नामक नृत्य नाटिका में सम्पूर्ण रामायण को मंच पर उतारा। कलाकारों में सौम्या गोयल, सोनिया धर्मपाल, शिल्पी साहू, सुमन मिश्रा, नेहा प्रजापति, स्नेहा, किंजल, नव्या दवे, संस्कृति, मिहिका गांगुली, अविका गांगुली, शीर्षा अग्रवाल, अम्या सिंह, आद्रिका मिश्रा, अथर्व श्रीवास्तव, अव्युक्ता, कर्णिका सिंह, अनिष्का सर्राफ, गुनश्री आर, वानी सिन्हा, सीमा सर्राफ, विवान दवे, शिवान, सम्यक, शिनॉय सम्मिलित रहे। मंच पर जादूगर सुरेश कुमार ने जादू के हैरतअंगेज करतब दिखाए वहीं बंगाल का काला जादू की प्रस्तुति भी हुई। युवा मैजिशियन एवं माइंड रीडर मोहम्मद तुसी ने एक दर्शक की जेब में रखे नोट का नंबर तथा एक दर्शक द्वारा बनाये गये चित्र की पर्ची निकाली। कार्यक्रम में लोक संस्कृति शोध संस्थान की सचिव सुधा द्विवेदी, नीलम वर्मा, नरेश गुप्ता, शम्भूशरण वर्मा, हर्षित, कौस्तुभ सहित अन्य मौजूद रहे।

प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने नृत्य नाटिका के सभी पत्रों स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा संगीत भवन एकेडमी को प्रतीकात्मक राम मंदिर का मॉडल प्रदान किया।

नृत्यांगना डांस इंस्टीट्यूट द्वारा अनुपमा श्रीवास्तव एवं भानवी श्रीवास्तव द्वारा नृत्य कार्यक्रम निर्देशित किया गया। आज के मुख्य डांस रहे गणेश वंदना, भरतनाट्यम, कथक होली डांस, नाग पीकॉक डांस, पहाड़ी डांस, बॉलीवुड डांस, सालसा, मछुवारा डांस, राजस्थानी, लखनऊ डांस तथा सोलो डांस का निर्देशन नकुल श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

इस प्रस्तुति में सभी कलाकारों के द्वारा बहुत ही रोमांचक एवं मोहक अंदाज में प्रस्तुति दी गई। प्रियंका लाल, चंद्र निहारिका, रिया, काव्य भार्गव, तारा, नविषा, समृद्धि ,पीहू, आदि श्रीवास्तव, राधिका मित्त, आर्य सिंह, प्रगति तिवारी ने भाग लिया।

आज के महोत्सव में जादूगर सुरेश एंड पार्टी लखनऊ द्वारा जादू के करतब दिखाए गए। उपस्थित दर्शकों के बीच जादू ने रोमांच पैदा कर दिया। जादूगर सुरेश और उनकी टीम ने खूब तालियां बटोरीं।

इसके पूर्व यूपी महोत्सव की छटवी सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह और एन.बी. सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया तथा महोत्सव में प्रिया पाल ने सभी कलाकारों को सर्टिफिकेट दे कर सम्मान्तिन किया। कार्यक्रम का संचालन अरविंद सक्सेना और हेमा खत्री ने किया।

जनपद के अधिष्ठान एवं अभ्यर्थी कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय भारत सरकार की शिशिक्षु प्रशिक्षण योजना का अधिक से अधिक उठायें लाभ

गौतम बुद्ध नगर 28 दिसंबर, 2023 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नोएडा गौतम बुद्ध नगर के प्रधानाचार्य/नोडल अधिकारी ने जानकारी दी है कि आठवीं, हाईस्कूल एवं आई०टी०आई० पास अभ्यार्थियों को शिशिक्षु प्रशिक्षण योजना में नियोजित करने के लिए शिशिक्षु अधिनियम 1961 में हुये संशोधन के अंतर्गत जनपद में स्थित समस्त अधिष्ठान एवं अभ्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा जारी पोर्टल के माध्यम से नियोजित करने की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने अधिष्ठान एवं अभ्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा जारी पोर्टल के माध्यम से नियोजित करने के संबंध में बताया कि सर्वप्रथम अधिष्ठान को भारत सरकार द्वारा जनित पोर्टल http://www.apprentishipindia.org को खोलना है तदोपरान्त Login/Register पर Click करने के उपरान्त समस्त विवरण अंकित कर Sumbit करना है। पोर्टल पर पंजीकृत करने के उपरान्त कुल कार्यरत कर्मचारियों के अनुसार न्यूनतम 2.5 प्रतिशत एवं अधिकतम 15 प्रतिशत के मध्य व्यवसाय (ट्रेड) अनुसार शिशिक्षु स्थान सृजित करें। अभ्यार्थियों को NAPS Portal पर पंजीकरण के लिए भारत सरकार द्वारा जनित पोर्टल http://www.apprentishipindia.org को खोलना है, तदोपरान्त Login/Register में जाकर Candidate पर Click करने के उपरान्त समस्त विवरण अंकित कर Sumbit करना है। उन्होंने बताया की NAPS/CMAPS में पंजीकरण तदोपरान्त अभ्यार्थियों को नियोजित कर प्रतिमाह रुपए 1500 DBT (Direct Benefit Transfer) के माध्यम से शिशिक्षु के खाते में जमा कराने के लिए NAPS पोर्टल द्वारा Claimकरने की सुविधा है एवं CMAPS द्वारा अधिष्ठान के लिए प्रतिमाह प्रति शिशिक्षु रुपए 1000 पोर्टल के माध्यम से Claim करने की भी सुविधा उपलब्ध है। अधिष्ठान द्वारा देय वृत्तिका Corporate Social Responsibility में आच्छादित है। अतः कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी योजना का अधिक से अधिक लाभ उठायें। यदि किसी भी प्रकार असुविधा हो तो अधिष्ठान अथवा अभ्यार्थी दूरभाष नम्बर 9868708912 एवं 9557853812 पर सम्पर्क कर सकते हैं। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद के छूटे पात्र लाभार्थियों का गोल्डेन कार्ड बनाये जाने के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न

श्रावस्ती, जिलाधिकारी कृतिका शर्मा की अध्यक्षता में आयुष्मान भारत योजनान्तर्गत समस्त छूटे हुए पात्र लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड निर्गत किए जाने के सम्बन्ध में गुरूवार को सायंकाल जिलाधिकारी कैम्प सभागार में बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि पंचायती राज विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, श्रम विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामवार कैंप का आयोजन कर छूटे पात्र व्यक्तियों का गोल्डेन कार्ड बनाया जाए। उन्होने बताया कि शासन के निदेर्शानुसार 26 दिसंबर 2023 से 10 जनवरी, 2024 तक जनपद के नगर पालिका परिषद भिनगा एवं नगर पंचायत इकौना के प्रत्येक कोटेदार के माध्यम से एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिनगा एवं इकौना में आयुष्मान भारत के अंतर्गत पात्र गृहस्थी एवं अंत्योदय योजना के छूटे हुए पात्र लाभार्थियों हेतु वृहद स्तर पर कैंप का आयोजन कर गोल्डन कार्ड बनाये जायेंगे। जिससे जनपद के प्रत्येक पात्र गरीब, असहाय व्यक्ति को निःशुल्क इलाज मुहैया हो सके।

पुलिस लाइन में किया गया व्यापारी संगोष्ठी का आयोजन

दैनिक समाज जागरण

राजू चौधरी सीतापुर पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में एक व्यापारिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से सीतापुर जनपद के नवागत क्षेत्राधिकारी सदर अमन सिंह नवागत कोतवाली सीतापुर अनूप शुक्ला का उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल की महिला संगठन द्वारा उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट करके स्वागत किया गया । उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल द्वारा सीतापुर की विभिन्न व्यापारिक समस्याएं जिनका पूर्व से लेकर अभी तक निराकरण नहीं किया गया। लंबित शिकायतों से क्षेत्राधिकारी अमन सिंह जी को अवगत कराया गया ,व उनके द्वारा यह आश्वासन दिया गया, कि वह हमेशा व्यापारियों के हितों को लेकर कार्य करेंगे। बैठक में सीतापुर ट्रैफिक इंचार्ज फरीद अहमद उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के मातृशक्ति से मनीला शुक्ला ममता खेतान व उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष सुशील अग्रवाल ,कोषाध्यक्ष गोपाल दारूका, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, महामंत्री अनिल जायसवाल ,मीडिया प्रभारी अंकित अग्रवाल ,नगर युवा अध्यक्ष अक्षत अग्रवाल, नवीन लेखवानी जिला उपाध्यक्ष मनीष मिश्रा मन्नू, जिला उपाध्यक्ष नीरज अग्रवाल, पुराना सीतापुर अध्यक्ष शमीम बेग, कै०न०चौक इकाई अध्यक्ष रामबाबू श्रीवास्तव , शमी अख्तर सहित व्यापारी उपस्तिथ थे!

राजकीय आईटीआई लखनऊ में आज रोजगार मेला का आयोजन

लखनऊः 29 दिसम्बर, 2023 प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि आज 30 दिसम्बर, 2023 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में शिशिक्षु/रोजगार मेले के आयोजन 18 कम्पनियाँ आ रही है। ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट ऑफिसर एम0 ए0 खाँ ने बताया कि शिशिक्षु/रोजगार मेले के माध्यम से 2 हजार से अधिक रिक्तियों में युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किये जायेंगे। 18 से 35 वर्ष वाले तथा हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, आई0टी0आई0, डिप्लोमा, स्नातक पास ही रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। कम्पनियों द्वारा 8 हजार से 25 हजार रुपए प्रति माह एवं अन्य सुविधाएं दी जायेगी। इच्छूक अभ्यर्थी अपने बायोडाटा के साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों को संलग्न करते हुए प्रातः 09 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ परिसर में उपस्थित होकर रोजगार प्राप्त कर सकते है।

विज्ञान फाउंडेशन द्वारा प्रशासनिक विभागों और कार्यरत संगठनों के साथ एक दिवसीय जिला स्तरीय समन्वय बैठक आयोजित किया गया

जनपद श्रावस्ती टी डी एच न्यू दिल्ली के सहयोग से विज्ञान फाउंडेशन द्वारा जेंडर समानता एवं हिंसा की रोकथाम पर संचालित जेन्डर आधारित कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर भिनगा श्रावस्ती में बच्चों एवं महिलाओं के मुद्दों पर प्रशासनिक विभागों और कार्यरत संगठनों के साथ जिला स्तरीय समन्वय बैठक आयोजित किया गया मीटिंग की अध्यक्षता श्री सुबोध कुमार सिंह (जिला प्रोबेशन अधिकारी) जी द्वारा किया गया और उपस्थित समस्त पदाधिकारियों और संगठनों के सदस्यों को बच्चों और महिलाओं के लिए चल रही सरकारी योजनाओं के बारे में बताया गया इसके बाद बैठक में परियोजना समन्वयक श्री अरविंद सिंह द्वारा महिलाओं को जेन्डर आधारित हिंसा और भेदभाव समाज में किस प्रकार से व्याप्त है और इसके क्या-क्या दुष्परिणाम हैं इस पर जानकारी दी गई कार्यक्रम में आगे सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष श्री विश्राम जी द्वारा जेंडर समानता पर विस्तार पूर्वक बताया गया अरविंद जयसवाल क्लस्टर समन्वयक द्वारा उपस्थित सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद देकर बैठक का समापन किया गया बैठक में महिला कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग,एएचटीयू, एसजेपीयू, जेजेबी,सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष विश्राम पासवान,ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान के संस्था प्रमुख ओंकार नाथ चौधरी कार्यक्रम समन्वयक प्रेमबाबू गिरि, यूनिसेफ, एक्शन ऐड और सरनम संस्थान के द्वारा प्रतिभाग किया गया '

धोबोडुंगरी के गलियों में नाली निर्माण कार्य के लिए अपर नगर आयुक्त को मांग पत्र सौंपा गया

अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 29 दिसंबर 2023:झ आदित्यपुर नगर निगम अंतर्गत वार्ड संख्या 26 बनतानगर धोबोडुंगरी के विभिन्न गलियों में नाली निर्माण कार्य शिलान्यास करके विगत 24/ 11/ 2022 से वर्तमान में अब तक नहीं किया गया।इस उपरोक्त संबंध में हमारी जिला कांग्रेस सेवादल कमिटी के उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश राय के नेतृत्व में आज दिनांक 29/12/23 को अपर नगर आयुक्त श्री आलोक दुबे को मांग पत्र सौंपा गया।इस अवसर पर विशेष रुप से जिला अध्यक्ष सह बीस सुत्री सदस्य गौरी शंकर प्रसाद, वरिष्ठ जन दशरथ पौदार, विनोदअवस्थी,अरविंद पौदार,जिला सचिव अर्जुन प्रधान,जिला सचिव आनंद गोराई,सोशल मीडिया प्रभारी अमित कुमार सिंह,विमल कुमार उपस्थित हुए।

हिन्द आईटीआई के विद्यार्थियों ने औद्योगिक क्षेत्रों का किया भ्रमण

अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, जमशेदपुर

जमशेदपुर (झारखंड) 29 दिसंबर 2023:झहिंद आईटीआई इंस्टिट्यूट के

छात्रों ने प्लांट (स्पॉन आयरन कंपनी, पुरुलिया) का दौरा किया। इस दौरान कंपनी के इंजीनियरों ने छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए हिंद आईटीआई के छात्रों को सुरक्षा के साथ पूरे प्लांट का भ्रमण कराया। छात्र इससे बहुत उत्साहित हुए और उन्होंने बड़ी मशीनों, एसिड फाइनल क्षेत्र, नियंत्रण कक्ष, उद्योग क्षेत्र और अन्य प्रकार के उपकरणों के साथ कंपनी का दौरा किया। हिंद आईटीआई के डायरेक्टर डॉ. मोहम्मद ताहिर हुसैनने कहा कि प्लांट का दौरा करने से बच्चों को अनुभव और कंपनी से जुड़ी बारीकियों को करीब से समझने का मौका मिलता है. इस मौके पर हिंद आईटीआई इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर डॉ. मोहम्मद ताहिर हुसैन और हिंद आईटीआई के सभी छात्रों ने कंपनी का धन्यवाद किया।

गौरांग दत्ता ने सामाजिक दान के रूप में कराया पूनम महतो का इलाज, आयुष्मान योजना से हुआ सफल सर्जरी

दैनिक समाज जागरण शेखर सुमन (प्रखंड संवाददाता,ईचागढ़)

सरायकेला : गौरांग दत्ता, एक समाजसेवी, ने सुरताडीह गांव की रहने वाली

पूनम महतो की मदद करते हुए उनके पेट में पथरी के इलाज में सहारा पहुंचाया। पूनम, जो तीन दिनों से गंगा मेमोरियल हॉस्पिटल में भर्ती थी, ने अपने परिजनों के साथ मिलकर आयुष्मान योजना के तहत इलाज करवाया। गौरांग दत्ता ने ट्वीट करके आयुष्मान टीम से मदद मांगी और इस योजना के अंतर्गत पूनम का सफल सर्जरी हुआ। पीड़ित परिजनों ने गौरांग दत्ता की समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।

झारखंड मुक्ति मोर्चा का प्रखंड स्तरीय चुनाव संपन्न : बबलू केसरी बने प्रखंड अध्यक्ष।

दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता

चतरा(झारखंड)29 दिसंबर 2023 :- गुरुवार को इटखोरी प्रखंड क्षेत्र के लोरम मोड़ स्थित गुप्ता होटल में आगामी 2024 चुनाव को देखते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा की एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पंकज प्रजापति ने की वही मंच संचालन सलीम अख्तर ने किया। पर्यवेक्षक सुरेश साव की उपस्थिति में प्रखंड पदाधिकारियों का चयन किया गया। सर्वसम्मति से बबलू केसरी को प्रखंड अध्यक्ष उमेश यादव को प्रखंड सचिव प्रदीप सिंह को प्रखंड उपाध्यक्ष बनाया गया।इस मौके पर जेएमएम प्रत्याशी मनोज चंद्रा,पर्यवेक्षक सुरेश साव,महिला जिला अध्यक्ष वंदनासिंह,आलोक रंजन, चंद्रदेव साव, जिला परिषद प्रतिनिधि भरत साव, मकसूद आलम, संजय गुप्ता, सुधीर साव,राजकुमार रजक,जुगेश्वर दांगी, कृष्णा साव समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

चंदवारा में मिले लापता रिटायर्ड फारेस्टर, परिजनों को मिली राहत

दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी,जिला संवाददाता

चतरा(झारखंड)29 दिसंबर 2023 :- जिले के जतराहीबाग न्यू कॉलोनी से लापता रिटायर्ड फॉरेस्टर युगेश्वर प्रसाद परिजनों को मिल गए हैं। परिजनों ने उन्हें कोडरमा के चंदवारा थाना क्षेत्र से ढूंढ निकाला है। इसके बाद उनकी बेटी अपने साथ अपने घर कोडरमा ले गई है। बताते चले की युगेश्वर प्रसाद घर से टहलने कल सुबह करीब 10 बजे बाहर निकले थे। इसके बाद शारीरिक रूप से अस्वस्थ चल रहे सेवानिवृत्त वनपाल भटक कर किसी अनजान गाड़ी पर बैठकर चंदवारा पहुंच गए। सोशल मीडिया के माध्यम से जब उनके रिश्तेदारों को उनके गुमसुदगी की खबर मिली थी तब तिलैया व आसपास के ईलाकों में उनके रिश्तेदार संदेह के आधार पर उनकी तलाश कर रहे थे। इसी दौरान उनके कुछ रिश्तेदारों को वे चंदवारा रोड में इधर-उधर भटकते मिले। जिसके बाद परिजनों को मामले की जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही युगेश्वर प्रसाद की बड़ी बेटी मौके पर पहुंची और उन्हें अपने साथ उन्हें अपने घर कोडरमा ले गई।

आदित्यपुर-2 में नई पाइप लाइन द्वारा जलापूर्ति की मांग को लेकर प्रशासक से मिले पुरेंद्र

अभय कुमार मिश्रा दैनिक समाज जागरण प्रखंड संवाददाता

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 29 दिसंबर 2023:झआदित्यपुर-2 में नई पाइप लाइन से जलापूर्ति किए जाने की मांग को लेकर आज आदित्यपुर- गम्हरिया विकास समिति का एक प्रतिनिधिमंडल आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में प्रशासक, आदित्यपुर नगर निगम श्री आलोक कुमार (भा0 प्र0 से0) से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा। पुरेंद्र नारायण सिंह ने प्रशासक, आदित्यपुर नगर निगम से कहा कि केंद्र प्रायोजित वाटर सप्लाई स्कीम के लिए कार्य कर रहे जिंदल द्वारा आदित्यपुर-2 में लगभग मेन पाइपलाइन एवं घर- घर सप्लाई लाइन का काम पूरा हो चुका है' साथ ही लगभग सभी घरों में वॉटर मीटर भी लगा दिया गया है। उन्होंने प्रशासक को यह भी बतलाया कि सूचना मिली है कि

जिंदल द्वारा सालडीह बस्ती, मांझी टोला, आर आई टी सोसाइटी, एमआईजी, एल आई जी, जनता रो हाउस इत्यादि क्षेत्रों में नई पाइपलाइन द्वारा वाटर सप्लाई किया जा रहा है। पुरेंद्र नारायण सिंह ने प्रशासक को आदित्यपुर-2 आवासीय कॉलोनी के जल संकट की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए बतलाया कि आदित्यपुर-2 के रोड नंबर- 4 से लेकर 28 तक जलापूर्ति का घोर संकट व्याप्त है' इस क्षेत्र में लोगों के निजी बोरिंग भी ज्यादातर फेल हो चुके हैं' ज्यादातर लोग डीप बोरिंग चापाकल और नगर निगम द्वारा टैंकर से किये जा रहे जलापूर्ति पर निर्भर है।

प्रतिनिधिमंडल के बातों को ध्यान से सुनने के उपरांत प्रशासक आदित्यपुर नगर निगम ने समुचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में पुरेंद्र नारायण सिंह के अलावे कुमार विपिन बिहारी प्रसाद, शिक्षाविद एस डी प्रसाद, राजद प्रदेश सचिव देव प्रकाश, संतोष कुमार यादव, मिथिलेश कुमार झा शामिल थे।

कोयरा (टोला जोजराडीह) ईको विकास समिति एवं ग्राम सभा का संयुक्त बैठक आयोजित

नंदा रजक दैनिक समाज जागरण प्रखण्ड संवाददाता

पटमदा : बोड़ाम प्रखंड के पहाड़पुर पंचायत के ग्राम कोयरा (टोला - जोजराडीह)फुटबॉल मैदान में ईको विकास समिति एवं ग्राम सभा का संयुक्त बैठक किया गया । जिसकी अध्यक्षता कोयरा के ग्राम प्रधान बुचण सिंह जी के द्वारा किया गया। इस बैठक का प्रमुख मुद्दा दलमा में आए हाथियों के प्रकोप से हो रहे खेतों फसल बबार्दी । इस बैठक में ग्रामीणों द्वारा निम्न प्रस्ताव पारित किया गया ।प्रस्ताव संख्या-1 ग्रामीणों द्वारा यह प्रस्ताव दिया गया कि सरकार द्वारा दिया जा रहा मुआवजा दर 130रू० डेसिमल बहुत कम है। इस दर को बढ़ाया जाए। प्रस्ताव संख्या : 2 ग्रामीणों द्वारा यह प्रस्ताव दिया गया ग्राम कोयरा के लोगों का रोजगार का कोई व्यवस्था नहीं है ,तो वन विभाग द्वारा कम से कम वर्ष में 6 माह का रोजगार वन विभाग द्वारा दिया जाए। प्रस्ताव संख्या 3- ग्रामीणों द्वारा यह प्रस्ताव दिया गया कि अभी हाथियों का प्रकोप बहुत है । हर दिन रात भर गांव के प्रकोप उनको भागाने का कार्य करते हैं।

ताकि उनके खेत में हाथी घुसकर फसल बर्बाद ना करे तो जो प्रकोप हाथियों से फसल को बचाने के लिए रात भर कार्य कर रहे हैं उन्हें वन विभाग द्वारा दैनिक भत्ता देने की व्यवस्था किया जाए। प्रस्ताव संख्या 4 : ग्रामीणों द्वारा यह प्रस्ताव दिया गया कि हाथियों का प्रकोप जब तक है तब तक हाथियों से बचाव के लिए फटाका , लाइट ,तेल मसाला की व्यवस्था की जाए। इस बैठक के प्रमुख आकर्षण केंद्र पहाड़पुर पंचायत के मुखिया महोदय अजब सिंह एवं प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि श्रीमान अंगद सिंह से जो सभी ग्रामीणों को हाथियों जब तक है तब तक वह हमेशा ग्रामीणों के साथ खड़े हैं। वन विभाग द्वारा आज के बैठक में दो लाइट 5 लीटर डीजल 7 पैकेट फटाका दिया गया। जिसमें ग्रामीणों को हाथियों के भागने में मदद मिले। इस बैठक में वन विभाग के अधिकारी अंकित कुमार श्रीवास्तव और सीमंत सरदार तथा ग्राम के चरण सिंह, सुदर्शन सिंह सुधीर सिंह उषा रानी सिंह,सुभद्रा सिंह,उर्मिला सिंह, मंगल सिंह आदि मौजूद थे।

उरैली कला मे राष्ट्रीय जनता दल की बैठक संपन्न।

दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता

चतरा(झारखंड) 29 दिसंबर 2023:-जिले के हंटरगंज प्रखंड के उरैली

कला पंचायत में राष्ट्रीय जनता दल की बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता भगवान यादव ने किया। बैठक में बूथ स्तर पर कमेटी बनाने हेतु पंचायत अध्यक्ष का चुनाव किया गया। इस बैठक में सर्व सम्मति से कमिटी विस्तार करने हेतु पंचायत अध्यक्ष के रूप में महेंद्र यादव पंडरी कला को चुना गया। पंचायत के सचेतक का पद सजन यादव को सौपा गया दोनों को मंत्री प्रतिनिधि देवलाल यादव ने माला पहनकर मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया इस बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित होने वाले में अशोक यादव राजद प्रखंड अध्यक्ष शंकर चौधरी, अरविंद चौधरी, भगवान यादव, विपिन यादव ,चमन यादव, जगदीश यादव ,अवधेश यादव ,अखिलेश यादव, योगेश यादव, अशोक यादव ,अर्जुन यादव , समरेश कुमार यादव, विजय कुमार यादव, महेंद्र यादव, सरयू यादव, बिंदु यादव, अनिल यादव, रामदेव यादव, मंगल यादव स्थानीय लोगो ने भाग लिया मंत्री प्रतिनिधि देवलाल यादव ने नव चयनित अध्यक्ष को बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने हेतु कार्यभार सौपा।

मुस्लिम समुदाय कमिटी की सामूहिक बैठक की गई

समाज जागरण सत्येंद्र चौरसिया प्रखंड संवाददाता नौडीहा बाजार

पलामू (झारखंड) 29 दिसंबर 2023:प्तप्रखंड नौडीहा बाजार अंतर्गत स-

रइडीह, शाहपुर, करकटा, नामुदाग पंचायत के मुस्लिम समुदाय के कमिटी की सामूहिक बैठक की गई बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि समाज में जो बुराइयां जैसे नशाखोरी जुआ तास और दहेज प्रथा जो इतनी तेजी से फैल रही उस पर रोक लगाया जाए और यदि लोग नहीं मानेंगे तो कमिटी के तरफ से उन्हें सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा और शादीया में दहेज लेने वाले डी जे बजा बजने वाले लोग के यहां कोई काजी निकाह नहीं पढ़ाएंगे और नहीं कोई शादी में शामिल होंगे इस मौके पर कमिटी के सदर मास्टर फारूक, सिक्योरिटी नौशाद आलम, मास्टर अख्तर हुसैन, हाफिज अलाउद्दीन, हाफिज जन्नत, मास्टर मुमताज, मौलाना शफीक, आफताब ट्रेलर, कयामुद्दीन मिस्त्री,अलाउद्दीन मिस्त्री कासिम मियां रफीक मियां डॉक्टर सद्दाम हकीम अंसारी, डॉक्टर मंजर हकीम, अब्दुल लतीफ खलील मिस्त्री, डॉक्टर केयामुद्दीन, डॉक्टर टी ए राजा, मुमताज बावर्ची, एजाज अंसारी समसुल ड्राइवर, मौलवी सईद सलीम मिस्त्री गुलाम दस्तगीर एवं अन्य मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित हुए ।

इस्लामिया टीम ने 77 रनों से जीत हासिल की।

समाज जागरण बृजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। आरके कॉलेज ऑफ लॉ के द्वारा एसआरके कॉलेज ग्राउंड पर इंटरमीडिएट प्रीमियर लीग क्रिकेट टूनार्मेंट का आज चौथे दिन का मैच इस्लामिया इंटर कॉलेज फिरोजाबाद और किड्स कॉर्नर स्कूल फिरोजाबाद के मध्य खेला गया जिसमें इस्लामिया इंटर कॉलेज की टीम ने पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया पहले बल्लेबाजी करते हुए इस्लामिया इंटर कॉलेज की टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 142 रन बनाए जिसमें उनैज 33, मुजीज ने 29, अर्सलान ने नाबाद 16 रन बनाए किड्स के गेंदबाज अनुराग ,प्रशांत ने दो-दो ,अनीश, ऋषि ने एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी किड्स कॉर्नर स्कूल की टीम ने 18.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 65 रन बनाए बल्लेबाज वरुण ने 12 ऋषि ने 10 रन बनाए इस्लामिया के गेंदबाज अर्सलान ने तीन हमजा ,अराफात ने दो-दो और मुजिश एक विकेट लिया। इस्लामिया ने यह मैच 77 रनों से जीत लिया। मैच का मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देवेंद्र वर्मा के द्वारा मोहम्मद अर्सलान को दिया गया ।मैच की अंपायरिंग विवेक प्रजापति और हर्षित गुप्ता ने की स्कोरिंग अभिषेक सिंह ने की।

बिजली विभाग का लापरवाही से एक बिजली कर्मी की हुई मौत

दैनिक समाज जागरण शेखर सुमन (प्रखंड संवाददाता)

ईचागढ़ - सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव में बिजली का पीलर गाड़ रहे एक बिजली कर्मी का अचानक बिजली आ जाने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सुचना मिलते ही ईचागढ़ पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे व पंचनामा के बाद लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार बिजली बोर्ड की ओर से ठीकेदार सुधांशु कुमार के अंदर में पोल गाड़ने का काम कर रहे ठेका मजदूर देवघर जिला के करों प्रखंड के नागादुरी गांव निवासी 55 वर्षीय राम गुलाम मंडल 11 हजार वोल्टेज की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सड़क किनारे बिजली तारों को ऊंचा करने के लिए नया खंभा गाड़ने का काम हो रहा है। नया बिजली गाड़ने का कार्य रघुनाथपुर गांव में किया जा रहा था, जिसमें ठेका मजदूर लाइनमैन से बिजली कटवाकर पोल गाड़ने का काम कर रहे थे। बिजली खंभा को गाड़ने के दौरान अचानक बिजली विभाग द्वारा बिजली बहाल कर दिया गया। जैसे ही बिजली

आपूर्ति चालू हो गया, वैसे ही बिजली का 11 हजार तार पोल से लगकर टूट गया। बिजली तार की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। वहीं एक दर्जन ठेका मजदूर घायल हो गए। काम कर रहे मजदूर चिंता मनी सिंह ने बताया कि हमलोग बिजली बोर्ड की ओर से ठीकेदार के अंदर में पोल गाड़ने का काम कर रहे थे। बिजली विभाग द्वारा बिजली काट दिया गया था। उन्होंने कहा कि अचानक बिजली आपूर्ति चालू कर दिया, जिससे बिजली तार का चपेट में आने से मौके पर ही राम गुलाम मंडल की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग की लापरवाही से एक की जान चली गई वहीं कई घायल है ।

उन्होंने कहा कि मृतक के परिजनों को समुचित मुआवजा दिया जाए। वहीं घटना की सुचना मिलते ही कनिय अभियंता विद्युत दिलीप कुश-ावाह को उग्र ग्रामीणों ने घेर कर बिजली विभाग की लापरवाही पर गुस्सा का इजहार किया। मौके पर पूर्व मुखिया पंचानन पातर, सलीम अंसारी, लखन महतो,बरूण महतो आदि सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत, लोगों ने ट्रामा सेंटर में की तोड़फोड़

दैनिक समाज जागरण

फिरोजाबाद। थाना दक्षिण क्षेत्र में गुरुवार की रात एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। होमगार्ड शव पोस्टमार्टम को लेकर आया। परिवार के लोग शव सरकारी ट्रामा सेंटर ले गए। वहा साथ आए लोगों ने जमकर हंगामा काटा। होमगार्ड के साथ मारपीट कर दी। अस्पताल में जो सामने आया उसको पीटा। वहां जमकर तोड़फोड़ की। बाद में शव प्राइवेट ट्रामा सेंटर ले गए। वहां भी उन्होंने हंगामा काटा।

थाना लाइन पर के क्षेत्र श्याम नगर निवासी श्याम सिंह 30 वर्ष पुत्र उल्फत सिंह शादी समारोह का काम करता था। और रात को अपने साथियों के साथ होटल पर खाना खाकर लौट रहा था। इस दौरान तेज गति से जा रही मोटरसाइकिल एक मजार की दीवार से टकरा गई।

हादसे की जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंची । पुलिस ने मृतक के शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। बेग में शव लेकर एक होमगार्ड सत्यपाल आटो में साथ में आया। वह शव सरकारी ट्रामा सेंटर ले गए।

लोगो की माने तो शव के साथ कई मोटरसाइकिल पर आए लोगों ने टेंपो से उतरते ही होमगार्ड का डंडा छीन उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। वहां मौजूद लोग कुछ समझ पाए तब तक वह लोग ट्रामा सेंटर के अंदर पहुंच गए। वहां उन्होंने जमकर

हंगामा काटा। ट्रामा सेंटर में जमकर तोड़फोड़ की। हंगामा देख चौकी इंचार्ज तथा ट्रामा में तैनात गार्ड वहां पहुंचे। उन्होंने तोड़फोड़ कर रहे लोगों को रोकने का प्रयास किया। हंगामा कर रहे लोगों ने उनके साथ भी अभद्रता कर दी। हंगामा देख वहा मौजूद चिकित्सक तथा चिकित्साकर्मी भाग खड़े हुए। वहां से वह लोग शव को प्राइवेट ट्रामा सेंटर ले गए। सभी लोग शराब के नशे में बताए गए है। लोगों को देख वहां के स्टाफ ने गेट बंद करने का प्रयास किया। उन लोगों ने वहां पर भी हंगामा काटा। वहां खड़ी एक मोटरसाइकिल पर पत्थर मार कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। हंगामा का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के सामने भी उन लोगों ने हंगामा किया। उनका कहना था वह अपने युवक को दिखाना चाहते थे। घटना की सीएमएस डॉक्टर नवीन कुमार ने थाने में तहरीर दी है। वही सरकारी ट्रामा सेंटर में तैनात कर्मचारियों ने भी थाने में तहरीर दी है। थाना प्रभारी का कहना है तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की तहकीकात की जा रही है।

स्वच्छ भारत अभियान के ब्राण्ड एम्बेसडर सिरसागंज ने दिलाई विद्यार्थियों को स्वच्छ भारत अभियान की शपथ।

दैनिक समाज जागरण

सिरसागंज। नगर पालिका परिषद, सिरसागंज के तत्वाधान में पालिकाध्यक्ष श्रीमती रंजना गुरुदत्त सिंह के निर्देशन में स्वच्छ भारत अभियान के ब्राण्ड एम्बेसडर अश्वनी कुमार जैन ने जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के कार्यालय पर विद्यार्थियों को स्वच्छ भारत अभियान की शपथ दिलाई।

अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को स्वच्छ भारत अभियान की शपथ दिलाते हुए कि मैं स्वंय स्वच्छता के प्रति सजग रहूँगा और उसके लिए समय दूँगा। प्रति वर्ष सौ घण्टे यानी हर सप्ताह दो घण्टे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करूँगा। मैं न गंदगी करूँगा और न किसी को करने दूँगा। सबसे पहले मैं स्वंय से , मेरे परिवार से, मेरे मुहल्ले से, मेरे गाँव से एवं मेरे कार्यस्थल से शुरूआत करूँगा। मैं यह मानता हूँ कि दुनियां के जो भी देश स्वच्छ दिखते हैं, उसका कारण यह है कि वहाँ के नागरिक गन्दगी नहीं करते और न ही होने देते हैं।

इस विचार के साथ मैं गाँव- गाँव और गली-गली स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करूँगा। मुझे मालूम है कि स्वच्छता की तरफ बढ़ाया मेरा एक कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वच्छ भारत अभियान में अधिक से अधिक जनमानस को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही गंदगी से होने वाली बीमारियों की जानकारी प्रदान करने के साथ उन्हें जंक फूड न खाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कु निशा, वर्षा, खुशी, सागर, ईशू कुमार, ललित कुमार, नीरज, शिवांशु कुशवाह, लोकेश यादव, मोहित कुमार, ब्रज मोहन, सोनवीर सिंह, शिवा, अनुज कश्यप आदि उपस्थिति रहे।

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह की उपस्थिति में, भारत सरकार

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह की उपस्थिति में, भारत सरकार, असम सरकार और यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा) के प्रतिनिधियों के बीच आज नई दिल्ली में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के शांतिपूर्ण, समृद्ध और उग्रवाद-मुक्त पूर्वोत्तर और असम में स्थायी शांति और सर्वांगीण विकास के सपने को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के दौरान असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा और केन्द्रीय गृह मंत्रालय और असम सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर श्री अमित शाह ने कहा कि आज असम के लिए एक सुनहरा दिन है जब लंबे समय से हिंसा का दंश झेल रहे नॉर्थईस्ट और असम में शांति स्थापित होने जा रही है। उन्होंने कहा कि 2014 में श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से दिल्ली और नॉर्थईस्ट के बीच की दूरी कम करने के प्रयास हुए और खुले मन से सबके साथ बातचीत की शुरूआत हुई। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में ही उग्रवाद, हिंसा और विवाद-मुक्त नॉर्थईस्ट की परिकल्पना लेकर गृह मंत्रालय ने काम किया। उन्होंने कहा कि पूरे नॉर्थईस्ट में पिछले 5 वर्षों में विभिन्न राज्यों के साथ शांति और सीमा संबंधित 9 समझौते हुए हैं, जिनके कारण आज नॉर्थईस्ट के बड़े हिस्से में शांति की स्थापना हुई है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आज तक 9000 से अधिक कैडर ने सरेंडर किया है और असम के

85 प्रतिशत हिस्से से AFSPA को हटा लिया गया है। उन्होंने कहा कि आज भारत सरकार, असम सरकार और उल्फा के बीच हो रहे त्रिपक्षीय समझौते से पूरे असम के सभी हिंसक गुटों को समाप्त करने में मोदी सरकार को सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि आज हुआ समझौता असम और पूरे नॉर्थईस्ट में शाति के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आज के समझौते के तहत, उल्फा प्रतिनिधियों ने हिंसा का रास्ता छोड़ने, सभी हथियार डालने और अपने सशस्त्र संगठन को खत्म करने पर सहमति व्यक्त की है। इसके अलावा उल्फा अपने सशस्त्र कैडरों के कब्जे वाले सभी शिविरों को खाली करने, कानून द्वारा स्थापित शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होने और देश की अखंडता को बनाए रखने पर भी सहमत हुआ है। श्री अमित शाह ने कहा कि उल्फा संघर्ष में दोनों पक्षों के लगभग 10 हजार लोग मारे गए, जो इस देश के ही नागरिक थे, लेकिन आज इस समस्या का संपूर्ण समाधान हो रहा है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने एक बहुत बड़े पैकेज और असम के विकास के प्रोजेक्ट्स को भी सहमति दी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार समझौते की हर बात पर पूरी तरह अमल करेगी और इस पर खरी उतरेगी। श्री शाह ने कहा कि 2014 में मोदी सरकार आने के बाद असम में हिंसक घटनाओं में 87 प्रतिशत, मृत्यु में 90 प्रतिशत, अपहरण में 84 प्रतिशत और अकेले असम में अब तक 7500 कैडर ने सरेंडर किया है, जिसमें आज 750 और जुड़ जाएंगे। इस प्रकार अकेले असम में में 8200 से अधिक कैडर द्वारा आत्मसमर्पण किया जाना असम के लिए शांति के नए युग का सूत्रपात है।